# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, मंगलवार 9 जून 2026



8 ‘मूल’ की दिक्कत या अस्तित्व का सवाल





मैट्रो
14 हाईवा की टक्कर से कांग्रेस नेता ..


सीएम डॉ. यादव ने कहा- भाजपा अपने तीसरे प्रत्याशी को भी विजय मार्ग पर लेकर चलेगी

# अंक गणित पर टिकी है ‘केवट’ की नैया

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केवट ने कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता और वंचित वर्ग से आने वाले व्यक्ति को राज्यसभा में जाने का अवसर देकर सामाजिक समरसता और समान अवसर के विचार को मजबूत किया

राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने अपने तीसरे उम्मीदवार के रूप में महेश केवट को मैदान में उतारकर राज्यसभा चुनाव को रोचक बना दिया है। सोमवार को महेश ने वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में राज्यसभा सदस्यता के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल समेत पार्टी और सरकार के कई प्रमुख चेहरे उनके साथ मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने से पहले महेश केवट भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने परिसर में स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

राज्यसभा प्रत्याशी केवट ने कहा कि भाजपा ने एक साधारण कार्यकर्ता और वंचित वर्ग से आने वाले व्यक्ति को राज्यसभा में जाने का अवसर देकर सामाजिक समरसता और समान अवसर के विचार को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम जब वनवास गए थे, तब उन्होंने समाज के वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को गले लगाकर उन्हें सम्मान दिया था। उसी तरह भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान पहुंचाने की विचारधारा पर काम करती है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। हाल ही में उन्हें मछुआ कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और अब पार्टी ने उन पर एक और बड़ी जिम्मेदारी का भरोसा जताया है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## महेश केवट ने दाखिल किया नामांकन



सीएम की मौजूदगी में नामांकन दाखिल करते केवट

- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री विजयवर्गीय ने जताई जीत की उम्मीद**
- **नामांकन से पहले केवट ने मंदिर में पूजा कर लिया अशीर्वाद**
- **विजयवर्गीय को उम्मीद बीना विधायक सप्रे भाजपा का साथ देंगी**

### तीसरे प्रत्याशी को जिताने का करेंगे प्रयासः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मुझे पूरा भरोसा है कि भाजपा अपने तीसरे प्रत्याशी को भी विजय मार्ग पर लेकर चलेगी। उन्होंने कहा कि ‘सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास’ हमारी पार्टी कहती नहीं बल्कि करके दिखाती है। ऐसे वर्ग, जिसके लोकसभा-विधानसभा में प्रतिनिधित्व की कमी थी, उसे सीधे उच्च सदन के लिए प्रतिनिधित्व देकर हमारी प्रतिबद्धता दिखाई है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम तीसरी सीट जीतने के लिए पूरी तरह आश्वस्त हैं।

### इसी तरह... देश भर में 62 बार राज्यसभा जीती है भाजपा

**रिसर्च डेस्क ▶▶ भोपाल।** महेश केवट को राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार बनाकर कोई नया काम नहीं किया है। इससे पहले भी भाजपा बीते 10 सालों में 68 बार कम वोट होने के बाद भी अपना उम्मीदवार उतार चुकी है। इसमें से केवल 6 बार असफल रही और 62 बार सफल रही। 2017-2026 तक भाजपा ने इस दांव को खूब चला है। साल 2024 हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने हर्ष महाजन को मैदान में उतारा। चुनाव के दौरान कांग्रेस के 6 विधायकों और 3 निर्दलीय विधायकों ने भाजपा के पक्ष में क्रॉस-वोटिंग कर दी। दोनों उम्मीदवारों को बराबर (34-34) वोट मिले। इसके बाद पर्ची (टॉस/लॉटरी) निकाली गई, जिसमें किस्मत ने भाजपा का साथ दिया और हर्ष महाजन कम वोट होने के बावजूद चुनाव जीत गए। इसी तरह उप्र में 2018 में भाजपा ने संख्या बल से अतिरिक्त 9वां उम्मीदवार उतारा था।

पटवारी व दिग्विजय सहित कांग्रेस नेताओं ने किया मीनाक्षी की जीत का बड़ा दावा

# मीनाक्षी के ‘खेवनहारों’ पर कड़ी निगरानी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मीनाक्षी ने कहा कि खुद को ‘पार्टी विद डिफरेंस’ बताने वाली भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा तीसरा उम्मीदवार घोषित करते ही दिख गया है

राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन ने सोमवार को विधानसभा स्थित रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपने वरिष्ठ नेताओं और अधिकांश विधायकों की मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांतिलाल भूरिया समेत कई वरिष्ठ नेता और विधायक मौजूद रहे। विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीनाक्षी नटराजन ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया। इस दौरान जीतू पटवारी स्वयं विधायकों को रिटर्निंग ऑफिसर के कक्ष तक लेकर पहुंचे।

नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मीनाक्षी नटराजन ने कहा कि यह केवल एक चुनाव नहीं, बल्कि विचारधाराओं की लड़ाई है। उन्होंने कहा, कांग्रेस किसानों, मजदूरों, आदिवासियों और आम लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है।

## मीनाक्षी ने दाखिल किया राज्यसभा के लिए नामांकन



विक्ट्री साइन के साथ नटराजन

- **नामांकन से पहले मीनाक्षी ने गांधी प्रतिमा पर अर्पित की श्रद्धांजलि**
- **हम सभी एकजुट होकर यह चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे**
- **कांग्रेस ने लगाया भाजपा पर खरीद-फरोख्त की राजनीति करने का आरोप**

### कांग्रेस के पास जीत के लिए पर्याप्त वोट

मध्यप्रदेश की कुल 230 सदस्यीय विधानसभा में प्रभावी वोटों की संख्या 228 है। इसमें भाजपा के 164 और कांग्रेस के 64 विधायक हैं। बीना से विधायक निर्मला सप्रे के मतदान को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने और उनका झुकाव भाजपा की तरफ होने तथा विजयपुर से विधायक मुकेश मल्होत्रा के मतदान पर लगी रोक जैसी तकनीकी वजहों से कांग्रेस का प्रभावी आंकड़ा 62 पर सिमट गया है।

### भाजपा को 10 अतिरिक्त वोटों की जरूरत

राज्यसभा की तीन सीटों पर प्रत्येक उम्मीदवार को जीत के लिए 58 वोटों की जरूरत है। इस हिसाब से दो सीटें जीतने के लिए भाजपा को 116 वोट की जरूरत है। कुल 164 में से 116 वोट देने के बाद भाजपा के पास 48 वोट बचेंगे। तीसरी सीट जीतने के लिए उसे 58 वोट चाहिए यानी भाजपा को 10 अतिरिक्त वोटों की जरूरत है।


inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


### स्ट्रेचर मामलाः 2 बर्खास्त डॉक्टर-नर्सों पर जुर्माना

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बीच भीषण गर्मी में एक बीमार बच्चे को स्ट्रेचर पर ले जाते उसके माता-पिता का वीडियो वायरल होने के बाद एमजीएम मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बड़ी कार्रवाई की है। सिक्योरिटी इंचार्ज और



हेल्प डेस्क इंचार्ज की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। वहीं न्यूरो विभाग से जुड़े डॉ. अनुराग श्रीवास्तव का सात दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि ड्यूटी में मुस्तैद न रहने पर तीन नर्सों के एक-एक दिन के वेतन में भी कटौती की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने आउटसोर्स एजेंसी बीवीजी कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए उसे ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा शासन को भेजी है।

हर महीने 1 हजार से लेकर 4 हजार रुपए तक मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

# मोहन सरकार ने करीब डेढ़ लाख संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वित्त विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग की 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के आधार पर यह आदेश जारी किया

मप्र सरकार ने करीब डेढ़ लाख संविदा कर्मियों को वेतन बढ़ोतरी का तोहफा दिया है। उनके वेतन में 4.46 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी गई है। यानी चपरासी से लेकर मैनेजर तक के वेतन में एक हजार रुपए से लेकर करीब 4 हजार रुपए तक की बढ़ोतरी हो जाएगी। इसमें सभी विभागों में कार्यरत संविदा कर्मी शामिल हैं। मप्र में करीब ढ़ाई लाख संविदा कर्मी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, किंतु इनमें से ड़ढ लाख को ही वेतन बढ़ोतरी का लाभ मिल सकेगा।

वित्त विभाग ने सोमवार को संविदा कर्मियों के वेतन बढ़ोतरी का आदेश जारी किए हैं। एक अप्रैल 2026 से उनके पारिश्रमिक में 4.46 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लागू होगी। संविदा अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में बढ़ोतरी का लाभ कर्मचारियों को मिलेगा। इसके लिए संघ लगातार मांग कर रहा था। वित्त विभाग ने सामान्य प्रशासन विभाग की 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के आधार पर यह आदेश जारी किया है। नीति के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर हर साल संविदा कर्मचारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि की जाती है।

## एक अप्रैल 2026 से मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन



- **मप्र में करीब ढ़ाई लाख संविदा कर्मी विभिन्न विभागों में कार्यरत**
- **सबसे अधिक बढ़ोतरी बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को**

### पिछले साल यह दर 2.94 प्रतिशत थी

पिछले साल यह वार्षिक वृद्धि दर 2.94 प्रतिशत थी। सबसे अधिक बढ़ोतरी बिजली विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगी। जबकि जुलाई 2023 की संविदा नीति से पहले अलग-अलग विभागों में समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को अलग-अलग वेतन मिलता था। नई नीति में समकक्ष पदों का वेतनमान एक समान कर दिया गया।

### जिन विभागों में नीति लागू नहीं, वहां भी लाभ मिले

संविदा अधिकारी-कर्मचारी संघ ने मांग की है कि जिन विभागों में अभी तक 2023 की संविदा नीति लागू नहीं हुई है, वहां भी कर्मचारियों को इस वृद्धि का लाभ दिया जाए।

### किस कर्मचारी का कितना वेतन बढ़ेगा?

- लिपिकः 1220
- वाहन चालक 1220
- डाटा एंट्री ऑपरेटर : 1470
- सहायक वार्डन 1600
- लेखापाल :1600
- स्टेनो ग्राफर 1800
- एमआईएस कॉर्डिनेटरः 2100
- एपीसी जेंडर 2100
- ड्राफ्ट्समैन 2100
- उपयंत्रीः 2100
- बीआरसीः 2100
- प्रोग्रामरः 2700
- सहायक यंत्री 2700 रुपए



## सुपरवाइजर को हटाया, जांच जारी

महाकाल मंदिर की सुरक्षा में बड़ी चूक

# ‘पुष्पा’ लुक में घूमता रहा युवक सुरक्षाकर्मियों ने खिंचवाई सेल्फी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और नियमों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फिल्म ‘पुष्पा’ में अभिनेता अल्लू अर्जुन के विशेष लुक की तर्ज पर साड़ी-ब्लाउज, नथनी, पायल और नींबू की माला पहनकर एक युवक मंदिर परिसर के भीतर तक प्रवेश कर गया। हैरानी की बात यह रही कि जिन सुरक्षाकर्मियों पर नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने युवक को रोकने के बजाए उसके साथ सेल्फी ली और रील (वीडियो) बनवाने में सहयोग किया। यह पूरी घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है।






प्री-मानसून : इस सप्ताह के अंत से फिर आएगी तेजी, मानसून की रफ्तार बरकरार

# पूर्वी प्रदेश में बारिश औसत से 55% कम पश्चिमी हिस्से में 86 फीसदी अधिक बारिश

औसत अधिकतम पारा 40 डिग्री रहा, अभी और बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में सोमवार को लगातार तीसरे दिन अधिकतम पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ गया। इससे गर्मी और उमस बढ़ी है। इस बीच एक जून से सोमवार तक प्रदेश में औसत बारिश के आंकड़े अभी काफी अंतर पर दर्ज हुए हैं। जिन इलाकों में बारिश के आंकड़े बेहतर हैं, उन क्षेत्रों में किसानों को राहत मिलना शुरू हो गई है, जबकि पूर्वी मप्र के अधिकांश हिस्सों में अभी बारिश कम हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार एक जून से अब तक प्रदेश में दीर्घावधि औसत से 24 प्रतिशत अधिक बारिश हो गई है। पूर्वी मप्र में औसत से 55 प्रतिशत कम और पश्चिमी मप्र में औसत से 86 फीसदी अधिक बारिश हुई है।



भोपाल के छह नंबर स्टाप का दृश्य

- **भोपाल सहित अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री की बढ़ोतरी**

### इन पांच जिलों में सबसे अधिक बारिश

| जिला | बारिश दर्ज | सामान्य बारिश |
|---|---|---|
| नीमच | 61.7 | 9 |
| शाजापुर | 50.1 | 11.7 |
| भोपाल | 49.8 | 10.5 |
| आगर मालवा | 43.2 | 6.4 |
| सीहोर | 42.7 | 13.1 मिमी |

यह सभी जिले पश्चिमी मप्र के हैं

### आज यहां आंधी बारिश का अलर्ट

मंगलवार तक भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, देवास, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट है।

केरल देश का सबसे ज्यादा संक्रामक रोगों से प्रभावित राज्य बन रहा

# लेप्टोस्पायरोसिस, ब्रेन-ईटिंग अमीबा, हेपेटाइटिस-ए इंफेक्शन और निपाह के बाद राज्य में शिगेला संक्रमण का खतरा बढ़ा, बच्चे की मौत

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल बीते कुछ वर्षों में देश का सबसे ज्यादा संक्रामक रोगों से प्रभावित राज्य रहा है, ये कहना अब गलत नहीं है।



लेप्टोस्पायरोसिस रोग या फिर ब्रेन-ईटिंग अमीबा संक्रमण का खतरा, हेपेटाइटिस-ए इंफेक्शन हों या निपाह के मामले, ये सभी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लगातार चिंता बढ़ाते रहे हैं। अब केरल में एक नई मुसीबत सिर उठाती दिख रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक केरल में शिगेला संक्रमण का खतरा देखा जा रहा है, इससे संक्रमित एक 4 वर्षीय बच्चे की मौत भी हो गई है। अब तक शिगेला संक्रमण के 126 मामले सामने आए हैं।

**126 लोगों के संक्रमित होने से फैली दहशत**



### छोटे बच्चों में इसका संक्रमण ज्यादा खतरनाक

केरल के स्वास्थ्य अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस संक्रमण के शिकार 3 बच्चों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो बच्चे तो ठीक हो गए, लेकिन एक बच्चे की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। गौरतलब है कि इस साल की शुरुआत में भी केरल में शिगेला के कई मामले सामने आए थे, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि छोटे बच्चों में इस संक्रमण से गंभीर जटिलताओं का खतरा सबसे ज्यादा होता है, ऐसे में सभी माता-पिता को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

### निगरानी और बचाव के उपाय तेज किए

स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने बताया कि राज्य में शिगेला संक्रमण के अब तक 126 मामले सामने आए हैं, स्वास्थ्य अधिकारियों ने निगरानी और बचाव के उपाय तेज कर दिए हैं। शिगेला संक्रमण की पुष्टि होने के बाद तीन बच्चों को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से दो बच्चे ठीक होकर घर चले गए, लेकिन थलाकुलथुर की रहने वाली नीला की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

### लोगों को सलाह दी

स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि वे केवल उबला हुआ और ठंडा पानी ही पिएं, साफ-सफाई का ध्यान रखें और दूषित स्रोतों का पानी न पिएं।

स्वास्थ्य अधिकारी वायनाड जैसे दूसरे हिस्सों में भी छात्रों में पेट की बीमारी की जांच कर रहे हैं। सुल्तान बथेरी इलाके के शिक्षण संस्थानों के 164 छात्रों में उल्टी और दस्त जैसे लक्षण देखे गए हैं। हालांकि ये शिगेला के कारण हैं या नहीं इसकी पुष्टि होनी बाकी है।

### देश में जूनोटिक बीमारियों का जोखिम तेजी से बढ़ रहा

शिगेला के मामलों ने एक बार फिर से कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर ये बीमारी क्या है और कैसे ये जानलेवा रूप ले लेती है। सबसे बड़ा सवाल ये रहा है कि केरल में संक्रामक रोगों के मामले इतने क्यों देखे जाते हैं? कई अध्ययन इस बात को लेकर लोगों को सावधान करते रहे हैं कि भारत में जूनोटिक बीमारियों का जोखिम तेजी से बढ़ता जा रहा है। दक्षिण भारत इन रोगों से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, क्योंकि यहां जंगलों और इंसानी बस्तियों का सीधा संपर्क है और मानसून के कारण मच्छर तथा अन्य वाहक तेजी से फैलते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वनों की कटाई और शहरीकरण के चलते इन बीमारियों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। जब जंगल काटे जाते हैं, तो जंगली जानवर इंसानों के करीब आ जाते हैं और उनके शरीर में मौजूद वायरस हमारे शरीर तक पहुंच जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में सीबीआई जांच की खुली छूट मिली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में सीबीआई को जांच करने की पूरी छूट देने का बड़ा फैसला किया है।



अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टैब्लिशमेंट (डीएसपीई) एक्ट, 1946 के तहत सीबीआई को राज्य में केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की जांच को अनुमति दी है।

### ऋतब्रत को नेता प्रतिपक्ष बनाने को चुनौती दी

**कोलकाता।** बंगाल की राजनीति में उथल-पुथल के बीच टीएमसी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंची है।



पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष रथींद्रनाथ बोस के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें ऋतब्रत बेनर्जी को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दी है। इस पर 11 जून को सुनवाई होगी।

### सीएम विजय की आलोचना पर यूट्यूबर गिरफ्तार

**चेन्नई।** लोकप्रिय यूट्यूबर मारिदास को सोमवार को चेन्नई साइबर क्राइम पुलिस ने मदुरई स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।



उन पर आरोप है कि उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय और उनकी टीवीके सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार मानहानिकारक टिप्पणियां प्रसारित कीं। सरकार की आलोचना कर रहे थे।

### खान सर की जमानत पर आज होगा फैसला

**पटना।** दो कोचिंग के संचालकों के बीच का विवाद अब कोर्ट तक पहुंच गया है। फायरिंग मामले में



शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर और उनके अंगरक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उनके वकील कोर्ट पहुंचे। वकील ने जमानत की याचिका दायर की। कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होगी।

इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद कांग्रेस ने राजनीतिक संदेश दिया

# आगामी समय में सरकार को संसद से लेकर सड़क तक घेरेंगे, 5 बड़े मुद्दों पर बनी सहमति

## मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे और जनता के मुद्दों को लगातार उठाया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में इंडिया बगठबंधन की मैराथन बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। खरगे ने कहा कि सभी दलों ने अपनी राय रखी। बैठक के बाद खरगे ने कहा कि विपक्षी दल अब और मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे और जनता के मुद्दों को लगातार उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन 5 बड़े मुद्दों पर एकमत हुआ है और आगामी समय में सरकार को संसद से लेकर सड़क तक घेरने की तैयारी की जाएगी। खरगे ने नीट पेपर लीक मामले को युवाओं के भविष्य के साथ धोखा बताया। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियां लाखों छात्रों की मेहनत और उम्मीदों को बर्बाद कर रही हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार परीक्षा व्यवस्था संभालने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन मानसून सत्र में भी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगा और छात्रों के साथ न्याय की मांग करेगा।



बैठक में इंडिया गठबंधन में शामिल दल

### इन मुद्दों पर सारा विपक्ष एकजुट दिखा

2024 के लोकसभा चुनावों के बाद सोमवार को पहली बार दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंडी गठबंधन की बैठक हुई। इस बैठक में सभी ने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। सभी ने अपनी राय रखी। हम 5 मुद्दों पर सहमत हुए।

### 2029 की लड़ाई की तैयारी शुरू

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इंडिया ब्लॉक अब सिर्फ संसद तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि 2029 लोकसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू कर चुका है। विपक्षी दल लगातार मुद्दों पर बात कर रहे हैं।

### इन मुद्दों पर एकमत दिखे

- खरगे ने बताया कि एसआईआर , वोट की लूट और चुनाव में धांधली के बारे में भारत के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने पर सहमति बनी है। यह पत्र जल्द ही भारत के मुख्य न्यायाधीश को सौंपा जाएगा।
- कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि शिक्षा मंत्री के तुरंत इस्तीफे की मांग पर सर्वसम्मति से सहमति बनी, क्योंकि उनकी देखरेख में नीट औरसीबीएसई परीक्षाओं में शामिल होने वाले लाखों युवाओं के साथ धोखा हुआ।
- खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार को मौजूदा नाजुक आर्थिक स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों के मुद्दों और लोगों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।
- कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि सभी पार्टियां हर दो महीने में बैठक करेंगी। संसद के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष के नेता के कार्यालय में हर सुबह बैठकें करके संसद में तालमेल बनाए रखा जाएगा।
- विपक्षी गठबंधन की यह बैठक 4राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद हुई है। यह बैठक ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के अनुरोध पर बुलाई गई थी, जो पश्चिम बंगाल में 15 साल तक सत्ता में रहने के बाद हार गई थी और अब उन्हें पार्टी के भीतर असंतोष का सामना करना पड़ रहा है।

## अन्य दलों ने भी सरकार और पार्टियों पर साधा निशाना

### ममता-केजरीवाल के कारण टूटा गठबंधनः झा

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने गठबंधन के कमजोर होने के लिए अरविंद केजरीवाल और ममता बेनर्जी को जिम्मेदार ठहराने के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। आप ने इस टिप्पणी पर कड़ा पलटवार किया है।

### जदयू अपनी पार्टी पर ध्यान देः भारती

आप नेता सोमनाथ भारती ने कहा कि सझा को विपक्षी दलों की राजनीति पर टिप्पणी करने के बजाय अपनी पार्टी की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। जदयू के भविष्य पर सोचे।

### भाईचारे को मजबूत करना जरूरीः यादव

बैठक से पहले सपाप्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन विधानसभा चुनावों पर भी नजर रखे हुए है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए भाईचारे को मजबूत करना जरूरी है।

### एसआईआर से भाजपा जीतीः ममता

ममता बेनर्जी ने बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप लगाया कि एसआईआर से भाजपा को फायदा हुआ। चुनाव आयोग ने भाजपा को चुनाव जिताने में मदद की।

सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# शादी से पहले 'शारीरिक संबंध' सामान्य बात, कोई अपराध नहीं

भर्ती उम्मीदवार की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि शादी से पहले सहमति से बने 'शारीरिक संबंध' किसी के कैरेक्टर पर काला धब्बा नहीं हो सकते। ये रिलेशन खराब नैतिक चरित्र का सर्टिफिकेट नहीं माना जा सकता है। जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने तेलंगाना पुलिस कांस्टेबल भर्ती से जुड़े एक मामले में उम्मीदवार गजुला तिरुपति के पक्ष में फैसला सुनाते हुए ये बड़ा बयान दिया है। मामले के अनुसार उम्मीदवार का चयन पुलिस कांस्टेबल पद के लिए हुआ था, लेकिन बाद में उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। सलेक्शन बोर्ड ने पाया था कि वह पहले एक क्रिमिनल केस आरोपी रह चुका है। आरोप था कि उसने अपनी पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से शादी का वादा कर कई सालों तक संबंध बनाए, लेकिन बाद में किसी दूसरी लड़की से शादी कर ली। यह मामला साल 2015 में लोक अदालत में समझौते के माध्यम से समाप्त हो गया था।

### भर्ती बोर्ड की मानसिकता पर उठाया सवाल

उम्मीदवार ने भर्ती प्रक्रिया के दौरान इस आपराधिक मामले की जानकारी स्वयं अपने सत्यापन फॉर्म में दी थी। उस पर कोई तथ्य छिपाने का आरोप नहीं था। इसके बावजूद भर्ती बोर्ड ने उसे 'नैतिक अधमता' से जुड़े अपराध में शामिल मानते हुए पुलिस सेवा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नियोक्ता किसी उम्मीदवार की उपयुक्तता का आकलन कर सकते हैं, लेकिन उनका निर्णय मनमाना नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने पाया कि इस मामले में भर्ती बोर्ड ने यह मान लिया था कि लोक अदालत में हुआ समझौता अपराध स्वीकार करने के बराबर है, जबकि इसके समर्थन में कोई आधार नहीं था।

### ऐसा कोई कानून नहीं जो...

कोर्ट ने कहा कि आज शादी से पहले शारीरिक संबंध सामान्य बात है। सिर्फ इस आधार पर किसी व्यक्ति के कैरेक्टर पर नेगेटिव कमेंट नहीं किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि आज के समय में ऐसे विवाह-पूर्व संबंध सामान्य हैं। दो अविवाहित वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना शारीरिक संबंध किसी व्यक्ति के चरित्र के बारे में धारणा बनाने का आधार नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई कानून नहीं है जो दो सहमत अविवाहित वयस्कों को अपनी पसंद का संबंध रखने से रोकता हो।

ईसी ने दिए नए निर्देश

# बीएलओ अब मतदाता सूची में विदेशी घुसपैठियों पर भी नजर रखें

एजेंसी ▶▶ नी दिल्ली

वोटर लिस्ट की जांच के दौरान अब संदिग्ध विदेशी घुसपैठियों की पहचान भी की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अफसरों (बीएएलओ) को इसके कड़े निर्देश दिए हैं। घर-घर जाकर सर्वे करने के दौरान अगर कोई संदिग्ध विदेशी निवासी मिलता है, तो उसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। आयोग का कहना है कि यह कदम मतदाता सूची को ज्यादा सटीक और अपडेट रखने के लिए उठाया गया है। संदिग्ध विदेशी

वोटर लिस्ट की सूक्ष्मता से करें पड़ताल



नागरिकों से जुड़े इन मामलों को नागरिकता अधिनियम के तहत करें। मतदाता सूची के एसआईआर के बीच जमीनी स्तर पर वेरिफिकेशन करने की जिम्मेदारी बीएलओ को सौंपी गई है। इस पूरी प्रक्रिया पर स्वतंत्र रूप से विचार करने के लिए अधिकृत अधिकारियों को जरूरी अधिकार भी दे दिए गए हैं।


दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

# जज को 'मर्डरर' कहने वाले वीडियो व पोस्ट तुरंत हटाओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को एक सुनवाई में उन सभी वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है, जिनमें एक वरिष्ठ हाईकोर्ट जज को साकेत में इमारत ढहने की घटना का जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें मर्डरर कहा गया था। कोर्ट की अवकाश खंडपीठ ने (न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति मधु जैन) ने कहा कि ऐसे आपत्तिजनक कंटेंट न केवल न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं,न्याय व्यवस्था में विश्वास

अवमानना का मुकदमा चलेगा



को भी कमजोर करते हैं। बेंच ने संकेत दिया वह संबंधित खातों को ब्लॉक करने के आदेश पर भी विचार कर सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे कंटेंट के खिलाफ सक्रिय रूप से कार्रवाई करनी चाहिए। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा सोशल मीडिया इतना शक्तिशाली कैसे हो गया? क्या हम इन पर जिम्मेदारी नहीं डाल सकते?

जयपुर विकास प्राधिकरण ने नोटिस के बाद कार्रवाई की

# 45 साल पुरानी नूरानी मस्जिद, 2 मंदिरों और सत्संग भवन को किया जमींदोज

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने नूरानी मस्जिद को जमींदोज कर दिया गया है। 45 साल पुरानी इस मस्जिद को गिराने से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। इसके लिए प्रशासन ने 3000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया। इस पूरे इलाके में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। ये 1981 में बनी है। मालवीय नगर स्थित नूरानी मस्जिद को अवैध निर्माण बताकर जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने नोटिस जारी किया था. बताया जा रहा है कि जहां ये मस्जिद है, वहां सड़क चौड़ी की जा रही है। मस्जिद को हटाए बिना ये संभव नहीं है। मस्जिद के साथ-साथ एक मजार, दो छोटे मंदिर और एक सत्संग भवन को भी हटाया गया है।

## 3000 पुलिसकर्मी रहे तैनात, इंटरनेट किया बंद

### पूरे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति

नूरानी मस्जिद को गिराने का नोटिस जब से जेडीए ने दिया, तब से पूरे इलाके में तनावपूर्ण स्थिति है। मस्जिद कमेटी का दावा है



कि नोटिस शुक्रवार रात को दिया गया और उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिला। कमेटी के अनुसार मस्जिद वर्ष 1981 में करीब 391 वर्ग गज भूमि पर बनाई गई थी और पिछले 45 सालों से यहां नियमित रूप से पांचों वक्त नमाज अदा की जा रही है, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होते हैं. ऐसे में पुलिस अलर्ट मोड में है। नूरानी मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन से पहले पूरे इलाके में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

कॉकरोच जनता पार्टी के बाद अब 'इश्क करो पार्टी' लॉन्च

# ईमेल आईडी किया शेयर, अभियान से जुड़ने की लोगों से अपील भी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इन दिनों कॉकरोच जनता पार्टी की खूब चर्चा चल रही है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज मार्कण्डेय काटजू ने इश्क करो पार्टी की शुरुआत करने का ऐलान किया है। वे इसके संरक्षक हैं। उन्होंने सदस्यता अभियान भी शुरू कर दिया है। पूर्व जज ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर इस मुहिम से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने लिखा-जो भी लोग इससे जुड़ना चाहते हैं, वे इसकी ऑफिशियल ईमेल आईडी पर संपर्क कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज ने किया ऐलान जो लोग जुड़ना चाह रहे संपर्क करें

### देश की समस्याओं से निपटने का एक बड़ा प्रयास



मार्कण्डेय ने बताया कि यह देश की गंभीर समस्याओं से निपटने का एक बड़ा प्रयास है। देश में फैली गरीबी, बेरोजगारी, बच्चों में कुपोषण, महंगी शिक्षा, खराब स्वास्थ्य सेवाएं और महंगाई जैसी समस्याओं को बिना जनता की एकता के दूर नहीं किया जा सकता। आज हमारा समाज जाति और धर्म के नाम पर बंटा हुआ है। राजनेता वोट बैंक के लिए इस नफरत को बढ़ावा देते हैं।

### दीपके की मांग को मूर्खता बताया

काटजू ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के फाउंडर अभिजीत दीपके पर भी तंज कसा। काटजू ने कहा कि दीपके के मूर्ख होने का प्रमाण इस बात से स्पष्ट है कि उनकी प्रमुख मांगों में से एक भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा है। लेकिन इस्तीफा के बाद दूसरा मंत्री नियुक्त हो जाएगा। इससे क्या फर्क पड़ेगा?

'राम मंदिर में करोड़ों का चढ़ावा गायब होने का दावा' से बढ़ी सरगर्मी

# ट्रस्ट और एसबीआई कर रहे ऑडिट, कोई दिक्कत नहीं

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित विश्व प्रसिद्ध राम मंदिर में करोड़ों का चढ़ावा गायब होने का दावा



किया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ये गंभीर आरोप लगाते हुए अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग की है। यादव ने जैसे ही एक्स पर ये आरोप लगाए राजनीति गरम हो गई है। अयोध्या के संतों से लेकर कई राजनेताओं ने यादव पर पलटवार किया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने वीडियो संदेश जारी कर यादव के आरोपों को गलत करा दिया है।

## चंपत राय ने अखिलेश को दिया दो टूक जवाब

### अखिलेश के आरोप सरासर गलत : महंत दिनेंद्र दास

संत-महात्मा ने भी यादव को घेरा


ट्रस्टी चंपत राय और सपा प्रमुख अखिलेश

ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास महाराज ने भी अखिलेश के आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट में हर फैसला मिलकर लिया जाता है और उसे लिखित रूप में दर्ज किया जाता है। सभी लेन-देन का हिसाब-किताब बहुत सावधानी से रखा जाता है और सब कुछ सही, पारदर्शी है।

### गलत काम करने वालों को भगवान स्वयं सजा देंगे

दिनेंद्र दास ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने कोई गलत काम किया होगा तो उसे भगवान राम स्वयं सजा देंगे। अगर किसी को किसी प्रकार की शंका है तो जांच कराने में आपत्ति नहीं है। शासन और प्रशासन जो भी निर्णय करेगा, वह उन्हें स्वीकार होगा।

### यादव द्वार तक नहीं पहुंचे पर चिंता कर रहेः सुभासपा

भाजपा की सहयोगी दल सुभासपा ने भी अखिलेश के आरोपों पर पलटवार किया है। प्रवक्ता पीयूष मिश्रा ने कहा कि अखिलेश यादव को राम मंदिर के चढ़ावा गायब होने पर आपको अचानक इतनी चिंता हो रही है, जबकि आज तक आप राम मंदिर के द्वार तक नहीं पहुंचे हैं। उनके पिता मुलायम सिंह यादव ने निहत्थे कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं, अखिलेश गुली उठा रहा है। जिनके दिल में राम नहीं बसते, वे मंदिर की चिंता नहीं करते।

**जबलपुर**
मंगलवार 9 जून 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -9
वर्ष : 21, अंक : 40
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 35
न्यून.24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## रिजल्ट न आने से बीटेक में एडमिशन अटका

# सीबीएसई 12वीं का 'रिजल्ट' रोका, सुप्रीम कोर्ट ने बोर्ड को भेजा नोटिस



**अगली सुनवाई 12 जून को होगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सऊदी अरब में रहने वाले कक्षा 12वीं के एक छात्र की याचिका पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और उसके दुबई स्थित क्षेत्रीय अधिकारी को नोटिस जारी किया है। छात्र ने अपना परिणाम घोषित करने की मांग की है, जिसे बोर्ड ने रोक रखा है। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ इस मामले की अगली सुनवाई 12 जून को करेगी।

### नियमों के कारण दिखा रोल नंबर नोट फाउंड

कक्षा 12वीं के रिजल्ट के बाद री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर रोल नंबर नोट फाउंड और तकनीकी दिक्कतों की शिकायतों पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने स्थिति साफ कर दी है। सीबीएसई के अनुसार यह कोई तकनीकी खराबी नहीं थी। री-इवैल्यूएशन और वैरिफिकेशन के अगले चरण के लिए केवल वही छात्र पात्र थे।

## खेती-किसानी पर 5 दिन तक मंथन इंदौर की संस्कृति और 'ब्रिक्स वाटिका' से दिया जाएगा हरित संदेश

# इंदौर में आज से जुटेंगे ब्रिक्स और सहयोगी 20 देशों के कृषि मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज:भोपाल।** मप्र के इंदौर में 9 से 13 जून तक ब्रिक्स देशों के कृषि कार्य समूह और सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठकें होने जा रही है। इन बैठकों में खाद्य सुरक्षा, सतत कृषि, छोटे किसानों के सशक्तिकरण और कृषि नवाचार जैसे वैश्विक मुद्दों पर ठोस दिशा तय करेगा। ब्रिक्स आज की स्थिति में 11 सदस्य देशों व 10 साझेदार देशों के साथ यह विश्व के सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक है। भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है।



शिवराज सिंह चौहान

### छोटे किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण पर फोकस, विशेष सत्र भी होगा

### भविष्य के सहयोग और साझा रणनीति पर ब्रिक्स देशों का संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया जाएगा




कार्यक्रम के चलते इंदौर की दीवारों को इस तरह सजाया गया

### दुनिया का 42% खाद्य उत्पादन इन्हीं ब्रिक्स देशों के पास

इसी क्रम में इंदौर शहर में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित होने जा रही है। इसे लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्रिक्स के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा पत्रकारों से साझा की। उन्होंने बताया कि वैश्विक दृष्टिकोण से यह समूह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया की लगभग 42 % कृषि भूमि, 68 % कृषि जोतें और करीब 42 % खाद्य उत्पादन इन्हीं ब्रिक्स देशों के पास है। उन्होंने बताया कि भारत पहले भी तीन सम्मेलनों की अध्यक्षता कर चुका है।

### जलवायु परिवर्तन कृषि के लिए गंभीर चुनौती

भारत की अध्यक्षता के दौरान 2016 में स्थापित ब्रिक्स एग्रीकल्चरल रिसर्च प्लेटफॉर्म का उल्लेख करते हुए चौहान ने कहा कि यह मंच आज अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी साझेदारी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। भारत की अध्यक्षता में अब तक कृषि कार्य समूह की आठ बैठकों का आयोजन किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप


### कंटेनर ने कुचला मां और बेटे के सिर, मौत

**डबरा।** डबरा-ग्वालियर हाईवे पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। कंटेनर का पहिया उनके सिर के ऊपर से गुजर गया। वहीं कंटेनर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतक दतिया के बड़ौनी निवासी राकेश नामदेव और उनकी मां भगवती नामदेव थीं। राकेश अपनी मां को इलाज के लिए ग्वालियर ले जा रहे थे।




### कॉकरोच जनता पार्टी देशभर में प्रदर्शन करेगी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने देशभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा- अगर 13 जून तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तो मैं खुद अलग-अलग राज्यों और शहरों में प्रदर्शन के लिए जाऊंगा। अगर इसके बाद भी शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया तो देशभर के छात्र फिर से दिल्ली जाएंगे और शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे।



### जाम छलकाता दिखा 10 साल का बच्चा

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के कोटेश्वर गांव में महज 10 साल के मासूम बच्चे खुलेआम शराब का जाम छलकाते और एक-दूसरे को परोसते नजर आ रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। मामले की गंभीरता को लेकर एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे का कहना है कि वीडियो की जांच कराई जा रही है। वीडियो में दिख रहे अन्य लोगों और जगह की पहचान की जा रही है।



## तृणमूल पत्ती-पत्ती : 58 विधायकों के बाद अब टीएमसी सांसदों ने भी बनाया अलग गुट

# 20 लोकसभा सांसदों ने 'एनडीए' को समर्थन के लिए स्पीकर को लिखा पत्र

### जिस समय ममता 'इंडिया' ब्लॉक की बैठक में थे, ठीक उसी समय टीएमसी के 12 बागी सांसद भाजपा के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव के आवास पर एक गुप्त बैठक कर रहे थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा में बड़ी टूट के बाद अब अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को देश की राजधानी दिल्ली में भी एक बड़ा झटका लगा है। लोकसभा में पार्टी की चीफ व्हिप और सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने दावा किया है कि टीएमसी के 20 लोकसभा सांसदों ने एक अलग गुट बना लिया है। इस गुट ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र सौंपकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने की इच्छा जताई है। वर्तमान लोकसभा में टीएमसी के कुल 28 सांसद हैं, जिनमें से 20 ने बगावत का बिगुल फूंक दिया है। राज्यसभा में पार्टी के 12 सांसद हैं। राज्यसभा के सबसे वरिष्ठ सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने सोमवार को संसद और पार्टी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले बंगाल विधानसभा में टीएमसी के 80 में से 58 विधायकों ने आलाकमान के फैसले को दरकिनार करते हुए ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुन लिया था, जिन्हें विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में स्वीकार भी कर लिया है।

**कोलकाता से लेकर दिल्ली तक फैली टीएमसी में विद्रोह की आग**



भाजपा के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव के घर बैठे टीएमसी के बागी सांसद

*टीएमसी के लोकसभा में 28 सांसद, राज्यसभा में 12 सदस्य, पहले यह संख्या 13 थी*

*सोमवार को ही टीएमसी के एक राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने इस्तीफा दिया था*

### फिरहाद हकीम का इस्तीफा सबसे बड़ा झटका

कोलकाता के मेयर पद से फिरहाद हकीम का इस्तीफा और बागी खेमे की तरफ रुख करना ममता बेनर्जी के लिए सबसे आत्मघाती झटका माना जा रहा है। हकीम को कोलकाता की जमीनी राजनीति और मुस्लिम वोट बैंक पर मजबूत पकड़ रखने वाला कद्दावर नेता माना जाता है। उनके इस कदम से साफ है कि यह संकट अब केवल कुछ विधायकों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पार्टी के सबसे मजबूत स्तंभ भी दीदी का साथ छोड़ रहे हैं।

**शीर्ष नेतृत्व पर तीखा हमला**

### बागी नेता बोले-फुटबॉल क्लब चलाने वाले के हाथ में संसद की कमान

बागी नेता ऋतब्रत बनर्जी ने आरोप लगाया कि पार्टी में लगातार वरिष्ठ नेताओं की अनदेखी की जा रही है और जूनियर नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने राज्यसभा नेतृत्व (डेरेक ओ ब्रायन) पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद की कमान ऐसे हाथों में है जो सिर्फ फुटबॉल क्लब चलाने में व्यस्त रहते हैं।



ममता और सांसद काकोली

### गुप्त बैठक में सुवेंदु व बिप्लव मौजूद थे

जिस समय ममता बेनर्जी और अभिषेक बेनर्जी दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की बैठक में शामिल हो रहे थे, ठीक उसी समय टीएमसी के लगभग 12 बागी सांसद भाजपा के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव के आवास पर एक गुप्त बैठक कर रहे थे। इस बैठक में सुवेंदु अधिकारी और बिप्लव देव भी मौजूद थे।

## विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में भीषण हादसा

# पिघले हुए स्टील की चपेट में आए 8 श्रमिकों की मौत कई गंभीर रूप से झुलसे



स्टील प्लांट में आग का भयावह दृश्य

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में सोमवार को एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। प्लांट के एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में एक लैडल में जोरदार विस्फोट होने के कारण भारी मात्रा में पिघला हुआ लोहा (स्टील) बाहर फैल गया। इस भीषण दुर्घटना में पिघले हुए स्टील की चपेट में आने से 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए हैं। हादसे के वक्त लैडल से गिरे पिघले हुए स्टील का तापमान लगभग 1,600 डिग्री सेल्सियस था, जिसके कारण मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद रिसाव के चलते यूनिट में आग लग गई। फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी सर्विस की टीमें मौके पर पहुंचकर आग बुझाने और फंसे हुए लोगों को निकालने में जुटी हैं।

***यूनिट के अंदर कुछ और कर्मचारियों के फंसे होने की आशंका***

### घटना स्थल पर पहुंचीं गृह मंत्री

गृह मंत्री वंगलापुडी अनिता ने हादसे पर त्वरित संज्ञान लिया है। उन्होंने विशाखापत्तनम के जिला कलेक्टर और पुलिस आयुक्त से फोन पर बात कर स्थिति की पूरी जानकारी ली। गृहमंत्री ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि हादसे में घायल हुए सभी श्रमिकों को तत्काल उच्च स्तरीय और बेहतर इलाज की व्यवस्था मिले। घटना की गंभीरता को देखते हुए वह तुरंत दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गई हैं।

## मां बगलामुखी मंदिर के नाम पर ऑनलाइन ठगी

# हवन-पूजन कराने का झांसा देकर साइबर ठग ने हड़पे 18 हजार रु.



**गूगल से नंबर निकालकर किया था संपर्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के नाम पर ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने हवन-पूजन कराने के बहाने गुजरात के एक श्रद्धालु से 18,799 रुपए की धोखाधड़ी की। पीड़ित की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गुजरात के वडोदरा निवासी एक श्रद्धालु ने गूगल पर मां बगलामुखी मंदिर से संबंधित जानकारी खोजी थी। सर्च के दौरान उसे एक लिंकऔर मोबाइल नंबर मिला।

## कॉल रिसीव न करने पर बेटी ने सहेली को घर भेजा था

# एक ही परिवार के 3 सदस्य बेहोश मिले, बेटे की मौत, माता-पिता गंभीर



**जहर खाने की आशंका, मां का आईसीयू में इलाज जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन सदस्य संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोश पाए गए। इस घटना में 18 वर्षीय प्रदीप शिवशंकर साहू की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता की हालत गंभीर बनी हुई है। मां को जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, और पिता का उपचार आइसोलेशन वार्ड में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रदीप की बहन, जिसकी शादी मुल्ताई में हुई है, ने परिवार के सदस्यों से संपर्क करने की कई बार कोशिश की, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया।

# राष्ट्रपति भवन में जांबाजों का सम्मान

**◆ प्रधानमंत्री मोदी भी रहे मौजूद**



### मुर्मू ने सौंपे वीर चक्र और शौर्य चक्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह-I में सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों को वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया। इस गरिमामयी समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। असाधारण वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए स्क्वाड्रन लीडर आर्शवीर सिंह ठाकुर, नायब सूबेदार सतीश कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील बिष्ट सहित पांच जांबाजों को वीर चक्र प्रदान किया गया।

## इंटरस्टेट हथियार तस्करी रैकेट का खुलासा

# 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, 10 अवैध देशी पिस्टल और 2 खाली मैगजीन बरामद

**पूछताछ में सप्लाई चेन का खुलासा हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खकनार पुलिस ने 5 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी रैकेट के खुलासे का हिस्सा है। मामले में अब तक पंजाब के पटियाला निवासी एक तस्कर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने कुल 10 अवैध देशी पिस्टल और 2 खाली मैगजीन बरामद की हैं।



पुलिस की गिरफ्त में ईनामी तस्कर

## इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद मल्लिकार्जुन खरगे का ऐलान

### नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला

# हम लड़ेंगे और आगे बढ़ेंगे.... शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

- ▶▶ बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, विदेश नीति और मतदाताओं के अधिकारों पर चर्चा की गई
- ▶▶ आगामी मानसून सत्र में इन मुद्दों को विपक्ष आक्रामक ढंग से उठाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को विपक्ष के 'इंडिया' ब्लॉक की एक मैराथन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में करीब 25 विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ संयुक्त लड़ाई का शंखनाद किया। उन्होंने साफ संदेश देते हुए कहा कि विपक्षी दल अब और मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे




इंडिया ब्लॉक के नेताओं के साथ खरगे जानकारी देते हुए

**छात्रों के साथ न्याय होने तक संघर्ष जारी रहेगा**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे देश के युवाओं के भविष्य के साथ सरासर धोखा करार दिया। खरगे ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार हो रही गड़बड़ियां देश के लाखों छात्रों की मेहनत और उनकी उम्मीदों को बर्बाद कर रही हैं। वर्तमान सरकार परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह संभालने में विफल साबित हुई है।

### राहुल और अखिलेश की गर्मजोशी

उत्तर प्रदेश में हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच इस बैठक में राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बेहद गर्मजोशी के साथ मिले। बैठक के इतर दोनों नेताओं के बीच उत्तर प्रदेश में आगामी राजनीतिक तालमेल और सीट बंटवारे को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

एफएसयूआई ने वीडियो जारी कर दी जानकारी

जहाज के अगले हिस्से से धुआं उठता दिखाई दिया

# ओमान तट के पास जहाज पर हमला, 24 भारतीयों ने नौसेना से लगाई मदद की गुहार

एजेंसी ▶▶ मस्कट

इजराइल-ईरान संघर्ष से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नाविकों के संगठन 'फॉरवर्ड सीमेंस यूनियन ऑफ इंडिया' (एफएसयूआई) ने रविवार को ओमान के तट के पास कथित हमले का शिकार हुए एक जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों के लिए तुरंत मदद की मांग की है। एफएसयूआई ने भारतीय अधिकारियों और भारतीय नौसेना से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की।



ओमान तट पर हमले में क्षतिग्रस्त जहाज

## सभी नाविक सुरक्षित

केंद्रीय बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि मेडागास्कर ध्वज वाला जहाज मारिवेक्स माल नहीं ले जा रहा था। सभी भारतीय नाविक फिलहाल सुरक्षित हैं। हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय, विदेशों में स्थित हमारे भारतीय दूतावासों, भारतीय नौसेना और रक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय कर रहे हैं।

### जारी किया वीडिया

एफएसयूआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में एक वीडियो जारी कर बताया कि होर्मुज के पास मौजूद जहाज से संकट संदेश (डिस्ट्रेस अलर्ट) भेजा गया है। पोस्ट में लिखा कि ओमान के तट के पास 2057.07एन 059 डिग्री 0813 पर मौजूद जहाज पर सवार 24 भारतीय नाविकों को तुरंत मदद की जरूरत है। वीडियो में जहाज के आगे से काला धुआं उठता देखा जा सकता है।

### होर्मुज तेल शिपमेंट का मार्ग

*होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के तेल शिपमेंट का प्रमुख मार्ग है। यहां से गुजरने वाला तेल वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा है। इजराइल और ईरान के बीच हालिया टकराव के बाद पूरे क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। व्यापारिक जहाजों पर हमलों की आशंका के चलते अंतरराष्ट्रीय निगरानी बढ़ा दी गई है।*

### नई शर्तों के साथ संचालित होगा

*वहीं, रूस में ईरान के राजदूत काजेम जालाली ने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद नहीं किया जाएगा, लेकिन यह नई शर्तों के तहत संचालित होगा, जिनमें ट्रांजिट शुल्क (आवागमन शुल्क) भी शामिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह जलडमरूमध्य निश्चित रूप से खुला रहेगा, लेकिन इसकी नई शर्तें ईरान और ओमान के अधिकारी तय करेंगे। ईरान और ओमान इस स्ट्रेट से जुड़ी कुछ सेवाएं प्रदान करते हैं, और उन सेवाओं के लिए शुल्क लिया जाएगा।*

फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप

# इमारतें गिरीं, 32 की मौत, 200 घायल, 2 घंटे में 138 झटके आए

भूकंप के बाद आई सुनामी 4.5 फीट से ज्यादा ऊंची लहरें उठीं

झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही



दावाओ शहर में भूकंप के बाद अस्तपाल से मरीजों को बाहर निकाला

एजेंसी ▶▶ मनीला

फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। प्रभावित इमारतों में ज्यादातर दुकानें, दफ्तर और व्यावसायिक भवन शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अब तक 32 लोगों की मौत हुई है, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में था। यह सारंगानी प्रांत के मासीम कस्बे से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर आया।

अधिकारियों का कहना है कि यह इस साल फिलीपींस में आया सबसे शक्तिशाली भूकंप है। भूकंप के बाद सुनामी भी आई। सबसे ऊंची लहर की ऊंचाई 1.4 मीटर (करीब 4.6 फीट) रही। एहतियात के तौर पर इंडोनेशिया और मलेशिया ने भी सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे कुछ घंटों बाद वापस ले लिया गया। फिलीपींस के ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान संस्थान (फिवोल्क्स) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे तक 138 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए। इन झटकों की तीव्रता 1.3 से 6.7 के बीच रही।

**कई शहरों में दिखा प्रभाव :** भूकंप के बाद एक स्कूल की बिल्डिंग भी गिर गई, इस दौरान छात्र मैदान में बैठे नजर आए। फिलीपींस में 'मलालन बरंगाय हॉल' (सरकारी इमारत) भूकंप के बाद पूरी तरह ढह गया। अलाबेल शहर में आए तेज भूकंप के कारण 'लाडोल बीच रिसॉर्ट' की जमीन में दरार दिखने लगी। कई कॉटेज भी ढह गए। दावाओ शहर में भूकंप के बाद मरीजों को अस्पताल से बाहर लाया गया और सड़क पर उनका इलाज किया जाने लगा।

### सैंटोस शहर में सबसे ज्यादा नुकसान



*7 लाख से ज्यादा आबादी वाले बंदरगाह शहर जनरल सैंटोस में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। यहां कई इमारतों में दरारें आ गईं, कुछ छोटी इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं और एक पुल भी क्षतिग्रस्त हो गया। शहर में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई और करीब 130 लोग घायल हुए हैं। जनरल सैंटोस में एक दो मंजिला स्कूल इमारत के गिरने की खबर के बाद राहत और बचाव अभियान चलाया गया। आशंका जताई गई कि कुछ छात्र मलबे में फंस सकते हैं। वहीं पुलिस के अनुसार शहर में कम से कम 7 लोग लापता हैं।*

### राहत-बचान अभियान शुरूः राष्ट्रपति




*फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि उन्होंने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत-बचाव अभियान शुरू करने को कहा है।*

### इंडोनेशिया, मलेशिया, जापान में भी भूकंप के झटके महसूस हुए

*भूकंप का असर इंडोनेशिया के उत्तर सुलावेसी और उत्तर मलुकु क्षेत्रों में झटके महसूस हुए। मनाडो शहर के लोगों ने बताया कि कंपन काफी तेज था। इंडोनेशिया की मौसम और भूभौतिकी एजेंसी बीएमकेजी ने अपने उत्तर-पूर्वी तट के लिए सुनामी चेतावनी जारी की है। मलेशिया के कुछ तटीय इलाकों में भी एक मीटर तक ऊंची लहरों की आशंका जताई गई है। जापान मौसम एजेंसी ने इबाराकी*

## खबर संक्षेप

### नो मैन्स लैंड में फंसे 10 लोग, भारत ने बुलाए




**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर लगभग 69 घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा खत्म हो गया है। इस दौरान दोनों देशों के बीच बीएसएफ ने पंचगढ़ सदर उपजिला के बोरोबारी-प्रधानपारा बॉर्डर पर जीरो लाइन (नो मैन्स लैंड) से 10 लोगों (जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे) को भारत ने मानवीयता के आधार पर वापस बुला लिया है। बांग्लादेश ने इन लोगों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और आरोप लगाया था कि इन्हें जबरन उनकी सीमा में ढकेला गया है। भारत ने कहा था कि ये बांग्लादेशी नागरिक हैं।

### ड्रग्स तस्करी मामले में तीन राज्यों में छापे मारे



**आइजोल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 142 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि जिन परिसरों पर छापे मारे गए वे भारत-म्यांमा अंतरराष्ट्रीय सीमा (मिजोरम में) और भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा (त्रिपुरा में) के निकट स्थित हैं। ईडी का धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामला स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) की शिकायत पर आधारित है।

### प्राइवेट जेट क्रैश, पायलट और को-पायलट की मौत



**नई दिल्ली।** डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इमरजेंसी लैंडिंग की कोशिश के दौरान विमान रनवे पर उछला और देखते ही देखते आग के बड़े गोले में बदल गया। हादसे में पायलट और को-पायलट की मौत हो गई। गल्फस्ट्रीम जी200 जेट ला रोमाना से अमेरिका के टेक्सास स्थित ऑस्टिन जा रहा था। उड़ान के दौरान विमान में गंभीर तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने इमरजेंसी घोषित की और एयरपोर्ट लौटने का फैसला किया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की अपील का ईरान और इजराइल पर दिखा असर

# दोनों देशों ने बंद किए एक दूसरे पर हमले, तेहरान ने लेबनान पर हमला न करने की दी चेतावनी

*ईरान के सशस्त्र बलों ने इजराइल के खिलाफ सैन्य अभियान समाप्त करने की घोषणा की है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि इजराइल लेबनान या उसके क्षेत्र पर हमले फिर से शुरू करता है तो और भी करारा जवाब दिया*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

ईरान के सशस्त्र बलों ने इजराइल के खिलाफ सैन्य अभियान समाप्त करने की घोषणा की है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि इजराइल लेबनान या उसके क्षेत्र पर हमले फिर से शुरू करता है तो और भी करारा जवाब दिया जाएगा। इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद ये जवाबी हमले हुए हैं। तेहरान, तबरीज और इस्फ़हान में विस्फोटों की खबरें आई हैं, और लेबनान की राजधानी के दक्षिणी उपनगरों पर इजराइल के हमले के बाद तनाव बढ़ गया है। ईरान की सेना का कहना है कि उसने इजराइल पर हमले रोक दिए हैं, लेकिन चेतावनी दी है कि अगर इजराइल लेबनान में अपना सैन्य अभियान जारी रखता है तो वह फिर से हमले शुरू कर देगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रूथ सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों से एक-दूसरे पर तुरंत गोलीबारी बंद करने का आग्रह किया और कहा कि शांति प्रक्रिया जारी रहेगी। यह घटना इजराइल और ईरान द्वारा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को निशाना बनाकर किए गए मिसाइल हमलों के बाद हुई है। दोनों पक्षों में से किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है।

भारत की अपीलः तुरंत तनाव कम करें क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करें



ईरान ने इजराइल के वेस्ट गाजा क्षेत्र में मिसाइली हमलों की झड़ी लगा दी

भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

### सुरक्षा निर्देशों का पालन करें, हर समय सतर्क रहें

इजराइल में भारतीय दूतावास ने वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमान की ओर से जारी सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी। सभी भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और हर समय सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। सभी भारतीय नागरिक निर्धारित आश्रय स्थलों के करीब रहें और अपने निवास या कार्यस्थल के आसपास मौजूद सुरक्षित स्थानों की जानकारी रखें।

**जल्द से जल्द ईरान छोड़ें:** तेहरान में भी भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की। भारतीय नागरिकों से ईरान की यात्रा पूरी तरह टालने को कहा है और जो भारतीय वर्तमान में ईरान में मौजूद हैं, उन्हें उपलब्ध साधनों से जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी गई है।

भारत की अपील

### कूटनीतिक समाधान आगे बढ़ने का उचित रास्ता

*भारत ने संघर्ष को तुरंत कम करने की अपील दोहराई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक समाधान ही आगे बढ़ने का सबसे उचित रास्ता है। मंत्रालय ने कहा कि फिर से शुरू हुए हमलों पर भारत को गहरा खेद है। ये घटनाक्रम गंभीर चिंता का विषय हैं। यह संघर्ष अब 100 दिनों से अधिक समय से जारी है और इससे भारी मानवीय पीड़ा हुई है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति पर भी गंभीर प्रभाव पड़ा है। हम सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कूटनीतिक समाधान के पक्ष में हैं।*

अंतिम शांति वार्ता जारी

### तत्काल गोलीबारी रूकनी चाहिएः ट्रंप



*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि इजराइल और ईरान को तत्काल गोलीबारी रोकनी चाहिए। इजराइल और ईरान दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम करने की कोशिश कर रहे हैं। अंतिम शांति वार्ता जारी है। हालांकि कुछ अड़चनों या मूर्खता के कारण यह प्रभावित हो सकती है। जब तक अंतिम समझौता नहीं हो जाता, नाकाबंदी पूरी तरह लागू और प्रभावी रहेगी। चीजें तेजी से आगे बढ़नी चाहिए। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।*

### लाल सागर में सक्रिय हुए हूती लड़ाके

*इसी बीच, ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इजराइली जहाजों के आवागमन पर रोक लगाने की घोषणा की है। लाल सागर दुनिया के सबसे अहम समुद्री व्यापार मार्गों में से एक माना जाता है। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से इजराइली जहाजों के गुजरने पर पूर्ण और कुल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने जाफा में एक अहम इजराइली ठिकाने पर हमला करने का दावा किया है।*

### ईरान के पेट्रोकेमिकल प्लांट पर इजराइल का हमला

*इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि उसकी वायुसेना ने ईरान के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में स्थित महशहर पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स पर हवाई हमला किया है। सेना नेबताया कि एयरफोर्स ने इस रणनीतिक औद्योगिक क्षेत्र के कई ठिकानों को निशाना बनाया। महशहर ईरान का ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल हब माना जाता है।*

### कतर के पीएम ने अराघची से फोन पर की बात

*बढ़ते तनाव के बीच कतर के पीएम शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत कर अमेरिका-ईरान वार्ता और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर चर्चा की। कतर ने कहा कि वह तनाव कम करने और स्थायी शांति स्थापित करने की हर कोशिश का समर्थन करता है।*

चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग पहुंचे उत्तर कोरिया

## दोनों देश सैन्य और राजनीतिक गठबंधन को जीवंत करने का फिर से करेंगे प्रयास

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर सोमवार को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग पहुंचे, जहां एयरपोर्ट पर उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन और उनकी पत्नी ने शी जिनपिंग का भव्य स्वागत किया। इसके बाद प्योंगयांग के मुख्य चौक पर शी को सैन्य गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया है, जिसके बाद दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता शुरू हो गई है। ये शी की सितंबर 2025 के बाद कोरियाई सुप्रीम लीडर से पहली मुलाकात है,



किम जोंग उन और शी जिनपिंग

जब दोनों बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मिले थे। चीनी राष्ट्रपति की यह यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक और कूटनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह यात्रा अमेरिका के साथ जारी अलग-अलग संघर्षों के बीच दोनों देशों के पारंपरिक सैन्य और राजनीतिक गठबंधन को पूरी

ब्रिक्स वैश्विक इकोनॉमी का नया पावरहाउस

## पुतिन बोले- सदस्य देशों के बीच आपसी व्यापार 1 ट्रिलियन डॉलर पार कर चुका

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

29वें सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ) के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में वैश्विक जीडीपी वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा (49 प्रतिशत) ब्रिक्स देशों से आया है। यह आंकड़े बताते हैं कि उभरते बाजार अब वैश्विक पटल पर एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो रहे हैं और ब्रिक्स देश इसके विकास का मुख्य इंजन बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, क्रय शक्ति समता के आधार पर वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स का योगदान लगभग 40 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, व्यापारिक मोर्चे पर भी इन देशों ने तेजी से प्रगति की है। पुतिन ने कहा है कि ब्रिक्स के अस्तित्व में आने के बाद से वैश्विक माल व्यापार में इसकी हिस्सेदारी दोगुनी से अधिक हो गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सदस्य देशों के बीच आपसी व्यापार 1 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुका है।



व्लादिमीर पुतिन

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी का बड़ा दावा

## रूसी तेल खरीदने से रोकने की किसी में हिम्मत नहीं, भारत अपनी शर्तों पर ही करेगा अनुबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दावा किया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तमाम चिंताओं और कयासों के बावजूद भारत को कभी भी रूसी तेल की खरीद बंद करने का निर्देश देने की हिम्मत किसी देश में नहीं हुई। भारत ने साफ कर दिया कि उसकी संप्रभुता और देश की गरीब जनता को किफायती ईंधन देना उसकी पहली प्राथमिकता है। भारत बिना किसी दबाव के अपनी शर्तों पर रूसी तेल खरीदता रहा और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा।

### पीएम ढाल बनकर खड़े थे



पुरी ने कहा कि जब दुनिया भर के देशों में ईंधन की किल्लत और महंगाई को लेकर त्राहि-त्राहि मची थी, तब पीएम नरेंद्र मोदी खुद वैश्विक मंच पर देश के उपभोक्ताओं के लिए एक मजबूत ढाल बनकर खड़े थे। विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी देश की आम जनता और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना पीएम मोदी की एक अटूट प्रतिज्ञा और उनका परम धर्म है। इसी का नतीजा है कि भारत हर अंतरराष्ट्रीय चक्रव्यूह को भेदकर सुरक्षित बाहर निकल आया।

### 41 देशों से ऊर्जा का आयात किया

*केंद्रीय मंत्री ने पीएम नरेंद्र मोदी की असाधारण नेतृत्व क्षमता और उनकी वैश्विक कूटनीति को सबसे बड़ा हथियार बताया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के 41 अलग-अलग देशों से ऊर्जा का आयात कर रहा है। यानी अगर एक रास्ता बंद भी हो जाए, तो देश के पास 40 और विकल्प खुले रहते हैं। जब-जब संकट गहराया, पीएम मोदी ने खुद दुनिया के शीर्ष कप्तानों और राष्ट्राध्यक्षों से सीधे फोन पर बात की जिससे भारत का एनर्जी रिजर्व हमेशा फुल रहे।*

भारत और चीन रिश्तों पर बोले चीनी अधिकारी

## हम प्रतिद्वंद्वी नहीं सहयोगी और साझेदार, दोनों देशों के लिए 'विकास' के मौके न कि खतरे के

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

एक शीर्ष चीनी अधिकारी ने कहा कि चीन और भारत को इस सही रणनीतिक धारणा पर कायम रहना चाहिए कि वह प्रतिद्वंद्वी नहीं बल्कि सहयोगी साझेदार हैं।

इसके साथ ही एक दूसरे के विकास के अवसर हैं न कि खतरे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया ब्रीफिंग में भारत-चीन संबंधों पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि फिलहाल चीन-भारत सीमा की स्थिति आम तौर पर स्थिर है। दोनों पक्षों के बीच एक संचार चैनल है।

### सीमा पर स्थिति स्थिर



लिन जियान

लिन ने कहा कि चीन और भारत को इस धारणा पर कायम रहना चाहिए कि दोनों देश सहयोगी साझेदार हैं। ना कि प्रतिस्पर्धी और प्रतिद्वंद्वी, और दोनों देश एक दूसरे के विकास के लिए अवसर हैं। न कि खतरे। दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक ऊंचाई और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य से देखना और संभालना चाहिए। आपसी विश्वास को बढ़ाना चाहिए और सहयोग का विस्तार करना चाहिए। मतभेदों को उचित रूप से संभालना चाहिए और चीन-भारत संबंधों के सुचारू और स्थिर विकास को बढ़ावा देना चाहिए।

### भारत-पाक चर्चा से मतभेद सुलझाएं

लिन ने कहा कि बीजिंग भारत और पाकिस्तान दोनों को संवाद और परामर्श के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से सुलझाने और क्षेत्र को शांतिपूर्ण और स्थिर बनाए रखने में समर्थन करता है। लिन ने कहा कि भारत, चीन और रूस तीनों देश उभरती हुई अर्थव्यवस्थाएं हैं। अच्छे संबंध बनाए रखना न केवल तीनों देशों के अपने-अपने हितों में है। बल्कि विश्व शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए भी जरूरी है।

मौसम वैज्ञानिकों की बड़ी चेतावनी, अल नीनो से टूटेंगे तापमान बढ़ने के रिकॉर्ड

## दुनिया बन जाएगी जलता चूल्हा, भोजन से लेकर पानी की होगी कमी

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

मौसम विज्ञानियों ने अपने एक नए अनुमान के आधार पर चेताते हुए कहा है कि इस साल बनने वाला अल नीनो अब तक का सबसे शक्तिशाली अल नीनो हो सकता है। यह घटना दुनियाभर में तापमान को रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ाएगी, जिसका सीधा असर खेती-बाड़ी को नुकसान से लेकर पानी की कमी होने तक में देखने को मिलेगा। यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट (ईसीएमडब्ल्यूएफ) का अनुमान है कि अल नीनो के चलते इस साल दिसंबर तक मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के इलाके में समुद्री सतह का तापमान औसत से 5.4 डिग्री फारेनहाइट (3 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ सकता है। कुछ अनुमानों में तापमान 7.2एफ (4 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर जाने की संभावना जताई गई है।

### अल नीनो का असर तेजी से सीमा पर



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस

वर्ल्ड मेटियोरोलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि इस क्लाइमेट पैटर्न के सितंबर से पहले बनने की संभावना 80% और नवंबर से पहले 90% है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि अल नीनो 90% निश्चितता के साथ आने वाले महीनों में हमारे दरवाजे पर दस्तक देने वाला है। दुनिया को इसे क्लाइमेट चेतावनी के तौर पर लेना चाहिए। यह पहले से ही खतरनाक रूप से गर्म हो रही धरती पर ज्यादा गर्मी बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि अल नीनो की स्थितियां गर्म होती दुनिया की आग में घी का काम करेंगी। इसके असर दूर-दूर तक फैलेंगे और बहुत तेजी से सीमाओं को पार करेंगे। ऐसे में एहतियाती कदम उठाना जरूरी है।

### 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ेगा

*ईसीएमडब्ल्यूएफ के अनुमान इस साल का अल नीनो (प्राकृतिक जलवायु चक्र का गर्म चरण) दुनियाभर में तापमान को बहुत ज्यादा बढ़ा देगा। यह साल 2015-2016 और 1997-1998 के पिछले रिकॉर्ड-धारक अल नीनो से कहीं ज्यादा शक्तिशाली होगा। ग्लोबल वेदर राइटर बेन नोल ने एक्स पर लिखा है कि अब तकरीबन हर अनुमान 3 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है और कुछ अनुमान तो 4 डिग्री सेल्सियस से भी ज्यादा तापमान दिखा रहे हैं। इसे दुनिया को निश्चित ही एक चेतावनी की तरह लेना चाहिए।*

### रिन्यूएबल एनर्जी की ओर तेजी से बढ़ें

*अल नीनो का एकमात्र असरदार जवाब संकट के बराबर क्लाइमेट एक्शन है। यानी फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता खत्म करना, रिन्यूएबल एनर्जी की ओर तेजी से बढ़ना, ज्यादा खतरे वाले लोगों की सुरक्षा करना और सभी के लिए अर्ली वॉर्निंग सिस्टम लागू करना जरूरी है।*

### रिसॉर्ट की बीमा पॉलिसी को आधार बनाकर चल रहा था क्रूज

# जांच आयोग के समक्ष याचिका दायर यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ का आरोप

**जबलपुर।** बरगी डैम में गत 30 अप्रैल 2026 को हुए चर्चित क्रूज हादसे की जांच के दौरान एक ऐसा खुलासा सामने आया है, जिसने पूरे मामले को केवल दुर्घटना नहीं बल्कि संभावित प्रशासनिक और दस्तावेजी अनियमितताओं के दायरे में ला खड़ा किया है। इस घटना की जांच कर रहे जस्टिस संजय द्विवेदी के नेतृत्व वाले जांच आयोग के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों और हलफनामे में दावा किया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त क्रूज और उसमें सवार पर्यटकों का कोई वैध बीमा नहीं था। आरोप है कि क्रूज संचालकों ने क्रूज के लिए वैध बीमा प्रस्तुत करने के बजाय मैकल रिसॉर्ट की पुरानी बीमा पॉलिसी को आधार बनाकर संचालन जारी रखा।

याचिकाकर्ता अखिलेश त्रिपाठी द्वारा आयोग के समक्ष प्रस्तुत हलफनामे और सरकारी दस्तावेजों के आधार पर यह दावा किया गया है कि यात्रियों को जिस सुरक्षा व्यवस्था के भरोसे क्रूज में बैठाया जा रहा था, वह कागजों पर भी मौजूद नहीं थी। यदि जांच में यह तथ्य पूरी तरह प्रमाणित होता है तो यह मामला केवल नियम उल्लंघन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ गंभीर धोखाधड़ी के आरोपों को भी बल मिलेगा।

## पर्यटकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी

जांच में उठे सबसे बड़े सवालों में से एक यह है कि यदि क्रूज का वैध बीमा नहीं था, तो दुर्घटना की स्थिति में पर्यटकों और उनके परिजनों को सुरक्षा तथा मुआवजा देने की व्यवस्था क्या थी। जल पर्यटन से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी व्यावसायिक जलयान के संचालन में बीमा सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच माना जाता है। आरोप है कि क्रूज के नाम पर जो बीमा दस्तावेज प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए गए थे, वे वास्तव में मैकल रिसॉर्ट से संबंधित थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि संबंधित विभागों ने दस्तावेजों का सत्यापन किए बिना संचालन की अनुमति कैसे दे दी और वर्षों तक यह व्यवस्था किस आधार पर चलती रही।



### कानूनों और सुरक्षा नियमों की अनदेखी

मामले में प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार अंतर्देशीय पोत अधिनियम 2022 के तहत निर्धारित कई सुरक्षा प्रावधानों का पालन नहीं किया गया। व्यावसायिक जल परिवहन में पंजीकरण, सुरक्षा मानकों का अनुपालन और पर्यटकों की सुरक्षा से जुड़े प्रावधान अनिवार्य माने जाते हैं। याचिकाकर्ता का दावा है कि क्रूज संचालन के दौरान इन नियमों की अनदेखी की गई और पर्यटकों को पर्याप्त सुरक्षा गारंटी के बिना यात्रा कराई जाती रही। यदि जांच आयोग इन दावों को सही पाता है तो यह मामला विभागीय जवाबदेही के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई का आधार भी बन सकता है।

### फिटनेस व सर्वे भी नहीं

जांच में एक और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है। आरोप है कि मध्य प्रदेश अंतर्देशीय भाप पोत नियम 1962 के तहत आवश्यक फिटनेस सर्वे भी नहीं कराया गया था। किसी भी व्यावसायिक पोत के लिए तकनीकी निरीक्षण और फिटनेस प्रमाणन को सुरक्षा का मूल आधार माना जाता है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बिना आवश्यक फिटनेस परीक्षण के क्रूज को गहरे जल क्षेत्र में संचालन की अनुमति किस आधार पर दी गई। जांच आयोग के समक्ष यही प्रश्न अब सबसे महत्वपूर्ण बिंदुओं में शामिल हो गया है।

### मौसम विभाग की चेतावनी भी नजरअंदाज

हादसे के दिन मौसम विभाग द्वारा तेज आंधी और खराब मौसम को लेकर चेतावनी जारी किए जाने का भी दावा किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार संबंधित एजेंसियों को मौसम संबंधी अलर्ट पहले से उपलब्ध था, लेकिन इसके बावजूद क्रूज संचालन जारी रखा गया। यदि यह तथ्य जांच में प्रमाणित होता है तो यह मामला केवल दस्तावेजी अनियमितता का नहीं बल्कि मानव जीवन को जोखिम में डालने वाली गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का भी बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जल परिवहन में मौसम संबंधी चेतावनियों की अनदेखी गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकती है।

### आयोग के सवालों से घिरे अधिकारी और प्रबंधन

सूत्रों के अनुसार दस्तावेजों के सामने आने के बाद जांच आयोग ने संबंधित अधिकारियों और क्रूज प्रबंधन से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे हैं। विशेष रूप से बीमा, फिटनेस प्रमाणन और मौसम चेतावनी के बावजूद संचालन जारी रखने के कारणों पर जवाब मांगा गया है। बताया जा रहा है कि आयोग अब पूरे मामले में जिम्मेदारी तय करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि दस्तावेजों में किए गए दावे जांच में सही साबित होते हैं तो संबंधित अधिकारियों, विभागों और संचालन से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है।

### गोंडवाना एक्सप्रेस के रुकते ही रेल विजिलेंस की दबिश

# 3 टीटीई के पास मिली ज्यादा रकम तीनों निलंबित

**जबलपुर।** सोमवार 8 जून को सुबह-सुबह पश्चिम मध्य रेल की विजिलेंस टीम द्वारा जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन पर दबिश देकर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। इस दौरान स्टेशन पर पहुंची गोंडवाना एक्सप्रेस से उतरे तीन टीटीई की जांच की गई। इस जांच में तीनों टीटीई के पास रखे कैश का मिलान किया गया तो तीनों के पास से लगभग 46 हजार 300 रुपये अधिक पाए गए। घटना की जानकारी लगते ही वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डा. मधुर वर्मा के निर्देश पर तीनों टीटीई को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन क्रमांक 22182 गोंडवाना एक्सप्रेस के स्लीपर अथवा वातानुकूलित कोच में तीन टीटीई कर्मचारी क्रमशः मनोज कुशवाहा, कुंदन कुमार व अनिकेश कुमार ड्यूटी पर तैनात थे। ये तीनों टीटीई सोमवार की सुबह गोंडवाना एक्सप्रेस लेकर जबलपुर आ रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ट्रेन में सवार किसी यात्री के माध्यम से विजिलेंस टीम को मोबाइल फोन पर यह सूचना मिली की ट्रेन में सवार टीटीई द्वारा यात्रियों से अवैध वसूली की जा रही है और जुर्माना वसूलने के एवज में जुर्माने की रसीद भी नहीं दी जा रही है।

उक्त सूचना मिलने के पश्चात जबलपुर स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने से पहले ही विजिलेंस टीम के सदस्य प्लेटफार्म पर जा पहुंचे थे। जैसे ही गोंडवाना एक्सप्रेस प्लेटफार्म पर पहुंची कि विजिलेंस टीम ने तीनों टीटीई को घेर लिया और उनके पास रखे हुए कैश का मिलान किया गया । इस पर टीटीई द्वारा ट्रेन में सवार होने से पहले जो कैश का डिक्लियरेशन किया गया था उससे अधिक राशि प्राप्त हुई जिस पर विजिलेंस ने केस बनाते हुए पूरा मामला जबलपुर रेल मण्डल के सीनियर डीसीएम डॉ.मुधर वर्मा को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया । बताया जाता है कि पकड़े गए टीटीई में कुंदन कुमार से 32 हजार रुपये, अनिकेश कुमार से 14 हजार रुपये व मनोज कुशवाहा के पास से 300 रुपये विजिलेंस ने टीम ने बरामद किये हैं।

### आवश्यक कार्रवाई की जा रही है

विजिलेंस टीम द्वारा तीन टीटीई को अतिरिक्त नकदी के साथ पकड़ा गया है। मामले की जानकारी मिलते ही तीनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण की विस्तृत जांच कर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

— डॉ. मधुर वर्मा,
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, जबलपुर

### अनावेदकों को नोटिस, 12 जून तक मांगा जवाब

# विधि छात्रों को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत कल परीक्षा में बैठाने की मिली अनुमति

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने विधि छात्रों को अंतरिम राहत देते हुए 10 जून को आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस जीएस अहलूवालिया व जस्टिस दीपक खोत की डिवीजन बेंच ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही मामले की सुनवाई समान प्रकृति की अन्य याचिका के साथ संयुक्त रूप से करते हुए अगली तारीख 12 जून नियत की है। याचिका सागर-बीना निवासी अमित दांगी, गौरव राजपूत, कपिल सहित अन्य छात्रों की ओर से दायर की गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता स्मिता वर्मा अरोरा ने पक्ष रखते हुए बताया कि छात्रों को एलएलबी छठवें सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने से रोका जा रहा है। इसके पीछे 50 प्रतिशत से कम अंक होने का आधार बताया गया है।



### कम्युनिटी हाल के स्थान परिवर्तन को चुनौती देने वाली पीआईइएल वापस

**जबलपुर** । हाई कोर्ट में कम्युनिटी हाल के लिए निर्धारित स्थान बदले जाने के विरुद्ध दायर जनहित याचिका को याचिकाकर्ता ने वापस ले लिया। जस्टिस जीएस अहलूवालिया व जस्टिस दीपक खोत की डिवीजन बेंच ने संशोधन हेतु याचिका वापस लेने का आग्रह स्वीकार करते हुए उसे निरस्त कर दिया। दमोह निवासी पुष्पेन्द्र सिंह की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि ग्राम बर्रत में कम्युनिटी हाल निर्माण के लिए पूर्व में स्थान निर्धारित किया गया था, लेकिन बाद में इसे बदलकर ग्राम नीमखेड़ा में निर्माण का निर्णय लिया गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत किया गया कि याचिका में कुछ ऐसी त्रुटियां हैं, जिन्हें व्यापक संशोधन के बिना दूर नहीं किया जा सकता। इसलिए उचित तथ्यों, तर्कों एवं दस्तावेजों के साथ नई याचिका प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। दलील पर विचार के बाद कोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान करते हुए उसे खारिज कर दिया।

### बलात्संग का आरोपी दोषमुक्त

**जबलपुर।** जिला सत्र न्यायालय जबलपुर की एक अदालत ने बलात्संग की विभिन्न धाराओं में आरोपी बनाए गए अभियुक्त को आरोप से दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता अरुण कुशवाहा ने अपना पक्ष रखा।

अभियोजन की कहानी अनुसार 2.6.2025 को लड़की की मां ने थाना कैंट में सूचना दी कि 31.5.2025 की रात परिवार के लोग जब सो रहे थे और दूसरे दिन सुबह करीब 6 बजे जब परिवार के लोग उठे तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था और उसकी बेटी घर पर नहीं थी। कोई बहला फुसलाकर ले गया है। जिसकी तलाश किए जाने पर भी कोई पता नहीं चला। पुलिस ने लड़की की मां के बताए अनुसार सूचना को पंजीबद्ध कर लिया और मामले को जांच में ले लिया। बताया कि अभियोजन की पूरे मामले में विरोधाभासी कथनों व संदेहास्पद स्थिति को देखते हुए न्यायालय ने अभियुक्त के पक्ष में फैसला सुनाते हुए दोषमुक्त कर दिया।

### जांच रिपोर्ट के बाद प्रोफेसर का तबादला

# वीयू में 30 लाख रुपए की फर्नीचर खरीदी में गड़बड़ी

**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (वीयू) में करीब 30 लाख रुपये से अधिक की फर्नीचर खरीदी में वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पांच सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट में महू वेटरनरी कॉलेज के लिए की गई खरीदी में कई गंभीर गड़बड़ियां मिलने पर सिविल एवं सप्लाई कार्यों से जुड़े प्रोफेसर एस।एस। कारमोरे का जबलपुर से महू तबादला कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, फर्नीचर खरीदी के लिए जिस कंपनी को ठेका दिया गया, वह मूल रूप से एक कंसल्टेंसी फर्म थी और उसके पास फर्नीचर निर्माण या विक्रय का कोई अनुभव नहीं था। इसके बावजूद उसे लाखों रुपये का काम सौंप दिया गया। जांच में आरोप सामने आए हैं कि कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर नियमों को दरकिनार करते हुए इस कंपनी को फायदा पहुंचाया।

मामला उस समय और गंभीर हो गया जब छात्र संगठन एबीवीपी ने खरीदी में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच समिति गठित की, जिसने टेंडर प्रक्रिया और खरीदी से जुड़े दस्तावेजों की जांच की।



### बढ रहा जांच का दायरा

जांच रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि महू वेटरनरी कॉलेज में सप्लाई किया गया फर्नीचर तय गुणवत्ता मानकों पर खरा नहीं उतरता। कई वस्तुओं की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए कम गुणवत्ता वाली सामग्री की आपूर्ति की गई। विश्वविद्यालय प्रशासन अब इस पूरे मामले में शामिल अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रहा है। जांच का दायरा बढ़ाया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि टेंडर प्रक्रिया में किस-किस स्तर पर नियमों की अनदेखी की गई और किन लोगों को इसका लाभ पहुंचाया गया।

### निष्पक्ष कार्यवाही की तैयारी

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। मनदीप शर्मा ने कहा है कि शिकायतों और जांच रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी इस मामले में दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग और अनियमितताओं को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## देव दत्रातेय पब्लिक ट्रस्ट मंदिर मामले में लोक न्यास के खिलाफ याचिका निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने देव दत्रातेय पब्लिक ट्रस्ट मंदिर, सागर के मामले में लोक न्यास गठित करने के विरुद्ध दायर याचिका निरस्त कर दी। जस्टिस दीपक खोत की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि राज्य को अपनी अधिसूचना वापस लेने का अधिकार है। अधिसूचना वापस लेने के लिए शुरू की गई प्रक्रिया विधि के अनुसार नहीं थी, लेकिन अधिसूचना वापस लेने का अंतिम निर्णय विशुद्ध रूप से प्रशासनिक है और यह पाया गया है कि यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 166 के दायरे में मंत्री की स्वीकृति से पारित किया गया है। लिहाजा, दोष नहीं दिया जा सकता। मामले सागर के अरुण कुमार शेंडे की याचिका से संबंधित था, जिनके निधन के बाद रवि शेंडे कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। उनकी मांग थी कि विवादित आदेश को निरस्त कर दिया जाए। ऐसा इसलिए क्योंकि वह अवैध, दुर्भावनापूर्ण और मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम के प्रविधानों के विपरीत है। स्व. विश्वनाथ राव शिंदे ने गौर झामर ग्राम में खसरा संख्या 336, क्षेत्रफल 3.04 एकड़ और खसरा संख्या 343/1, क्षेत्रफल 0.13 एकड़, कुल 3.17 एकड़ कृषि भूमि खरीदी थी। फतेहपुर गांव में खसरा संख्या 39, क्षेत्रफल 0.45 एकड़, अयोध्या प्रसाद गौर झामर की विधवा रानी बहू द्वारा दिनांक 02.04.1943 को पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से श्री देव दत्तात्रेय मंदिर, मोहतमिन पंडित विश्वनाथ शिंदे के नाम पर हस्तांतरित किया गया था। मंदिर और कृषि भूमि याचिकाकर्ता के पिता विश्वनाथ राव के अनन्य कब्जे में रही, जो कृषि भूमि से प्राप्त आय से देवता की पूजा करते थे। रानी बहू ने वर्ष 1967 में मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा 4 के तहत श्री देव दत्तात्रेय मंदिर, गौर झामर को लोक न्यास के रूप में पंजीकृत करने के लिए आवेदन किया और जांच के बाद, लोक न्यास रजिस्ट्रार, सागर ने 23 सितंबर, 1970 को श्री देव दत्तात्रेय मंदिर को लोक न्यास के रूप में पंजीकृत करने का आदेश पारित किया।

### भीषण गर्मी में भी जारी है आंगनवाड़ी कर्मियों का काम, कर्मचारियों ने मांगी राहत

# स्कूलों में छुट्टी, आंगनवाड़ी में ड्यूटी

**हरिभूमि, जबलपुर।** प्रदेश में गर्मी के चलते स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है। बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी छुट्टियों का लाभ मिल रहा है, लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अभी भी नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रही हैं। इससे आंगनवाड़ी कर्मचारियों में नाराजगी और निराशा देखी जा रही है। आंगनवाड़ी कर्मियों का कहना है कि जब स्कूलों में ताले लगे हैं और बच्चे घरों में छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं, तब भी उन्हें भीषण गर्मी के बीच केंद्रों में उपस्थित रहना पड़ रहा है। पोषण आहार वितरण, बच्चों और गर्भवती महिलाओं से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन, सर्वे कार्य, रिकॉर्ड संधारण और विभागीय बैठकों जैसी जिम्मेदारियां लगातार निभानी पड़ रही हैं।

कर्मियों का कहना है कि धूप, मौसम और परिस्थितियां सभी के लिए समान हैं, फिर भी छुट्टियों का लाभ केवल विद्यालयों तक सीमित है। उनका कहना है कि वे शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनके लिए राहत या विशेष व्यवस्था नहीं की जाती। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने शासन और महिला एवं बाल विकास विभाग से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए उनके लिए भी राहत, समय में परिवर्तन अथवा सीमित अवकाश की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन उनके स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों पर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। आंगनवाड़ी कर्मियों का कहना है कि वे शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि केवल इतना चाहते हैं कि जिस तरह अन्य कर्मचारियों और बच्चों के हितों का ध्यान रखा जाता है, उसी तरह उनके हितों को भी प्राथमिकता दी जाए। उनका मानना है कि जिम्मेदारियों के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं का भी सम्मान होना चाहिए।

### बंद खाते का चेक देकर वेतन भुगतान का आरोप, सिक्योरिटी कंपनी संचालक पर धमकी देने का भी आरोप

# चार महीने से वेतन नहीं मिलने पर सुरक्षा गार्डों का फूटा गुस्सा, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**हरिभूमि, जबलपुर।**

लम्हेटा-भेड़ाघाट रोड स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवर ब्रिज पर तैनात सुरक्षा गार्डों ने वेतन भुगतान नहीं होने और कथित धोखाधड़ी के विरोध में अधिवक्ता समाजसेवी आशीष ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान कर्मचारियों का आरोप है कि तरनजीत सिंह सिक्योरिटी कंपनी के तहत कार्यरत दर्जनों गार्डों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। गार्डों के अनुसार मार्च और अप्रैल माह के वेतन के लिए कंपनी द्वारा दिए गए चेक बैंक में जमा करने पर वापस हो गए। बैंक ने बताया कि जिस खाते से चेक जारी किए गए थे, वह काफी समय पहले बंद हो चुका है। कर्मचारियों का आरोप है कि इसके बाद कंपनी संचालक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके मोबाइल नंबर बंद मिले। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सिक्योरिटी मैनेजर ने भी वेतन नहीं मिलने की बात कही, जबकि कंपनी संचालक द्वारा कर्मचारियों को ड्यूटी छोड़ने पर वेतन नहीं देने और शिकायत करने पर धमकी दी जा रही है। पीड़ित कर्मचारियों ने बताया कि चार महीने से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं तथा बच्चों की पढ़ाई और घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। मुकेश पाल, अमर सिंह, राज बैरागी, प्रेमलाल रजक, मनोज मिश्रा और राजू गौंड सहित अन्य कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर सिक्योरिटी कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तथा बकाया वेतन दिलाने की मांग की है।



# पेट्रोल पम्प मैनेजर की लाश कुएं में मिलने से हड़कंप

**जबलपुर।** तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम झालौन तेंदूखेड़ा में पेट्रोल पम्प मैनेजर की लाश देर रात कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों का आरोप है कि यह दुर्घटना या आत्महत्या नहीं बल्की सुनियोजित हत्या है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के आरोपों की जाा रही है। तेंदूखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के ग्राम झलौन स्थित अरहम पेट्रोल पम्प में मैनेजर के पद पर पदस्थ 30 वर्षीय रूपेश जैन 5 जून की रात करीब 12 बजे के लगभग परिजनों से यह कहकर निकला कि अभी आते है। इसके बाद वह घर नहीं आया, काफी तलाश के बाद जब वह नहीं मिला उसके बाद परिजनों ने तेंदुखेड़ा सुबह तक रुपेश के घर न लौटने से परिजन चितिंत हो गए। उन्होने अपने स्तर पर रुपेश की तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। इसके बाद तेंदूखेड़ा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस व परिजन तलाश में जुटे रहे इस बीच बीती देर रात पेट्रोल पंप से लगभग 100 मीटर दूर एक कुएं में कुछ लोग पानी भरने गए थे। जहां पर उन्होने मैनेजर रुपेश जैन की लाश कुएं में उतराते देखी तो स्तब्ध रह गए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

क्षेत्रीय जनों ने की कलेक्टर से हस्तक्षेप करने की मांग

# पालीवाल कालोनी के खेल मैदान को भी निगलने की फिराक में भू-माफिया

**सिहोरा।** लगभग 30 बर्षो से अवैध कालोनी का तगमा प्राप्त पालीवाल कालोनी में निवासरत लोग प्रशासन की उदासीनता के चलते जहां नरकीय जीवन जीने मजबूर हैं वहीं भूमाफिया नियम कायदों को ठेंगा दिखाते हुऐ सार्वजनिक उपयोग हेतु आरक्षित भूमी बेचने की जुगत में लगे हैं।स्थानीय लोगों ने सिहोरा वार्ड 12 पालीवाल कालोनी में स्थित सार्वजनिक प्रयोग हेतु संरक्षित भूमी विक्रय करने की साजिश का मामला प्रकाश में आया है। कालोनी वासियों ने मांग की है कि अगर इस मामले को कलेक्टर जबलपुर स्वयं संज्ञान में लेकर रुचि दिखायेंगे और जांच का आदेश देंगे तो यह खेल मैदान बच्चों के लिए बच सकता है। क्योंकि स्थानीय प्रशासन को तो जैसे इन सब बातों से मतलब ही नहीं है।



### क्या है मामला

सिहोरा एंव उपनगर खितौला के बीच वर्षो पहले कच्ची रोड डालकर कालोनी निर्माण कर अनेक लोगों को प्लाट बेचे गये थे। इन्ही प्लाटों के मध्य कालोनीवासियों के सार्वजनिक उपयोग हेतु खेल मैदान के लिए 40×120 का प्लाट सुरक्षित छोड़ा गया था। उस प्लाट के उत्तर दिशा में नगर पालिका सीमेट रोड,दक्षिण में नगर पालिका सीमेट रोड और पूर्व में संग्राम सिंह कर्चुली एवं बलदेव पटेल का मकान तथा पश्चिम दिशा में मनोज भावसार एवं नेतराम दाहिया का मकान है। कॉलोनी में स्थित उक्त खेल मैदान,पार्क में कॉलोनी वासियों के बच्चे खेलते हैं। तथा शादी विवाह के अवसर पर कार्यक्रमों हेतु उक्त मैदान का उपयोग सभी लोंग कर रहे है। इस प्रकार यह भूमि सार्वजनिक उपयोग की भूमि है। जो कि कालोनी विकसित करने के लिये नियमानुसार पालीवाल परिवार द्वारा सुरक्षित छोड़ा गया था। नियमानुसार उक्त खेल मैदान / पार्क को बेचा भी नही जा सकता। इस खेल मैदान का उल्लेख इस मैदान के आजू-बाजू वाले निवासियों की प्लाटों की रजिस्ट्री में भी उल्लेख है तथा सभी लोग इस मैदान का बिना किसी व्यवधान के उपयोग करते है। जिन निवासीय की रजिस्ट्री में खेल मैदान का उल्लेख है किन्तु कुछ समय पूर्व से ऐसी जानकारी मिल रही है कि इस मैदान / पार्क को कुछ लोग खरीदने हेतु प्रयासरत है। तथा पालीवाल परिवार के उत्तराधिकारी भी इस मैदान पार्क की भूमि को नियम विरुद्ध तरीके से चोरी छिपे बेचना चाहते हैं।

### मैदान सुरक्षित एवं संरक्षित करने की मांग

कालोनी में निवासरत राममिलन पटैल,नेतराम दाहिया,शीतल दुबे,उमेश तन्तुवाय,मनोज भवसार, महेन्द्र चौबे,अखिलेश नायक,जयराम पटेल रामकेश,अजीत हल्दकार,के के बर्मन, कृष्ण कुमार आदि ने कालोनी के एक मात्र पार्क खेलमैदान को सुरक्षित एंव संरक्षित करने की मांग की है।

### नियमों को दरकिनार कर हो रही खरीद-फरोख्त

म.प्र.शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा म.प्र. के नगरीय क्षेत्र में कालोनी निर्माण एवं कालोनियों का विकास सुनियोजित करने हेतु सुस्पष्ट नियम बनाए गये हैं। जिसका उद्देश्य शहरी नागरिकों को बेहतर वातावरण में समस्त मूलभूत सुविधाजनक भूखण्ड/भवन उपलब्ध कराना होता है। जिसमें पानी, बिजली,सड़क,पार्क,सीवेज,खुली जगह शामिल है। लेकिन राजस्व विभाग की उदासीनता एवं प्रशासन की अनदेखी से क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग बेलगाम है। भूमाफिया बिना भू मद परिवर्तन के कृषि भूमि में अवैध प्लॉटिंग कर एवं बोर्ड लगाकर प्लॉट खरीदने का खुला निमंत्रण दे रहे हैं।भूमाफिया कृषि भूमि के खातेदार से अधिक राशि में भूमि को खरीदकर एवं कृषि भूमि की दर पर रजिस्ट्री कराकर कृषि कार्य करने के स्थान पर अनाधिकृत रूप से सड़क डालकर प्लॉट बेच रहे हैं, जबकि बिना भू-रूपांतरण कृषि भूमि में प्लॉट बेचना एवं कॉलोनी निर्माण करना अनुचित है। इसके बावजूद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में यह कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। शिकायत पर राजस्व अधिकारी कार्रवाई करने को कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

# पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत नगर कांग्रेस ने फूंका पुतला

**सिहोरा।** जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशन पर पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन,प्रकाश कुररिया की अध्यक्षता,घनश्याम बडगैया के मुख्य आतिथ्य एंव प्रदेश सचिव राजेश चौबे ब्लॉक अध्यक्ष बिहारी पटेल,संदीप ब्यौहार,नवनीत शुक्ला,आलोक पांडे,राजेश पटेल,यूसुफ खान, रमेश पटेल,के के कुरारिया,प्रदीप पटेल,शेख साबिर,गौस भाई आजाद,लाल बहादुर पाठक, जहीर अंसारी, पापे यादव के विशिष्ट आतिथ्य में आम सभा एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि वार्ड नंबर 17 की पूरी बस्ती जो पहाड़ी में बसी है सरकार उसके पट्टे नहीं दे रही है साथ ही खितौला में एक मात्र राशन दुकान है जो बस्ती के वार्ड 16,17,18 से बहुत दूर है,जबकि एक पृथक दुकान बस्ती में भी होना चाहिए, ऐसी भरी गर्मी में बेहिसाब लाइट कटौती ने लोगों का जीना दूभर किया है ऊपर से बिजली के बिल भी लोगों के प्राण लिए ले रहे हैं। आम सभा के बाद कांग्रेस जनों ने मुख्यमंत्री का पुतला लेकर नारे लगाते हुए पूरी बस्ती का भ्रमण किया एवं अंत में का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से काफी झीना झपटी हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# युवक का मोबाइल लूटकर भागे नकाबपोश बदमाश

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत कचनार सिटी शिव मंदिर के दर्शन कर पैदल मोबाइल पर बात करते आ रहे एक युवक से स्कूटी सवार दो नकाबपोश लड़कों ने उसका एप्पल कंपनी का मोबाइल छीनकर अंहिसा चौक तरफ भाग गए। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामनगर गौतम मढ़िया गढ़ा निवासी 30 वर्षीय अंकित नायक गत रात लगभग 10.10 बजे कचनारसिटी शिव मंदिर से दर्शन कर पैदल अकेला वापस आ रहा था उसी समय उसके मोबाइल पर किसी का कॉल आया वह मोबाइल से बात करते हुये चिल्ड्रंस बुक हाउस के सामने पहुंचा उसी समय मुंह में कपड़ा बांधे दो लड़के पीछे से स्कूटी में आये और उसका एप्पल कम्पनी का मोबाइल छीनकर अंहिसा चौक तरफ भाग गये। दोनों इतनी तेजी से भागे की युवक स्कूटी का नम्बर नहीं देख पाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 304(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# मोहतरा टोल प्लाजा ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**सिहोरा।** एनएचएआई के निर्देशानुसार,विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर के जे एल परियोजना के अंतर्गत मोहतरा टोल प्लाजा में ₹एक पेड़ माँ के नाम 2.0₹ अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री ऋषभ देव टेक्निकल मैनेजर,सतेन्द्र साइट इंजीनियर,ऋषि साहू,सचिन मिश्रा,पृथ्वी राठी टोल मैनेजर,कमल सिंह कॉरिडोर मैनेजर,संजय मिश्रा एच आर, नितेश सिंह अकाउंटेंट,लोकेन्द्र शर्मा सेफ्टी इंचार्ज उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनएचएआई द्वारा पॉलीथीन के कम उपयोग का संदेश दिया गया तथा सड़क उपयोगकर्ताओं को कपड़े के थैलों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।



# शिक्षक के सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवर चोरी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत अनमोल परिसर माढ़ोताल में एक शिक्षक के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनमोल परिसर माढ़ोताल निवासी 56 वर्षीय शासकीय शिक्षक नरेश कुमार उपाध्याय गत 7 जून को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ लगभग 1 बजे घर पर ताला लगाकर अपने पैतृक गांव पड़रिया थाना कटंगी गया था। जहां से गत शाम लगभग 6 बजे उसकी पत्नी व बच्चे वापस अनमोल परिसर आए तो देखे घर का ताला टूटा हुआ था। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह पड़रिया से वापस घर आया और अंदर जाकर देखा तो कमरे में बना कवर्ड के नीचे बने दराजो में रखे जेवर सोने का मंगलसूत्र, 2 कंगन, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी बाले, 1 चैन, 4 अंगूठी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### बसपा बिरसा मुंडा को आज देगी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा आदिवासी जनजाति समाज के हक, अधिकारों की लड़ाई जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वाले भगवान अमर शहीद बिरसा मुंडा की 09 जून को विशाल श्रद्धांजलि सभा बिरसा मुंडा चौक आधारताल में प्रातः 10 बजे आयोजित है। सभा में आदिवासी जनजाति समाज, कोल समाज की मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभा में सभी कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील बालकिशन चौधरी, एड. लखन अहिरवार, शरण चौधरी, राकेश चौधरी, मानकलाल गोंटिया, बविता गोंटिया, आशा गोंटिया, राधेलाल रैदास, सुरेश वंशकार, प्रकाश गौतेल, सुधा सिंह, सिकन्दर अली, द्वारका प्रसाद, दयाराम, लक्ष्मण समुन्द्रे सहित अन्य ने की है।

# भारतीय किसान संघ ने किया कृषि उपज मंडी का घेराव

**सिहोरा।** कृषि मंडी सिहोरा में भारतीय किसान संघ सहित अनेक किसानों के द्वारा घेराव करते हुए मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा गया। इसमे कहा गया की एक व्यापारी के द्वारा हरदुआ बंधा के किसान रामू पटेल,शिवा पटेल को गाली गलौज करने के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए बात कर रहे पर उक्त व्यापारी का लाइसेंस रद्द कर एफआईआर दर्ज की जाएं मंडी में लूटपाट बंद की जाएं भुगतान शाम 6 बजे के पहले ही मंडी के काउंटर पर कर दिया जाएं,नगरपालिका के द्वारा की जा रही 20 रुपए की वसूली को रोका जाएं,मुद्दत कटना बंद की जाएं आदि विंदू शामिल थे। इस अवसर पररामदास पटेल नंदकिशोर परौहा,रंजीत पटेल,बीरेंद्र पटेल,जितेन्द्र कुर्मी,प्रदीप पटैल,बिहारी पटेल,अटल पटेल,आशीष पटेल,जितेन्द्र पटेल,संदीप पटेल गणेश पटेल के साथ साथ अनेक किसान उपस्थित थे।



# रायपुर में रोटरी क्लब संस्कारधानी ने रचा सफलता का नया अध्याय, 12 अवॉर्ड से बढ़ाया नगर का गौरव




**जबलपुर।** रायपुर में प्रांतपाल रोटे अमित–पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित रोटरी डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड समारोह में रोटरी क्लब संस्कारधानी को रोटरी के सात प्रमुख सेवा क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 12 प्रतिष्ठित डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड प्राप्त हुए। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी रोटरी क्लब संस्कारधानी के पब्लिक इमेज चैयरमेन रोटे नितिन जैन द्वारा मीडिया के साथ साझा की गई । समारोह के मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल निदेशक (2027–29) वासुदेव गोलीयान तथा पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद रोटे विवेक कृष्ण तन्खा थे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटे अरुण गुप्ता, सचिव अभिषेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे अनिल अग्रवाल, रोटे समर गायकवाड़, रोटे समीर कानडे, रोटे विक्रांत जैन, रोटे अंजुल जैन एवं रोटे नितिन जैन को मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।क्लब की इस उपलब्धि पर पूर्व अध्यक्षों रोटे अशोक गुप्ता, रोटे अरुण खर्द, रोटे अमित जैन, रोटे शैलेष गुलाटी, रोटे सुनील जसवानी, रोटे तल्लीन बावा, रोटे शैलेष मिश्रा एवं रोटे जसप्रीत आहूजा ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सम्मानित सदस्यों को बधाई दी।



# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**पाटन।** ग्राम गाड़ाघाट में निर्माणाधीन मकान की छत पर स्लैब डालते समय एक मजदूर हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार पौड़ीखुर्द निवासी संजू लोधी ठेकेदार के साथ मजदूरी करने गाड़ाघाट आया था। मंगलवार को वह मकान की छत पर स्लैब डालने का कार्य कर रहा था, तभी ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगने से वह छत से नीचे गिर पड़ा। साथी मजदूर उसे तत्काल पाटन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कई मकानों के ऊपर से हाई टेंशन लाइन गुजर रही है, जिससे लंबे समय से हादसे की आशंका बनी हुई थी। इस संबंध में कई बार विद्युत विभाग को शिकायत भी की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि लापरवाही के कारण एक मजदूर की जान चली गई। मृतक के परिजनों एवं साथियों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।



# बाबा और लौटा ने रंगदारी वसूलने कबाड़ी से की मारपीट

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में मारपीट की दो वारदाते सामने आई हैं। शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने दो युवकों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी मदार टेकरी हनुमानताल निवासी 35 वर्षीय कबाड़ी मोहम्मद शोएब गत सुबह लगभग 9 बजे टेढ़ीनीम अपने साढू भाई असगर के यहां जा रहा था तभी रास्ते में बाबा टोला दुर्गा चौक मंदिर के पास करीम बाबा एवं लौटा दोनों मिले और उससे नशा करने के लिये 200 रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर गालीगलौज व मारपीट करने लगे। करीम बाबा ने पत्थर उठाकर उस पर हमला कर दिया।

इसी तरह हनुमानताल में थाना के पीछे निवासी 35 वर्षीय सब्जी व्यापारी मिथुन सोनकर रात लगभग 8.30 बजे तलैया सोनकर मोहल्ला में खड़ा था उसी समय दुर्गा चौक निवासी नवल सोनकर आया बोला यहां क्यों खड़ा है, उसने कहा कि घर जा रहा है तुम्हें क्या दिक्कत है इसी बात पर नवल सोनकर गाली गलौज करते हुये चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 118(1), 351(3), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# बरेला में अवैध शराब बिक्री पर उठे सवाल, कार्रवाई की मांग तेज

**बरेला।** नगर में अवैध शराब बिक्री को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मोहल्लों में खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है और दोपहिया वाहनों के माध्यम से दिनभर शराब की आपूर्ति की जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ लोग कमीशन के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में शराब बेच रहे हैं, जिससे युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशों के बावजूद स्थानीय पुलिस एवं आबकारी विभाग अवैध शराब कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने में सफल नहीं हो पाए हैं। आरोप है कि नगर में कई स्थानों पर धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं जागरूक नागरिकों ने नवागत थाना प्रभारी से अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा नियमित निगरानी बढ़ाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाकर युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सकता है।

# 2 युवकों ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में फांसी लगाने के दो मामले सामने आए हैं। शारदानगर और न्यू रामनगर में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदानगर निवासी 35 वर्षीय मनीष कोरी ने गत दिवस घर की गैलरी में लगे हुक से साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।इसी तरह माढ़ोताल वृंदावन कालोनी मदर टेरेसा माढ़ोताल निवासी 24 वर्षीय शिवांश पटेल ने दरवाजा बंद कर कमरे के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## भावनाए की मासिक बैठक संपन्न

# ओटीए एवं नेशनल इंक्रीमेंट का भुगतान प्रारंभ

**जबलपुर।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन की मासिक बैठक 08 जून को हरिशंकर परसाई भवन मदन महल प्रांगण में शाम 05 बजे आयोजित की गई, जिसमें बताया गया कि निर्माणियों के सभी संस्थानों में ओवरटाइम एरियर्स का भुगतान पिछले सप्ताह से प्रारंभ हुआ, जिसमें भुगतान सीधे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के खाते में भेजा जा रहा है, जो कुछ दिनों में लाभार्थियों को मिलने की संभावना है। नेशनल इंक्रीमेंट जो कि जुलाई/ जनवरी 2023 मई के बाद से देय है उसका भुगतान स्पर्श द्वारा कर्मचारियों के पेंशन खाते में क्रमवार भेजा जा रहा है। दोनों भुगतान पर एसोसियेशन साधुवाद देती है। बैठक में एसो. के अध्यक्ष टीके रायघटक, महासचिव डीके सिंह, उपमहासचिव एसके श्रीवास्तव, अर्जुन कुमार, आरके कटियार, महेन्द्र नामदेव, एसएल जांगड़े, दिनेश चौरे, हरजीवन विश्वकर्मा, विनायक राव, आरबी शाह, राजेन्द्र विश्वकर्मा, नंदलाल कोष्टा, एनके नेमा, लखनलाल, बिन्द्रा, अजय सिंह, गनेश खरे, आरके सेन, नारायण दाहिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन ने रचा इतिहास यूनिट-3 ने लगातार 100 दिन किया बिजली उत्पादन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के संजय गांधी थर्मल पावर स्टेशन (एसजीटीपीएस) बिरसिंगपुर ने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्टेशन की यूनिट नंबर-3 ने 27 फरवरी से लगातार 100 दिनों तक निर्बाध बिजली उत्पादन कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। यह सफलता प्रदेश को विश्वसनीय एवं निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।रिकॉर्ड अवधि के दौरान यूनिट ने 89.18 प्रतिशत प्लांट एवेलेबिलिटी फैक्टर और 80.07 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर दर्ज किया। वहीं आंतरिक सहायक विद्युत खपत को 9.17 प्रतिशत तक सीमित रखकर ऊर्जा दक्षता का भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर इंजीनियरों, तकनीकी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा कि उत्कृष्ट संधारण और कुशल संचालन के कारण कंपनी की उत्पादन इकाइयाँ लगातार राष्ट्रीय स्तर पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने इसे पूरी टीम के समर्पण, सतत निगरानी और गुणवत्तापूर्ण कार्य का परिणाम बताया। कंपनी के डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने कहा कि यह सफलता टीमवर्क, बेहतर समन्वय और त्वरित निर्णय क्षमता का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी कंपनी की उत्पादन इकाइयाँ प्रदेश को निर्बाध और भरोसेमंद बिजली उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी।






**श्रीमती कैलाश कौर संधू-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री संतोख सिंह संधू की धर्मपत्नी श्रीमती कैलाश कौर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री दीपक कुशवाहा-** संजय नगर कटंगा टीवी टावर के पास निवासी श्री दीपक कुशवाहा (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश कुमार सैनी-** कछपुरा मालगोदाम के पास पुष्प नगर निवासी श्री राजेश कुमार सैनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री आशुतोष उसरेटे-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री हीरा लाल उसरेटे के पुत्र श्री आशुतोष उसरेटे (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कोटूका बाई-** प्रज्ञा बुद्ध विहार पानी की टंकी के पास राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री तिलक चंद्र महार की धर्मपत्नी श्रीमती कोटूका बाई (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री टेकराम अहिरवार-** जिलहरी गौरीघाट निवासी श्री टेकराम अहिरवार (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ईश्वर सिंह जुट्टी-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री सुखदेव सिंह जुट्टी के पुत्र श्री ईश्वर सिंह जुट्टी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री निर्मल केवट-** साकेतधाम पंडा बस्ती गौरीघाट निवासी श्री धनीराम केवट के पुत्र श्री निर्मल केवट (24) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राज नरेश जाट-** कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री राज नरेश जाट (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री अजीत सिंह चौधरी-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री श्याम लाल चौधरी के पुत्र श्री अजीत सिंह चौधरी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### टीसीएस ने कनाडा लाइफ से हासिल किया अनुबंध




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा प्रदाता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने वैश्विक जीवन और पेंशन बीमा कंपनी कनाडा लाइफ से यूरोप भर में उसके आईटी बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए कई लाख यूरो का सौदा हासिल किया है। कंपनी ने इस अनुबंध के वित्तीय मूल्य का खुलासा नहीं किया है।

### देश का निर्यात अप्रैल-मई में 15 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश के माल निर्यात में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद अप्रैल-मई में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य मंत्रालय मई महीने के व्यापार आंकड़े 15 जून को जारी करेगा। अधिकारी ने कहा, 'इन दो महीनों के दौरान निर्यात 15 प्रतिशत बढ़ा है।'

### रुपया 56 पैसे टूटकर 95.74 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 56 पैसे कमजोर होकर 95.74 पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच निवेशकों के जोखिम न लेने की धारणा के कारण घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण डॉलर-रुपय जोड़ी ने पिछले कारोबार की बढ़त को गंवा दिया।

### बंधन बैंक ने चार राज्यों में खोली आठ नई शाखाएं




**कोलकाता।** बंधन बैंक ने कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में आठ नयी शाखाएं खोलने की सोमवार को घोषणा की। इसके साथ ही देश भर में उसकी शाखाओं की कुल संख्या 1,984 हो गई है।बैंक ने कहा कि कर्नाटक में चार, दिल्ली में दो और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा में एक-एक नयी शाखा खोली गईं हैं।

### बीएमडब्ल्यू 1 जुलाई से कीमतों में दो फीसदी तक करेगी बढ़ोतरी




**मुंबई।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया एक जुलाई से अपने सभी बीएमडब्ल्यू और मिनी श्रेणी के वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, यह मूल्य वृद्धि भारत में स्थानीय रूप से विनिर्मित और पूरी तरह आयातित (सीबीयू) दोनों ब्रांड पर लागू होगी।

### अदाणी पोर्ट्स को अर्जेंटीना में मिला 10 साल का ठेका




**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) को अर्जेंटीना की पहली तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात परियोजना के लिए 10 वर्ष का समुद्री सेवाओं का ठेका मिला है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही कंपनी ने दक्षिण अमेरिका में प्रवेश किया है और अपने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेवाओं के दायरे का विस्तार किया है। अर्जेंटीना स्थित मेरिडियन ग्रुप के साथ एक संघ के जरिये दिया गया है।

# मुझे तो यह भी नहीं पता एलआईसी का दफ्तर कहां है : राजेश मेहता

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

- कहा, खुदरा शेयरधारकों को लाभ ही होगा


राजेश एक्सपोर्ट्स के चेयरमैन राजेश मेहता ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निवेश निर्णयों से खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने कहा कि स्थिति चाहे जो भी हो, आम खुदरा शेयरधारकों को लाभ ही होगा।

कंपनी पर नियामकीय दबाव और समस्याओं में घिरी स्वर्ण आभूषण कंपनी में एलआईसी के निवेश को लेकर चिंताओं के बीच उन्होंने यह बात कही। मेहता ने बातचीत में कहा, 'एलआईसी ने ये शेयर कल या पिछले साल नहीं खरीदे हैं। एलआईसी की ये खरीदारी लगभग 20 वर्षों की अवधि में हुई है। एलआईसी ने ये शेयर खुले बाजार से, शेयर बाजार से खरीदे हैं। वर्तमान में, एलआईसी की राजेश एक्सपोर्ट्स में 10.80 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

## राजेश एक्सपोर्ट्स के चेयरमैन ने खुद को एलआईसी के निवेश निर्णयों से अलग किया

### एलआईसी से हमारा कोई संबंध व संपर्क नहीं

मेहता ने कहा कि कंपनी का एलआईसी के निवेश निर्णयों से कोई संबंध नहीं है और न ही उसे इसकी कोई जानकारी है। उन्होंने कहा, 'हमें तो यह भी नहीं पता कि एलआईसी का कार्यालय कहां है। हमारा उनसे कोई संपर्क नहीं है, कोई संबंध नहीं है। द्वितीयक बाजार के माध्यम से शेयर खरीदने का यह निर्णय उनका अपना सूझ-बूझ से लिया गया व्यावसायिक निर्णय है।'



### एलआईसी को नुकसान हुआ तो एवज में लाभ किसे हुआ

मेहता ने कहा, ''अगर एलआईसी को नुकसान हुआ भी है, तो इसके एवज में लाभ किसे हुआ है? अगर किसी को नुकसान होता है, तो किसी को लाभ भी होता है। लाभ किसे हुआ है? यह आम भारतीय जनता है।'' उन्होंने कहा, ''एलआईसी ने आम भारतीय जनता से शेयर लिए हैं, जिन्हें इसका फायदा हुआ है। इसमें गलत क्या है? क्या इसके खिलाफ बोलने वाले लोग आम भारतीय जनता के फायदे के खिलाफ बोल रहे हैं?

### किसी भी प्रवर्तक ने एलआईसी को अपने शेयर नहीं बेचे

मेहता ने स्पष्ट रूप से कहा कि एलआईसी द्वारा शेयरों के अधिग्रहण में न तो उनकी और न ही अन्य प्रवर्तकों की कोई भूमिका थी। उन्होंने कहा, 'किसी भी प्रवर्तक ने कभी भी अपने शेयर एलआईसी को नहीं बेचे हैं। कंपनी ने कभी भी एलआईसी को कोई शेयर जारी नहीं किए हैं। एलआईसी द्वारा शेयरों की खरीद से कंपनी या प्रवर्तकों को किसी भी तरह का लाभ नहीं हुआ है।'

## वाहन डीलर संघों के महासंघ फाडा ने दी जानकारी

# देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी पहली बार 11 प्रतिशत से अधिक, मई में रिकॉर्ड खुदरा बिक्री

- पहली बार खुदरा बिक्री बढ़कर 25,31,067 इकाइयां पहुंची
- ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद हरित वाहनों में रुचि बढ़ी
- देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 9.55 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

देश में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री मई में 9.55 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,31,067 इकाइयों पर पहुंच गई, जबकि पहली बार इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत के पार चली गई। पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले महीने ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बाद ईंधन-किफायती और हरित वाहनों में रुचि बढ़ना इसकी मुख्य वजह रही।

उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अनुसार, देश में मोटर वाहनों की कुल खुदरा बिक्री मई में सालाना आधार पर 9.55 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,31,067 इकाई रही। उद्योग निकाय अनुसार, ये आंकड़े यात्री वाहनों, वाणिज्यिक वाहनों (सीवी), यात्री वाहनों (पीवी) और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की सर्वश्रेष्ठ बिक्री को दर्शाते हैं।

### मई में ईंधन की कीमतें बढ़ीं

फाडा के अनुसार, 'मई में ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बाद उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया उल्लेखनीय रही। डीलरों ने ईंधन-किफायती और वैकल्पिक पावरट्रेन विकल्पों के बारे में जानकारी हासिल करने के मामलों में वृद्धि की सूचना दी जिसका असर दोपहिया ईवी हिस्सेदारी के 6.11 प्रतिशत से बढ़कर 9.25 प्रतिशत होने में दिखा।'

### *तिपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ी*

*उद्योग निकाय फाडा के अनुसार, तिपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने 1,11,526 इकाई रही, जो मई, 2025 की 1,07,688 इकाइयों से 3.56 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 5.29 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने रिकॉर्ड 83,823 इकाइयों पर पहुंच गई जो मई, 2025 में 79,614 इकाई थी। फाडा ने कहा, '' जून, 2026 के लिए समग्र परिदृश्य संतुलित लेकिन सतर्क रूप से आशावादी दिख रहा है।*



### मई में कई कारक प्रभावी रहे

फाडा के अध्यक्ष सी. एस. विग्नेश्वर ने कहा, '' जैसा कि हमने अप्रैल, 2026 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया था..अत्यधिक गर्मी, ईंधन कीमतों का दबाव और पश्चिम एशिया की स्थिति जैसे कारक मई में प्रभावी रहे। फिर भी भारतीय मोटर वाहन खुदरा बाजार ने अपनी वृद्धि बनाए रखी। मई, 2026 में तिपहिया, यात्री वाहन, ट्रैक्टर और कुल पंजीकरण में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया।''

**यात्री वाहन व ट्रैक्टर का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा :** विग्नेश्वर ने बताया कि मई में कुल 25,31,067 इकाइयों की बिक्री हुई, जो सालाना आधार पर 9.55 प्रतिशत की वृद्धि है।

### *मांग की उम्मीदें मानसून की प्रगति पर निर्भर*

*फाडा ने कहा कि चार जून को केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत और उसके उत्तर की ओर बढ़ने के साथ मांग की उम्मीदें मानसून की प्रगति, खरीफ बुवाई की तैयारी और शादी के मौसम के प्रभाव पर आधारित हैं। साथ ही, केंद्रीय बैंक के जून समीक्षा में नीतिगत रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रखने से वित्तपोषण का माहौल भी सहायक बना हुआ है।*

### *ईंधन की ऊंची कीमतें बाजार में बन सकती है बाधा*

*दोपहिया खंड में ग्रामीण नकदी प्रवाह में सुधार और ईवी विकल्पों की ओर बढ़ती रुचि से मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है। हालांकि, गर्मी और ईंधन की ऊंची कीमतें कुछ बाजारों में बाधा बनी रह सकती हैं। फाडा ने कहा, '' कुल मिलाकर अगले तीन महीने सतर्क रूप से आशावादी नजर आते हैं।*

# कच्चे तेल के दाम चढ़ने से शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स 719 अंक टूटा

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**



- निवेशकों को लगी 6 .31 लाख करोड़ रुपए की चपत
- दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में भी नरमी रही
- विदेशी पूंजी निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट दर्ज

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे, जिससे निवेशकों को 6.31 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

दुनिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में नरमी तथा कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी से बीएसई सेंसेक्स 719 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी में 244 अंक की गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 719.08 अंक टूटकर 73,524.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 924.4 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित निफ्टी 243.70 अंक की गिरावट के साथ 23,123 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, निफ्टी 296.55 अंक तक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के शेयरों में इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट, इंटरग्लोब एविएशन, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में प्रमुख रूप से गिरावट रहे।

### निवेशकों को 6.31 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट से निवेशकों को 6.31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। दुनिया के अन्य प्रमुख शेयर बाजारों में नरमी तथा कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी से शेयर बाजार में गिरावट आई। इस गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,31,440.41 करोड़ रुपये घटकर 4,55,28,758.96 (4,760 अरब डॉलर) रहा।

# देश में 58 करोड़ से अधिक जन धन खाते : सीतारमण

- करोड़ों लोग औपचारिक बैंकिंग खातों से जुड़े
- कम लागत वाले बीमा और पेंशन लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहे

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि 58 करोड़ से अधिक जन धन खातों ने करोड़ों भारतीयों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, जन धन योजना के तहत कल्याणकारी योजनाओं, कम लागत वाले बीमा और पेंशन के लाभ सीधे लोगों तक पहुंच रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा, 'गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर भारतीय के लिए गरिमा, अवसर एवं सशक्तीकरण की गारंटी है।' सीतारमण ने कहा कि गरीबी और अभाव के खिलाफ लड़ाई में भारत वैश्विक स्तर पर अलग पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत 28 अगस्त, 2014 को की गई थी। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल में से एक है।

*खातों में शून्य बैलेंस की सुविधा मिलती है : इस योजना के तहत खोले गए खातों में शून्य 'बैलेंस' की सुविधा, मुफ्त रुपे कार्ड, दुर्घटना बीमा और 'ओवरड्राफ्ट' की सुविधा मिलती है। इसने लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ने में मदद की है जिससे उनके जीवन में बदलाव आया है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।*

## भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 122.43 अरब डॉलर पहुंचा



**पणजी।** भारत का इंजीनियरिंग निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 के लगभग 70 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 122.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो देश के विकास और प्रगति का सशक्त प्रमाण है। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव विमल आनंद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 12 वर्षों में इस क्षेत्र में दर्ज की गई उल्लेखनीय वृद्धि देश के विनिर्माण और निर्यात तंत्र की बढ़ती क्षमता, प्रति स्पर्धात्मकता तथा मजबूती को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2014-15 में इंजीनियरिंग निर्यात लगभग 70 अरब डॉलर था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 122.43 अरब डॉलर हो गया।

# वेदांता लिमिटेड के तांबा निकल कारोबार को मिला नया ब्रांड नाम

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

- कदम पहचान बनाने की रणनीति के तहत उठाया गया




खनन एवं धातु कारोबार से जुड़े वेदांता समूह ने अपने तांबा और निकल कारोबार का नाम बदलकर क्रमशः 'वेदांता कॉपर' और 'वेदांता निकल' कर दिया है। यह कदम समूह की अलग-अलग क्षेत्रों पर केंद्रित पहचान बनाने की रणनीति के तहत उठाया गया है। समूह की प्रमुख कंपनी वेदांता लिमिटेड ने सोमवार को एक बयान में कहा कि नए सिरे से ब्रांड स्थापित करने की पहल के तहत स्टरलाइट कॉपर, फुजैरा गोल्ड और वेदांता कॉपर इंटरनेशनल (वीसीआई) जैसी तांबा कारोबार से जुड़ी सभी इकाइयों को 'वेदांता कॉपर' ब्रांड के तहत एकीकृत किया जाएगा। वीसीआई तांबा कारोबार का अंतरराष्ट्रीय प्रभाग होगा, जो संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा और सऊदी अरब में संचालन का प्रतिनिधित्व करेगा। इसी तरह, 'वेदांता निको' का नाम बदलकर 'वेदांता निकल' किया गया है। इसका उद्देश्य देश में निकल जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के उत्पादन और आपूर्ति तंत्र को मजबूत करना है, जो बैटरी एवं ऊर्जा बदलाव में अहम भूमिका निभाते हैं।

# सोने का भाव 1,100 रुपए गिरा और चांदी 5,000 रुपए लुढ़की

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**



- सोना घटकर 1,58,800 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी टूटकर 2,55,700 रुपए प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,100 रुपये की गिरावट दर्ज की गई और यह 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

वैश्विक बाजारों में कमजोरी, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच यह गिरावट आई। स्थानीय सराफा कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के बंद भाव 1,59,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,100 रुपये घटकर 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया।

इसी तरह, चांदी की कीमतों में भी दबाव देखने को मिला। चांदी का भाव 5,000 रुपये टूटकर 2,55,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर आ गया। पिछले सत्र में इसका बंद भाव 2,60,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। विश्लेषकों के मुताबिक, कीमती धातुओं में यह गिरावट हाल में देखी जा रही कमजोरी का ही विस्तार है। निवेशक अब सुरक्षित निवेश के बजाय बढ़ती ऊर्जा कीमतों से महंगाई पर पड़ने वाले असर पर कहीं अधिक ध्यान दे रहे हैं। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा, /"अमेरिका में उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़े आने से महंगाई और ब्याज दरों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## सेबी चेयरमैन ने कहा, निवेश के तरीकों में संरचनात्मक बदलाव आया

# पूंजी बाजार संपत्ति सृजन का प्रमुख माध्यम बन रहे

**एजेंसी ▶▶| मुंबई**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरपर्सन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि भारत में पूंजी बाजार घरेलू बचत और संपत्ति सृजन का प्रमुख माध्यम बनते जा रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि निवेश के तरीकों में एक संरचनात्मक बदलाव आया है और लोग तेजी से बाजार आधारित विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।

' आ ई सी आ ई सी आ ई



सिक्योरिटीज इंडिया इन्वेस्टर कॉन्फ्रेंस 2026' में उन्होंने कहा, 'पूंजी बाजार, घरेलू बचत और संपत्ति सृजन का एक प्रमुख माध्यम बनते जा रहे हैं।'

**निर्गम से 1.9 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए :** पांडेय ने कहा, 'ये सभी घटनाक्रम एक स्पष्ट बदलाव की ओर इशारा करते हैं' और अब घरेलू बचत का बड़ा हिस्सा बाजार-आधारित निवेश विकल्पों में जा रहा है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, बालाघाट(मप्र)481001

दूरभाष/फैक्स क्रमांक 07632-241318/347151 एवं ईमेल cmobalaghat@mpur ban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com

क्रमांक/एफ-/उद्यान/2026/2537 बालाघाट दि. 27/05/2026

//निविदा सूचना//

नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा योग्य निविदाकारों से निम्न तालिका में दर्शाये कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। जिसका विवरण वेबसाईट mptender.gov.in पर देखा जा सकता हैं। आमंत्रित निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं-

| आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_512996_1 | वृक्षारोपण हेतु पौधे, सिंचाई उपकरण फेंसिंग पोल बांस आदि प्रदान करने हेतु | 4000000=00 | 30000=00 | 5000=00 | 30 दिवस |

नोट : निविदा से संबंधित समस्त जानकरी एवं निविदा शर्तें ऑनलाईन पोर्टल www.mptender.gov.in पर देखी जा सकती हैं एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता हैं। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद बालाघाट



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail: - eepwd1chhind@mp.nic.in

निविदा सूचना कं. 03/व.ले.लि./2026-27/ // निविदा आमंत्रण सूचना // छिंदवाडा दिनांक 02.06.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त बेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर बेवसाईट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

| सं क्रं | टेन्डर क्रं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 7 |
| 1 | 2026_PWDRB 512190-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | जटलापुर पहुंच मार्ग लं. 1.30 कि.मी. एवं छिन्दवाड़ा नरसिंहपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग कं. 547 से जमुनिया महादेव मेला मार्ग लं. 4.10 कि.मी. कुल लं. 5.40 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 497.52 | 4,97,600/- | 15,000/- | 09 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB 512192-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | अनखावाड़ी पगारा जामुनबर्रा लोनापठार कोहका दमुआ मार्ग का मजबूतीकरण कार्य लं. 5.00 कि.मी.। (प्रथम आमंत्रण) | 416.69 | 4,16,700/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2026_PWDRB 512193-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | गोपालपुर आमाबोह मार्ग लं. 1.00 कि.मी. एवं लोनिया मारू से बिलवा मार्ग लं. 3.40 कि.मी. कुल लं. 4.40 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 351.52 | 3,51,600/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | PWDRB 512194-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | दातलावाड़ी से सरेखाढाना मार्ग लं. 1.00 कि.मी. मय विद्युतीकरण कार्य सहित एवं नंदोरा पहुंच मार्ग लं. 1.20 कि.मी. कुल लं. 2.20 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 298.10 | 2,98,100/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | PWDRB 512195-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | बीजेपानी कोटलबरी मार्ग लं. 0.90 कि. मी. एवं राजाखोह पहुंच मार्ग लं. 1.20 कि.मी. कुल लं. 2.10 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 269.51 | 2,69,600/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 6 | PWDRB 512196-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | राजना पहुंच मार्ग लं. 2.20 कि.मी. मय विद्युतीकरण सहित मजबूतीकरण का कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 266.06 | 2,66,100/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 7 | PWDRB 512197-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | भांडी झोतकलां मार्ग लं. 7.00 कि.मी. प्रस्तावित लं. 2.00 कि.मी. का कार्य मजबूतीकरण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 252.12 | 2,52,200/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| 8 | PWDRB 512198-1 | छिंदवाडा | सड़क कार्य | नवेगांव स्टेशन पहुंच मार्ग लं. 0.80 कि.मी. मय विद्युतीकरण कार्य सहित एवं करमोहनी बंधी पहुंच मार्ग लं. 0.80 कि. मी. कुल लं. 1.60 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) | 233.47 | 2,33,500/- | 15,000/- | 08 माह वर्षाऋतु सहित |
| | | | | योग | 2584.99 लाख | | | |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन कय करने की अंतिम तिथि 19.06.2026 समय शाम 17.30 बजे तक है। ऑनलाईन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेंगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेब साईट पर ही किया जायेंगा। पृथक से समाचार पत्रो में प्रकाशन नहीं किया जायेंगा।

(आकाश खरे)
कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स)
संभाग छिंदवाड़ा म.प्र.


G-14101/26

लोक निर्माण से लोक कल्याण

## चिंतन

# ममता के सामने अब तक का सबसे बड़ा संकट

जिस तृणमूल कांग्रेस को अब तक भाजपा के खिलाफ सबसे सशक्त आवाज समझा जाता था और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरे राजग को अकेले ही जवाब देती हुई नजर आती थी। अब विधानसभा चुनाव में हार के बाद लगता है कि वह महज दिखावा ही था। असल में तृणमूल के 'तृण' और 'मूल' बिखर चुके थे। सिर्फ एक विधानसभा चुनाव की हार ने पार्टी की इस हालत को खोलकर रख दिया है कि उसमें भीतरी तौर पर कितना असंतोष है। सबसे बड़ी बात यह है कि जमीनी स्तर से उच्चस्तर तक यह असंतोष दिखाई दे रहा है। यह ममता के सामने अब तक का सबसे बड़ा सियासी संकट हैं। टीएमसी के 50 से ज्यादा विधायक, 20 लोकसभा सांसद और एक राज्यसभा सांसद पार्टी नेतृत्व से नाराज होकर बगावती तेवर अपना चुके हैं। इनके भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। ममता बनर्जी ने 15 साल से जिस ठसक से पश्चिम बंगाल को चलाया है। वह ठसक अब धरी की धरी ही रह गई है। वहीं, बगावती तेवर अपनाने वाले पार्टी नेताओं में ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के खिलाफ गुस्सा है। इसके कारण ही पार्टी की यह दशा होने जा रही है। ममता के सामने अब अपने संगठन को एकजुट करने की सबसे बड़ी चुनौती है। हालांकि ममता संघर्ष और जुझारूपन से उभरी हुई नेता हैं। इसलिए उन्हें कमजोर तो नहीं माना जा सकता, लेकिन उम्र का भी एक तकाजा होता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में लंबे समय तक एक अजेय शक्ति के रूप में दिखाई देने वाली ममता आज अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर का सामना करती नजर आ रही हैं। राजनीति में जीत कई कमजोरियों पर पर्दा डाल देती है, लेकिन हार उन सभी दरारों को सामने ले आती है जिन्हें नेतृत्व लंबे समय तक नजरअंदाज करता रहा हो। तृणमूल कांग्रेस के साथ भी कुछ ऐसा ही होता दिखाई दे रहा है। यदि बड़ी संख्या में विधायक और सांसद पार्टी नेतृत्व से असंतुष्ट होकर बगावती तेवर अपना रहे हैं, तो यह केवल चुनावी हार का परिणाम नहीं है। यह उस असंतोष का विस्फोट है जो वर्षों से संगठन के भीतर जमा होता रहा होगा। किसी भी राजनीतिक दल के लिए सबसे बड़ा खतरा विपक्ष नहीं, बल्कि उसका आंतरिक विघटन होता है। आज टीएमसी उसी चुनौती के सामने खड़ी है। चुनावी हार के बाद वही दबा हुआ असंतोष अब खुलकर सामने आ रहा है। यदि पार्टी के भीतर नेतृत्व को लेकर असंतोष है, तो यह केवल व्यक्तियों का विवाद नहीं बल्कि संगठनात्मक संतुलन का प्रश्न है। ममता बनर्जी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह पार्टी को एकजुट रखते हुए नेतृत्व पर उठ रहे सवालों का समाधान करें। ममता ने जिस तरह से टीएमसी को खड़ा किया था वह अपने आप में एक सफलता की कहानी रही है। हालांकि बंगाल में वामपंथियों की कोई पार्टी नहीं बची। यही हाल अब तृणमूल का भी होने जा रहा है। एक विधानसभा चुनाव में हार के बाद पार्टी का इस तरह से बिखर जाना ममता के लिए एक बड़ा सबक है। यह भाजपा को भी इससे सबक लेना होगा। उसे अब टीएमसी की कमियों को दूर कर सरकार चलानी होगी और लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। प्रदेश में लोगों को भीतर से जोड़ना होगा। बंगाल का इतिहास रहा है कि जो पार्टी एक बार हार गई वह दोबारा सत्ता में नहीं आई। चाहे उसमें वाम दल हों, कांग्रेस हो या अब तृणमूल कांग्रेस।



टीएमसी में टूट

अखिलेश आर्येन्दु

> पश्चिम बंगाल में हुए हालिया चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। टीएमसी की हार के बाद राजनीति के जानकार कहने लगे थे कि अब बंगाल में 15 साल तक सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी को ऐसे खराब दिन भी देखने पड़ सकते हैं कि जब उसके सामने अस्तित्व बचाने का संकट होगा। महज एक महीने में ही पार्टी में ऐसा बिखराव शुरू हुआ कि ममता बनर्जी की लाख कोशिशों के बावजूद पार्टी लगातार टूटती जा रही है। ऐसा कहा जाने लगा है कि तृणमूल में कुछ मूल बचेगा भी या नहीं? नेताओं का अंदरूनी असंतोष पार्टी को लगातार तोड़ने का काम कर रहा है।

# 'मूल' की दिक्कत या अस्तित्व का सवाल

कहते हैं वर्तमान को देख कर भविष्य के बारे में अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होता। यह कहावत तृणमूल कांग्रेस पर सटीक साबित हो रही है। पश्चिम बंगाल में हुए हालिया चुनाव में करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही है। टीएमसी के हार के बाद राजनीति के जानकार कहने लगे थे कि अब पश्चिम बंगाल में 15 साल तक सत्ता सुख भोगने वाली पार्टी के लिए खराब दिन भी देखने पड़ सकते हैं जब उसके सामने अस्तित्व बचाने का संकट होगा। महज एक महीने में ही पार्टी में ऐसा बिखराव शुरू हुआ कि ममता बनर्जी की लाख कोशिशों के बावजूद पार्टी लगातार बिखरती जा रही है। ऐसा कहा जाने लगा है कि तृणमूल में कुछ मूल बचेगा भी कि नहीं? गौरतलब है पार्टी के 58 विधायकों ने विधानसभा स्पीकर को प्रस्ताव सौंपकर ऋतव्रत बनर्जी को विपक्ष का नेता और अलग विधायक दल के रूप में मान्यता देने की मांग की है। यही नहीं, तकरीबन 20 लोकसभा और राज्य सभा के कुछ सांसद भी बागी गुट के साथ साफ तौर पर आने की बात कह चुके हैं। एक राज्यसभा सांसद ने तो इस्तीफा भी दे दिया है। पश्चिम बंगाल में कभी राजनीति के चर्चित चेहरा रहे पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के सहयोगी सुखेंद्र शेखर राय का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस बख्तरबंद की ओर बढ़ रही है। उनका मानना है कि तृणमूल के हारने की वजह कई है, लेकिन सवाल महज हारने का नहीं है, बल्कि यह अपने विचारों से ही भटक गई है। वे मानते हैं कि तृणमूल में वामपंथ की शून्यता, कम्युनिष्ट पार्टी का व्यापक बोल बाला और वैश्वीकरण के अपने मूल लक्ष्य से ही पार्टी अलग हो चुकी है। जिन वजहों से पार्टी की हार हुई है पार्टी उन्हें स्वीकारने के लिए ही तैयार नही है। ऐसे में पार्टी का अस्तित्व बच पाए, तो बहुत बड़ी बात है।

दरअसल, पश्चिम बंगाल की राजनीति में कोई क्षेत्रीय दल दशकों तक टिक नहीं पाया। कम्युनिष्ट पार्टी ही सबसे ज्यादा समय तक सत्ता पर काबिज रही, लेकिन 15 साल पहले जब इसकी करारी हार हुई और तृणमूल कांग्रेस सत्ता में आई, वामपंथ फिर बंगाल में लौट नहीं सका। जाहिर है तृणमूल की करारी हार महज सत्ता विरोधी लहर का नतीजा नहीं है, बल्कि वहां की जनता का गुस्सा है जो 15 सालों से पककर फूटा। यह हार महज किसी क्षेत्रीय पार्टी की हार नहीं है, बल्कि कुशासन, तानाशाही, गुंडागर्दी, संविधान की सरेआम धज्जियां उड़ाने, सत्ता का अहंकार और हिंदुओं का चुन-चुन कर उत्पीड़न का परिणाम है। सत्ता पाकर कोई व्यक्ति या दल किस तरह खुद को सबसे बड़ा और तानाशाह समझने लगता है, यह तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता व उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के कार्य और जनता के साथ बर्ताव में देखा जा सकता है। पिछले 15 वर्षों में ममता की नेतृत्व वाली सरकार ने हर क्षेत्र में अपनी मनमानी दिखाई। लोकतंत्र और संविधान का राग अलापने वाली ममता ने पार्टी और शासन को जैसा चाहा, वैसा चलाया, जब कि जैसा एक निष्पक्ष और सर्वहितकारी शासन जैसा होना चाहिए वैसा नहीं होने दिया। आतंक, गुंडागर्दी, माफिया गुटों को संरक्षण और सांप्रदायिकता का जहर फैलाना पश्चिम बंगाल शासन में आम बात थी। वहां कि जनता ही ममता और अभिषेक से त्रस्त नहीं थी, बल्कि तृणमूल के नेता, विधायक और जमीनी कैडर भी परेशान थे।



टीएमसी की हार के बाद सत्ता जैसे ही हाथ से फिसली वैसे ही पार्टी का आंतरिक और बाहरी कलह खुलकर सामने आ गई। जिसे ममता या उनके भतीजे के संभालते नहीं संभल रहा है। ममता ने पार्टी के बिखराव को रोकने और आत्ममंथन के नाम पर पश्चिम बंगाल की सभी संगठनात्मक समितियों और फ्रंटल संगठनों को भंग कर दिया है, लेकिन उससे बगावत करने वालों पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। न बगावती मनाने से मान रहे हैं और न तो समझाने का उन पर कोई असर दिख रहा है। बगावतियों का कहना है कि पार्टी तानाशाही और एकाधिकारी वादी ढर्रे पर चल रही है, जहां उनका कोई सम्मान नहीं है। दरअसल, क्षेत्रीय दलों में सत्ता का बागडोर एक-दो व्यक्तियों के हाथ में होती है। जिससे धीरे-धीरे पार्टी के योग्य व्यक्तियों में असंतोष पैदा होता है, लेकिन परिवारी पार्टी होने की वजह से इस असंतोष को पार्टी के साथ गद्दारी कहकर दबा दिया जाता है। इसका उदाहरण सपा, बसपा, शिवसेना और तृणमूल में हम देख सकते हैं। तृणमूल में जिस शुभेन्दु अधिकारी की आवाज और उनकी योग्यता को दर किनार करके ममता ने अपने भतीजे अभिषेक को आगे कर पार्टी की बागडोर सौंप दी, उस बगावती शुभेन्दु अधिकारी ने उनके ही चुनाव क्षेत्र से हराया ही नहीं, बल्कि सत्ता से बेदखल कर मुख्यमंत्री भी बन बैठे। देखने की बात यह है कि इसके बाद भी ममता को अभी भतीजा मोह परेशान किए जा रहा है। वे अपनी ही पार्टी के समर्पित कार्य-कर्ताओं की उपेक्षा ही नहीं कर रही हैं, बल्कि भतीजे के कहने पर ही सभी तरह का निर्णय ले रही हैं। क्षेत्रीय दलों का यह सबसे बड़ा दोष है-सत्ता के अलावा उनकी सोच का दायरा कभी आगे बढ़ता ही नहीं है। सपा और बसपा इसके बड़े उदाहरण हैं। दोनों कहने के लिए एक खास विचारधारा के साथ पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन न लोहिया कहीं नजर आते हैं और न ही आंबेडकर। न संविधान के पहुरुआ वाला रूप नजर आता है और न तो लोकतंत्र की रक्षा वाला ढंग ही कहीं नजर आता है, बल्कि वक्त-दर-वक्त उस कांग्रेस के साथ गलबहियां करते रहते हैं, जिस कांग्रेस के विरोध के फलस्वरूप ये पार्टियां अस्तित्व में आईं थीं। यही हाल ममता का है। जिस विचारधारा लोकतंत्र और संविधान की रक्षा और जनहित सर्वोपरि का नारा दे ममता सत्ता में आईं थीं वे नारे और विचारधारा सत्ता में आते ही फुर्र हो गए थे। जाहिर तौर पर पं.बंगाल में भ्रष्टाचार, शोषण, अन्याय, हिंसा, सांप्रदायिकता को बढ़ाने के बहुसूत्रीय कार्य को बढ़ावा देने का कार्य ममता सरकार ने किया, जिसका परिणाम ममता और अभिषेक बनर्जी की हार के रूप में सामने आया। कहते हैं व्यक्ति हो, परिवार हो या कोई संस्था-दल हो, जब वह चिंतन से विमुख हो हित-अहित, न्याय-अन्याय, धर्म-अधर्म और नैतिकता-अनैतिकता में अंतर करना भूल जाता है, तब उसके पतन के दिन प्रारंभ हो जाते हैं। तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस आई और वामपंथियों के पतन का सबसे बड़ा कारण यही रहा। जब अपना दोष दूसरों पर या अपनी कमी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ा जाने लगे, तब उस व्यक्ति, समाज या दल के पतन को कोई नहीं रोक सकता है। तृणमूल के पतन या अस्तित्व खत्म होने की भविष्यवाणी करने वालों का चिंतन और अनुभव कहता है कि पार्टी यदि एकाधिकारीवादी प्रवृत्ति से उपर यदि नहीं उठ पाई तो, तृणमूल के अस्तित्व को बनाए रखना मुश्किल होगा। इतना तो साफ हो गया है कि ममता दीदी के दिन अब लद गए हैं। भाजपा को अपना प्रथम-शत्रु घोषित करने वाली ममता को बंगाल के लोग यदि सांप्रदायिकता और अधर्म की प्रतीक बताकर गालियां देते दिखाई दे रहे हैं-जबकि अब उनकी सत्ता नहीं है, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि वहां जनता कितनी त्रस्त, परेशान और बदहाल थी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

त्रिभाषा फार्मूला

डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति




# समावेशी विकास या फिर मानसिक बोझ

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ 2023) के लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 से 9 तक त्रिभाषा सूत्र को समग्रता से लागू करने का निर्णय भारत के शैक्षिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक बहुत बड़ा कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में भाषा केवल संवाद या विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं होती यह ज्ञान, संस्कृति, राष्ट्रीय अस्मिता और मनुष्य की सोचने-समझने की मौलिक क्षमता के विकास का आधार होती है। यही कारण है कि प्रतिष्ठित संस्थाओं और देश के प्रख्यात शिक्षाविदों ने सीबीएसई के इस निर्णय को प्रशंसनीय बताया है। इसके विपरीत महानगरों के कुछ छात्रों और उनके अभिभावकों द्वारा देश की सर्वोच्च अदालत में इस नीति के खिलाफ जनहित याचिका दायर करना और इसे 'मानसिक बोझ' बता देना एक नए वैचारिक टकराव को जन्म देता है। इस स्थिति को समझने के लिए हमें इस विषय के व्यावहारिक, वैज्ञानिक और सामाजिक पहलुओं का गहराई से विश्लेषण करना होगा। दुनिया के मानचित्र पर यदि हम चीन, जापान, रूस, जर्मनी, फ्रांस व ब्राजील जैसे विकसित और विकासशील देशों पर दृष्टि डालेंतो अनुभव होता है कि इन सभी राष्ट्रों ने अपनी प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा का पूरा ढांचा अपनी मातृभाषा या अपनी राष्ट्रीय भाषाओं पर ही केंद्रित रखा है। यूनेस्को जैसी वैश्विक संस्था भी लगातार इस बात जोर दे रही है कि बच्चों को उनकी शुरुआती कक्षाओं में मातृभाषा में ही शिक्षा दी जानी चाहिए। जिससे उनकी सोचने और समझने की मौलिक शक्ति का ह्रास नहीं होता। जब दुनिया के विकसित देश अपनी भाषाओं के माध्यम से विज्ञान, तकनीक और चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वोच्च मुकाम हासिल कर सकते हैं तो भारत में इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए? एक बड़ा प्रश्न यह भी उठता है कि जब हमारे देश का एक विशिष्ट वर्ग बच्चों पर छोटी उम्र से ही विदेशी भाषाएं सीखने या पूरी शिक्षा विदेशी भाषा के माध्यम से ग्रहण करने का दबाव बनाता है तब उन्हें कोई 'मानसिक बोझ' दिखाई नहीं देता, लेकिन जैसे ही बच्चों को मातृभाषा के साथ-साथ दो अन्य भारतीय भाषाएं सीखने का विकल्प दिया जाता है तो उसे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बताकर न्यायालयों का दरवाजा खटखटाया जाने लगता है। जब कोई छात्र अपने ही देश की किसी दूसरी भाषा को सीखता है तो वह केवल भाषा नहीं सीखता, बल्कि उस राज्य के इतिहास, लोक-साहित्य, परंपराओं और वहां के जनजीवन से जुड़ता है। एक उत्तर भारतीय छात्र का तमिल, तेलुगु, ओड़िया या मराठी सीखनाया एक दक्षिण भारतीय छात्र का हिंदी, संस्कृत या बांग्ला सीखना केवल एक अतिरिक्त विषय पढ़ना नहीं है यह उस पुल का निर्माण करना है जो दिलों को जोड़ता है। यह नीति 'अनेक भाषाएं एक भारत-समृद्ध भारत समर्थ भारत' को चरितार्थ करती है जो भारत को समस्त विश्व में एक नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस 'मानसिक बोझ' के मिथक को यदि आधुनिक भाषा विज्ञान और न्यूरोसाइंस से समझा जाए, तो यह पूरी तरह से एक काल्पनिक और वैज्ञानिक आधार से परे का कुतर्क साबित होता है। इस गहरी समानता के कारण एक भारतीय छात्र के लिए अपने ही देश की किसी दूसरी क्षेत्रीय या शास्त्रीय भाषा को सीखना किसी बिल्कुल अनजानी विदेशी भाषा जैसे फ्रेंच, जर्मन को सीखने की तुलना में बहुत आसान सुगम और स्वाभाविक होता है। तीन भाषाओं के अध्ययन को एक 'अतिरिक्त बोझ' के रूप में प्रचारित करना वास्तव में हमारे बच्चों की सीखने की प्राकृतिक और असीम क्षमता को कम आंकने जैसा है। यदि हम भारत के विभिन्न राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्डों को देखें तो पाएंगे कि देश के अधिकांश राज्यों में कक्षा 6 से 10 तक त्रिभाषा सूत्र पहले से ही सफलतापूर्वक और बिना किसी व्यवधान के चल रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण के कई राज्यों के सरकारी और निजी स्कूलों में ग्रामीण और सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि के छात्र अंग्रेजी और अपनी राज्य की मुख्य भाषा के साथ-साथ एक अन्य भारतीय भाषा (प्रायः हिंदी संस्कृत या कोई क्षेत्रीय भाषा) का अध्ययन दशकों से कर रहे हैं। इन करोड़ों छात्रों को कभी तीन भाषाएं पढ़ने में कोई कठिनाई या मानसिक तनाव महसूस नहीं हुआ और न ही इससे उनकी शैक्षणिक प्रगति में कोई बाधा आई। अनेक भाषाएं, एक भारत के इसी मूल मंत्र को अपनाकर ही हम एक सांस्कृतिक रूप से सजग मानसिक रूप से सुदृढ़ और दुनिया के सामने आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकते हैं।

(लेखिक हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना?




संकलित

दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित

प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था।राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। मनुष्य भी जीवन भर संपत्तियों का संचय करता है। संपत्ति संचय के लिए तरह-तरह के पैतरे अपनाता है पर अंततः जब मृत्य आती है तो संचय की गई संपत्ति यही छोड़कर जाना पड़ता है। उस संचित संपत्ति पर परिवार के सदस्यों का हक होता है। इसी जरूरत से ज्यादा संपत्ति के संचय से बचना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी


आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*– महेश शर्मा, सोनीपत*

## करंट अफेयर

# सजा पूर्ण पर बांग्लादेश की जेलों में बंद 150 भारतीय


लगभग 150 भारतीय अपनी जेल की सजा पूरी करने के बावजूद अब भी बांग्लादेश की जेलों में बंद हैं, क्योंकि प्रक्रिया से संबंधित देरी के कारण उनकी स्वदेश वापसी नहीं हो पा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक जेल अधिकारी ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि छह महीने पहले प्रकाशित जेल आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश की जेलों में 152 विदेशी कैदी बंद हैं, जिनमें 148 भारतीय शामिल हैं। ये सभी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, फिर भी जेल में हैं।अधिकारी ने कहा कि इनमें से कई विदेशी कैदियों ने वर्षों पहले अपनी सजा पूरी कर ली थी, लेकिन पहचान सत्यापन की प्रक्रिया, नौकरशाही से जुड़ीं अड़चनों और राजनयिक स्तर पर निष्क्रियता के कारण इनकी रिहाई और वापसी में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में इन भारतीय को अवैध रूप से सीमा पार करने जैसे आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। न्यूज पोर्टल ने खबर दी कि दक्षिण-पश्चिमी शरियतपुर जिला जेल में ही 17 भारतीय कैदी अपनी सजा पूरी करने के बावजूद अब भी बंद हैं। जेल अधिकारियों के अनुसार, उनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है।



## ऑफ बीट

# औषधीय भांग का इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सक लोगों को पहले से कहीं अधिक औषधीय भांग लेने का परामर्श दे रहे हैं। औषधीय भांग का मतलब कानूनी रूप से निर्धारित भांग उत्पादों से है। ये या तो पौधे ही होते हैं, या पौधे से निकाले गए प्राकृतिक तत्व होते हैं। टेट्राहाइड्रोकैनाबिनोल (टीएचसी) और कैनाबिडियोल (सीबीडी) जैसे तत्वों को कैनाबिनोइड्स कहा जाता है। कुछ कैनाबिनोइड्स प्रयोगशालाओं में भी बनाए जाते हैं और ये पौधे में मौजूद तत्वों की तरह काम करते हैं। औषधीय भांग विभिन्न रूपों में आती है, जैसे तेल, कैप्सूल, सूखे फूल (वाष्पीकरण में इस्तेमाल किए जाने वाले), स्प्रे और खाद्य रूप जैसे 'गमी' आदि। वर्ष 2016 में विनियामक परिवर्तनों के बाद से औषधीय भांग को अधिक सुलभ बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया के नियामक ने 7,00,000 से अधिक अनुमोदन जारी किए हैं इनमें से लगभग आधे अनुमोदन ऐसे पुराने दर्द के लिए हैं जो कैंसर के कारण नहीं है। ऑस्ट्रेलिया में 45 वर्ष या उससे अधिक आयु का पांच में से एक व्यक्ति क्रॉनिक दर्द (पुराने दर्द) से पीड़ित है जिसका लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है।



## ट्रेंड

### संविधान पर हमले जारी



संविधान पर हमले जारी हैं। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। आर्थिक माहौल कमजोर है। निवेश अपेक्षित गति से नहीं आ रहा, रोजगार पर असर पड़ रहा है। **-मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

### स्वार्थी भाजपा में जा रहे



साल 2024 में इन सांसदों ने टीएमसी के टिकट पर जीत दर्ज की थी और यह जनादेश एनडीए के लिए नहीं था। पीली पतलून वाले जितने भी लालची और स्वार्थी हैं, वे अब बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। यूसुफ पठान थोड़ी हिम्मत दिखाइए, हमारे जिले ने आपको भारी बहुमत से जिताया है, इसलिए थोड़ी शर्म दिखाइए। **-महुआ मोइत्रा,** सांसद टीएमसी

### अवैध शिकार में शामिल



पश्चिम बंगाल चुनाव का (भाजपा प्रभारी के तौर पर) काम देखने वाले केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव 'अवैध शिकार' में शामिल हुए हैं। इन मंत्री का विशेष काम शिकारियों को पकड़वाना और अवैध शिकार को रोकना है, न कि खुद ऐसा करना।
**-जयराम रमेश,** कांग्रेस महासचिव

### टीम को मानकों पर परखें



अब समय आ गया है कि टीम को 'बदलाव के दौर' में बताने के बजाय टेस्ट क्रिकेट के मानकों पर परखा जाए। हाल के टेस्ट नतीजों को देखें तो गेंदबाजों ने काम काफी हद तक किया, लेकिन बल्लेबाजों को, अनुशासन व बेहतर तकनीक दिखाने की जरूरत है।
**-सुनील गावस्कर,** पूर्व कप्तान, क्रिकेट

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# वेलकम टू द जंगल ने रिलीज से पहले ही कमाए 120 करोड़

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' ने ओटीटी, सैटेलाइट, ऑडियो और दूसरे राइट्स बेचकर करीब 120 करोड़ कमा लिए हैं। यानी फिल्म ने रिलीज से पहले ही अपनी लागत का बड़ा हिस्सा निकाल लिया है, जिससे मेकर्स को काफी राहत मिली है। एक ट्रेड सोर्स के अनुसार, 'फिलहाल मेकर्स ने करीब 120 करोड़ का डील फाइनल कर लिया है। अब उन्हें थिएटर से उतनी ज्यादा कमाई की जरूरत नहीं होगी। 'वेलकम'एक बड़ा और पॉपुलर फ्रेंचाइजी है। इसके पहले दो पार्ट 'वेलकम' (2007) और 'वेलकम बैक' (2015) लोगों को खूब पसंद आए थे।

लाइफ Style



# हिना

## हम सभी करते हैं गलतियां

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'भाबीजी घर पर हैं'के निर्माता पर यौन उत्पीड़न के झूठे आरोप के खुलासे के बाद शिल्पा शिंदा सुर्खियों में हैं। वहीं, शिल्पा शिंदे पर जुबानी हमला करने के बाद हिना खान भी लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हिना ने शिल्पा शिंदे की आलोचना की थी। इसके बाद हिना को लोगों ने निशाने पर लिया था।

अब हिना खान ने आलोचकों को जवाब दिया है। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के लिए नोट साझा किया है। ट्रोलिंग के बीच एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के लिए एक संदेश साझा किया, इसमें उन्होंने नफरत की जगह दयालुता को चुनने की अपील की। हिना ने लिखा, 'हम सभी गलतियां करते हैं और समय के साथ हम सभी बदलते हैं। मैंने यहां-वहां कुछ ट्वीट पढ़े, मैंने हमेशा नफरत के बजाय दयालुता, प्यार और ह्युमिनिटी को चुना है। अगर आप मेरे फैन हैं, तो मैं आपसे भी इसी दृढ़ता और स्पष्टता के साथ व्यवहार करने की अपील करती हूं।'अभिनेत्री ने अपने फॉलोअर्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दूसरों के प्रति नफरत और कठोर व्यवहार किए बिना हमें अपनी बात मनवाने के लिए इतना नीचा नहीं गिरना चाहिए। हम अमानवीय या नफरत भरे हुए बिना भी ऐसा कर सकते हैं। हम हमेशा शालीनता से अपनी बात रख सकते हैं और फिर भी प्रभावी हो सकते हैं। करुणा और प्रेम हमारी ताकत होनी चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते और उन लोगों की तरह व्यवहार करते हैं जो बेकार में नफरत फैलाते हैं और ट्रोल करते हैं, तो मैं आपको ब्लॉक कर दूंगी, चाहे आप मेरे फैन ही क्यों न हों।

हॉलीवुड मसाला



# मेहमानों को दिया सनस्क्रीन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर निक जोनस हमेशा अपनी बीवी प्रियंका चोपड़ा की तारीफ में लगे रहते हैं, चाहे वो पॉप स्टार हों, एक्टर हों या निर्माता, लेकिन उनके फैंस अक्सर उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी एक्साइटेड रहते हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने प्रियंका के 40वें जन्मदिन के जश्न में किए गए अपने एक नेक काम के बारे में भी बताया। निक ने बताया कि उन्होंने जश्न में आए सभी मेहमानों को सनस्क्रीन गिफ्ट में दी थी, ताकि वे गर्मी से सुरक्षित रहें। निक ने प्रियंका को लेकर कहा, 'वह बहुत प्यारी हैं।





# हैरी पॉटर के किरदार में ढले बॉलीवुड सितारे

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' सीरीज साल 2001 से 2011 के बीच रिलीज हुई सिनेमा इतिहास की सबसे अधिक कमाई करने वाली फ्रेंचाइजी में से एक है। जरा सोचिए, अगर यही सीरीज बॉलीवुड में बनी होती तो कौन से एक्टर किस रोल में फिट होते। दिमाग के इसी फितूर को रियल में तैयार किया है एआई ने और दिखाया है कि 'हैरी पॉटर' बॉलीवुड कलाकारों के साथ बनती तो सब कैसे दिखते। अब 'हॉगवर्ट्स' के उस इमैजिनेशन की झलक देखते हैं जहां हमारे बॉलीवुड के सितारे 'हैरी पॉटर' सीरीज के किरदार में कैमरे के सामने पोज़ देते नजर आ रहे हैं। इनमें से कुछ तो इतने मिलते-जुलते दिख रहे हैं कि दर्शक हैरान हो रहे। एआई जेनरेटेड इस वीडियो में कार्तिक आर्यन से लेकर वरुण धवन, कृति सेनन, सैफ अली खान जैसे तमाम कलाकार नजर आ रहे हैं।



# हीरोइन को ऑब्जेक्ट दिखाने पर भड़कीं


**नई दिल्ली।** पेद्दी आई और जाह्नवी कपूर के बोल्ड सीन्स पर विवाद छिड़ गया। पहले सोशल मीडिया पर महिलाओं को ऑब्जेक्टिफाई करने का मुद्दा गरमाया, अब सेलिब्रिटीज भी इस मुद्दे पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक... फिल्मी सितारे हीरोइनों को ऑब्जेक्ट की तरह दिखाने के लिए पेद्दी के मेकर्स पर नाराज हुए। अब जया बच्चन और करीना कपूर खान ने हीरोइनों को ऑब्जेक्टिफाई करने पर अपना रिएक्शन दिया और बताया कि एक बार उनके साथ भी ऐसा हुआ था। जया ने अपने दिन याद किए, जब उन्हें फिल्म में ज्यादा बोल्ड दिखाने की कोशिश की जा रही थी। एक्ट्रेस ने एक बातचीत में कहा- किसी ने भी मेरे साथ हद पार करने की हिम्मत नहीं की। मेरे साथ सिर्फ एक बार ऐसा बुरा अनुभव हुआ था जब एक डायरेक्टर ने मुझे एक 'ऑब्जेक्ट' की तरह देखा था।



# हमारे परिवार की परंपरा है लॉयल रहना

**मुंबई।** एक्टर माधवन ने हाल ही में अपनी पत्नी सरिता के साथ शादी की 27वीं सालगिरह मनाई है। उन्होंने एक बार बताया था कि उनके लिए शादी में लॉयल रहना कभी मुश्किल क्यों नहीं रहा। उन्होंने कहा कि कई खूबसूरत एक्ट्रेसेस के साथ काम करने के बावजूद, उन्हें हमेशा पता रहा कि उनके लिए सबसे ज्यादा जरूरी क्या है। माधवन ने पत्नी सरिता के प्रति वफादारी पर बात करते हुए कहा कि उनके लिए लॉयल रहना बिल्कुल नेचुरल है और यह उनके परिवार की आदत भी है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है लॉयल रहना हमारे परिवार की परंपरा है। मेरे परिवार के लोग जिंदगी के आखिर तक जमशेदजी टाटा के प्रति भी उतने ही लॉयल रहे कि हमारे घर में भगवानों के साथ उनकी फोटो भी माला के साथ लगी रहती थी। इसलिए, सच कहूं तो मुझे लॉयल न रहने के लिए अलग से कोशिश करनी पड़ेगी।'

टीवी मसाला



# जेनिफर तलाक के 11 साल बाद बनेंगी दुल्हन, विलियम ने चुराया दिल

**नई दिल्ली।** जेनिफर विंगेट अपने तलाक के करीब 11 साल बाद एक बार फिर से शादी को लेकर चर्चा में हैं। अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट रखने वालीं जेनिफर की शादी को लेकर पिछले कुछ समय से काफी अटकलें लग रही थीं। अब उनके करीबी सूत्रों के मुताबिक, एक्ट्रेस अपनी लाइफ का अगला जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बताया गया है कि जेनिफर विलियम इस्माइल के साथ शादी रचाने जा रही हैं। इस्माइल विलियम सिंगापुर स्थित बिजनेसमैन हैं, जिनके साथ जेनिफर पिछले कुछ समय से डेट कर रही हैं। कहा जा रहा है कि छुट्टियों के दौरान विलियम ने जेनिफर को शादी का ऑफर दिया और जवाब में उन्होंने हां कर दी है। अब दोनों इस वक्त शादी को लेकर प्लानिंग में जुटे हैं। खबरों के मुताबिक, जेनिफर ने वेंडर्स से लेकर शादी से जुड़ी अन्य तैयारियां शुरू कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक, दोनों की ये शादी क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से होनी है और सितंबर-अक्टूबर या फिर दिसंबर से लेकर अगले साल जनवरी के बीच कभी भी हो सकती है। बताया जा रहा है कि फिलहाल वो शादी के लिए सही डेस्टिनेशन की तलाश कर रही हैं। खबर ये भी है कि उन दोनों के करीबी दोस्त रहे हरलीन सेठी और जेनेलिया देशमुख जैसे उनके करीबी दोस्तों को उनकी शादी की प्लानिंग का पता है।

## 'उनकी सोच 60 साल पुरानी'

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्टर ललित परिमू ने महिलाओं द्वारा यौन इच्छा बताने वाले मुकेश खन्ना के कमेंट का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि



हालांकि हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है, लेकिन समाज विकसित हो चुका है और आज महिलाएं अपनी पसंद और जरूरतों के बारे में कहीं अधिक खुलकर बोलती हैं। सिद्धार्थ कन्नन से बातचीत में परिमू से मुकेश खन्ना के उस बयान के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने कहा था, 'कोई भी लड़की अगर किसी लड़के से कहे 'मैं तुम्हारे साथ इंटिमेट होना चाहती हूं, तो वो लड़की नहीं है, वो धंधा करती है।' कमेंट का जवाब देते हुए ललित परिमू ने कहा- इस मामले में मुकेश जी पिछली पीढ़ी के हैं। वो शायद अभी भी 50 या 60 साल पहले वाली भारतीय महिला, भारतीय मिडिल क्लास की पढ़ी-लिखी महिला को देख रहे हैं।' आज तो 10 लड़कियों में से शायद ऐसा कह सकती हैं। कल्चर इतना बदल गया है कि ऐसी कह सकती हैं। औरत के अंदर आज के समय में, खासकर पढ़ी-लिखी, पैसा कमाने वाली और इंटिमेसी में डिमांड करने वाली लड़कियों की कीमत बढ़ गई है।'

# राख से करुप्पु तक, इस वीक ओटीटी पर होगा भरपूर मनोरंजन, रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*__नई दिल्ली।__ नया वीक शुरू हो गया है। सिनेमाघरों में इस वीक खूब बहार रहेगी। मैं वापस आऊंगा, मां इंटी बंगाराम और भारत भाग्य विधाता सहित कई चर्चित फिल्में थिएटर्स में सजने वाली हैं। मगर, ओटीटी पर भी एंटरटेनमेंट का जबरदस्त डोज मिलेगा।*

***राख** : इस वीक अली फजल की वेब सीरीज 'राख' दस्तक देगी। इसमें सोनाली बेंद्रे भी अहम भूमिका में हैं। इस वेब सीरीज का निर्देशन प्रोसित रॉय ने किया है। वो इससे पहले 'पाताललोक' सीरीज का निर्देशन भी कर चुके हैं। यह क्राइम इन्वेस्टिगेशन सीरीज 12 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी।*

***मां है ना** : यह शिल्पा शेट्टी का कुकिंग रियलिटी शो है। इस शो में जेन-जी सेलेब्स अपनी मां के साथ हिस्सा लेंगे। 10 एपिसोड की यह नॉन-फिक्शन सीरीज छह जेन जेड सेलेब्रिटीज और उनकी मांओं को एक साथ लाएगी। 'मां है ना' 12 जून 2026 से जी5 पर रिलीज होगा।*




***एवरी ईयर आफ्टर** : अगर आपको रोमांटिक ड्रामा सीरीज देखने का मन है, तो इस वीक 'एवरी ईयर आफ्टर' देख सकते हैं। यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। दर्शक इसे 10 जून, 2026 से देख सकते हैं। यह आठ एपिसोड की सीरीज है। यह सीरीज 'एवरी समर आफ्टर' नॉवेल पर आधारित है। कहानी बचपन के दो दोस्तों के बारे में है, जो एक उलझी हुई स्थिति में फंस जाते हैं और प्यार व सोलमेट के कॉन्सेप्ट पर सवाल उठाने लगते हैं।*

***ड्रिडम** : इस वीक की ओटीटी लिस्ट में 'ड्रिडम' भी शामिल है। मलयालम भाषा की यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जो एक पुलिस वाले की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर 12 जून से देखा जा सकता है।*

***तारकटा** : बंगाली सीरीज 'तारकटा' भी आप देख सकते हैं। यह एक्शन-थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 12 जून, 2026 से जी5 पर रिलीज होगी। इसमें विक्रम चटर्जी, प्रियंका सरकार और मियांग चांग अहम भूमिकाओं में हैं।*

***करुप्पु** : सूर्या और तृषा कृष्णन की फिल्म 'करुप्पु' भी सिनेमाघरो के बाद अब ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह एक्शन ड्रामा फिल्म 12 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। आरजे बालाजी निर्देशित इस फिल्म को सिनेमाघरों में अच्छी प्रतिक्रिया मिली है।*

## मैं वापस आऊंगा टीम ने अटारी बॉर्डर पर रचा इतिहास

# रहमान ने गाया 'मां तुझे सलाम'

**नई दिल्ली।** फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' की टीम ने अटारी बॉर्डर (पंजाब) पर देश के वीर जवानों को एक बेहद खूबसूरत और भावुक श्रद्धांजलि दी। ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान ने पहली बार अटारी बॉर्डर पर लाइव परफॉर्मेंस दी है। जिसे देखने के लिए स्टेडियम में हजारों लोग मौजूद थे। ए.आर. रहमान ने 'चंदा सूरज लाखों तारे' गाने से शुरुआत की। इसके बाद मोहित चौहान, वेदांग रैना, नीलांजना घोष और पूजा तिवारी जैसे कलाकारों ने फिल्म के नए गानों पर शानदार परफॉर्मेंस दी। कार्यक्रम का समापन रहमान के मशहूर देशभक्ति गीत 'मां तुझे सलाम' के साथ हुआ, जिससे पूरा स्टेडियम जोश और तालियों से गूंज उठा। यह खास कार्यक्रम सीमा सुरक्षा बल के जवानों के सम्मान में आयोजित किया गया था, जिसका नाम था 'जय हो- ए म्यूजिकल सैल्यूट टू द ब्रेवहार्ट्स'। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर इम्तियाज अली, एक्टर वेदांग रैना और 'मैं वापस आऊंगा'के निर्माताओं ने जवानों का आभार मानकर कार्यक्रम की शुरुआत की। फिल्म के गानों को



देश के सैनिकों के साहस को समर्पित किया गया। मैं वापस आऊंगा को लेकर इम्तियाज अली ने कहा, 'यह फिल्म 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की कहानी पर आधारित है। यह हमें याद दिलाती है कि उस दौर में सिर्फ जमीन ही नहीं, बल्कि लोगों के दिल भी टूटे थे। हम इस फिल्म के जरिए प्यार और एकता का संदेश देना चाहते हैं।' फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, शरवरी और वेदांग रैना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का संगीत ए.आर. रहमान का है और गाने इरशाद कामिल ने लिखे हैं। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## राज कपूर का वो भाई, जिसे सिनेमा ने भुलाया!

# फिल्मों का अमीर सेठ, हीरोइनों का खड़ूस बाप, आवाज से थरति थे हीरो



*__नई दिल्ली।__ हिंदी सिनेमा में कपूर खानदान का रुतबा आज भी जारी है। ये रुतबा आज या कल से नहीं बल्कि कई दशकों से है। कपूर खानदान की जड़ें हिंदी सिनेमा में काफी पहले से हैं और यही वजह है कि कपूर खानदान के लोग आज भी सिनेमा में एक्टिंग कर रहे हैं। पृथ्वीराज कपूर से शुरू हुआ कारवां आज रणबीर कपूर और करीना कपूर तक आ पहुंचा है, लेकिन इसी कपूर खानदान में एक ऐसा भी स्टार आया जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। कौन है वो फिल्मों का अमीर सेठ और हीरोइन का खड़ूस बाप, जिसकी एक आवाज से थर्रा उठते थे सिनेमाघर, आज कहानी उन्हीं की...*

### कौन थे पिंचू कपूर?

कपूर खानदान के जिस एक्टर की हम बात कर रहे हैं असल में वह पिंचू कपूर थे। वही पिंचू कपूर जो असल में राज कपूर के भाई थे। पिंचू कपूर पृथ्वीराज कपूर के भतीजे और शोमैन राज कपूर, शम्मी कपूर और शशि कपूर के कजिन भाई (चचेरे भाई) थे। इसके बावजूद उन्होंने इंडस्ट्री में कभी इस नाम का सहारा नहीं लिया और खुद को एक स्वतंत्र कलाकार के रूप में स्थापित किया। यही वजह है कि उन्होंने सिनेमा में कई फिल्में की, लेकिन यह बहुत कम लोगों को मालूम था कि वो असल में कपूर खानदान से ताल्लुक रखते हैं। पिंचू कपूर का जन्म 1927 में अविभाजित भारत के रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। बाद में उनका परिवार भारत के जयपुर में आकर बस गया। उनका असली नाम लाल पुष्पेंद्र कपूर था। हालांकि, लोग उन्हें पिंचू कपूर के नाम से जानते थे।

### अपनी अलग पहचान बनाई

कभी वो हीरोइन के खड़ूस बाप बनते थे, तो कभी अमीरी का रुतबा दिखाते हुए नजर आते थे। जज, वकील, पुलिस कमिश्नर, अमीर बिजनेसमैन या कड़क पिता के किरदारों ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। उस दौर में जहां विलेन बहुत लाउड हुआ करते थे, पिंचू कपूर ने बड़े ही शांत और स्टाइलिश विलेन के तौर पर खुद को पेश किया, जो धोखे से जाल बुनते थे। इस तरह से उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। 28 अप्रैल 1989 को महज 62 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया।

### असल जिंदगी में भी रहते थे ठसन से

इसके बाद वह साल 1978 में डॉन में दिखे। इस फिल्म में उन्होंने इंटरपोल ऑफिसर आर.के. मलिक की बेहद अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का वो सीन आज भी याद किया जाता है, जिसमें नकली बने अमिताभ बच्चन उन्हें पहचानते हैं। इसके बाद वह अवतार, कर्ज, झूठा कहीं का, कामचोर, शराबी और हकीकत समेत कई फिल्मों में वह नजर आए। बड़ी बात यह है कि उन्हें ज्यादातर फिल्मों में अमीर सेठ के किरदार में देखा गया। जी हां, असल में जिंदगी में भी वह काफी ठसक में रहते थे। उनका परिवार रसूखदार था। वहीं, फिल्मों में भी उन्हें इसी तरह के किरदार मिलते थे।

### 70- 80 के दशक में फिल्मों में छोड़ी गहरी छाप

हिंदी सिनेमा के इतिहास में जब भी रौबीले और कड़क किरदारों की बात होती है, तो पिंचू कपूर का नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। अपनी कड़क आवाज, सूट-बूट वाली शानदार पर्सनालिटी और सधे हुए अभिनय के दम पर उन्होंने 70 और 80 के दशक की फिल्मों में एक गहरी छाप छोड़ी। सिनेमा में आने से पहले वो थिएटर किया करते थे। थिएटर करने के बाद उन्हें लगा कि अब उन्हें सिनेमा में हाथ आजमाना चाहिए तो वो जयपुर से सीधा अपने भाइयों राज कपूर और शशि कपूर के पास आ गए। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 60 के दशक में की थी। शुरुआत में वह यहूदी, हाउसहोल्डर और दो बूंद पानी जैसी फिल्मों में दिखे। हालांकि, असली ब्रेक उन्हें साल 1973 में आई बॉबी से मिला। भाई राज कपूर की इस फिल्म में वह राज शर्मा (ऋषि कपूर के दोस्त के पिता) के किरदार में दिखे।

## कानपुर में हुई थी जबलपुर की बेटी की हत्या

# सुप्रीम कोर्ट ने ज्योति नागदेव हत्याकांड में अपीलों पर फैसला किया सुरक्षित

**जबलपुर** । सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस सतीश चन्द्र शर्मा की खंडपीठ ने बहुचर्चित ज्योति नागदेव हत्याकांड में सभी चार अपीलों पर संयुक्त रूप से अंतिम सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। 19 जून के बाद निर्णय सुनाया जा सकता है।



मामला 27 जुलाई, 2014 को कानपुर में हुए विवाह के बाद का है। अभियोजन के अनुसार विवाह के महज 17 माह बाद ज्योति की हत्या उसके पति, बिस्कुट कारोबारी पियूष श्यामदसानी ने अपनी कथित प्रेमिका मनीषा मखीजा व अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर षड्यंत्रपूर्वक कराई थी। आरोप है कि सुपारी देकर हत्या की साजिश रची गई थी। कानपुर सत्र न्यायालय ने 20 अक्टूबर, 2022 को पियूष श्यामदसानी, मनीषा मखीजा, अवधेश चतुर्वेदी, रेनू उर्फ अखलेश कनौजिया, सोनू कश्यप और आशीष कश्यप सहित छह आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि 29 नवंबर 2024 को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पांच दोषियों की सजा बरकरार रखते हुए मनीषा मखीजा को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया था। हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दोषी पियूष श्यामदसानी, रेनू उर्फ अखलेश कनौजिया और सोनू कश्यप ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। वहीं मनीषा मखीजा को बरी किए जाने के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकार ने भी विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर उसे पुनः दोषसिद्ध किए जाने की मांग की है। दो दिनों तक चली सुनवाई में सभी पक्षों के तर्क सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया। पीड़िता के पिता शंकर नागदेव चारों मामलों में हस्तक्षेपकर्ता के रूप में शामिल रहे।

## हाईकोर्ट ने कहा - नाबालिग को करो पिता के सुपुर्द

### बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर निर्देश

मप्र हाईकोर्ट ने नाबालिग बेटी को पिता को सौंपने का आदेश सुनाया। जस्टिस प्रणय वर्मा व जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डिवीजन बेंच ने इसी के साथ बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाकर्ता सागर निवासी जगदीश अठिया की ओर से दलील दी गई कि नाबालिग बेटी की आयु 15 वर्ष है। वह लापता हो गई थी। जिसकी शिकायत पुलिस में की गई। जिसके बावजूद पुलिस तलाश नहीं कर रही थी। इसीलिए हाईकोर्ट आना पड़ा। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने नाबालिग को तलाशकर पेश किया। जहां उसके बयान को रिकार्ड पर लेने के साथ ही नाबालिग को पिता को सौंप जाने का आदेश पारित कर दिया गया।



## सीएम हेल्पलाइन के उत्कृष्ट निराकरण पर नगर निगम को मिला शासन का प्रशंसा अवार्ड

**जबलपुर**। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर जबलपुर नगर निगम ने प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। नागरिकों की शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए नगर निगम को शासन द्वारा 'प्रशंसा उत्कृष्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार को प्रशंसा पत्र प्रदान कर इस उपलब्धि पर बधाई दी। यह सम्मान मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के मामलों का नागरिकों की पूर्ण संतुष्टि के साथ निराकरण करने के लिए दिया गया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कहा कि यह उपलब्धि नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत एवं समर्पण का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल शिकायतों का निराकरण करना नहीं, बल्कि नागरिकों को संतुष्ट करना है। यह सम्मान भविष्य में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देगा। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के बीच जबलपुर नगर निगम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह विशिष्ट स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर निगमायुक्त ने पूरी टीम को बधाई देते हुए जनसेवा के प्रति इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## शैलेन्द्र बारी पुनः उपराज्य प्रमुख नियुक्त

**जबलपुर**। शिवसेना संगठन ने मप्र में संगठनात्मक विस्तार के तहत बड़ा निर्णय लेते हुए शैलेन्द्र बारी को 30 वर्षों से संगठन में कार्य, ईमानदारी पर पुनः मप्र राज्य उप प्रमुख पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी नेतृत्व की सहमति और अनुशंसा के आधार पर की गई है, यह निर्णय बाला साहेब ठाकरे के विचारों एवं शिवसेना राष्ट्रीय प्रमुख महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं मप्र प्रभारी सुरेश गूजर, मप्र संगठन प्रमुख ठाणेश्वर महावर की अनुशंसा पर प्रदेश प्रमुख राजू चतुर्वेदी ने शैलेन्द्र बारी को मप्र उपराज्य प्रमुख नियुक्त करते हुए बधाई दी एवं संगठन के प्रति संगठनात्मक कार्य करने का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख सुरजीत सैलू पटेल, गजानंद गुप्त, मुकेश सराठे, सुधीर ताम्रकार, भवानी शंकर सतनामी, कमलेश रजक, धन्नू गुप्ता, भूरा चौधरी, राकेश सोनकर, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, सचिन राठौर, संजय पैगवार, हरीश पटेल सहित अनेक शिवसैनिकों ने बधाई दी है।



## जनेकृविवि में वृहद वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# पर्यावरण दिवस पर प्रशासनिक भवन परिसर में किया पौधरोपण

**जबलपुर**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (जनेकृविवि) के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी प्रशासनिक भवन परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन आज बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने सभी से प्रतिवर्ष



कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। वहीं मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग तथा इंडियन सोसायटी ऑफ सॉइल साइंस, जबलपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश दीक्षित ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण पर जोर दिया। राष्ट्रीय काउंसलर डॉ. बी.एस. द्विवेदी ने ऑनलाइन संबोधन में प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बार्चे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए.के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## मां नर्मदा घाटों की सफाई के बाद राधाभाव मिशन में किया पौधरोपण

**जबलपुर**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कायस्थ महासभा चित्रगुप्त महाराज सेवा ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को समर्पित विशेष अभियान चलाया गया। प्रातः मां नर्मदा घाटों पर सफाई अभियान के तहत घाटों पर जमी काई हटाई गई तथा पॉलीथीन, दोने, फूल एवं अन्य पूजन सामग्री एकत्र कर डस्टबिन में डाली गई। साथ ही नागरिकों से घाटों को स्वच्छ रखने और गंदगी न फैलाने का आग्रह किया गया। इसके पश्चात राधाभाव श्री चित्रगुप्त महाराज धाम में साध्वी शोभा दीदी के सानिध्य में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सहेन्द्र श्रीवास्तव, अमेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, डॉ. विनोद श्रीवास्तव, पियूष वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अखिलेश ब्यौहार, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, प्रमोद वर्मा, स्वामी बिजय सचिन खरे, अविनाश खरे, प्रदीप श्रीवास्तव सहित अनेक चित्रांश बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागरण का संदेश दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस पर पमरे ने चलाया जनजागरूकता अभियान

**जबलपुर**। अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल द्वारा तीनों मंडलों—जबलपुर, भोपाल और कोटा—में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी के निर्देशन में संरक्षा विभाग द्वारा समपार फाटकों पर नुक्कड़ नाटक, जनसंवाद, पंपलेट वितरण तथा सुरक्षा संदेशों के माध्यम से आमजन को सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना तथा सड़क उपयोगकर्ताओं को सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक बनाना है। नागरिकों को मोबाइल फोन एवं ईयरफोन का उपयोग करते हुए रेल पटरी पार न करने, बंद फाटक के नीचे से निकलने का प्रयास न करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी



जा रही है।कोटा मंडल में विभिन्न समपार फाटकों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जबकि भोपाल मंडल में संरक्षा, इंजीनियरिंग, परिचालन, यांत्रिक, वाणिज्यिक, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग तथा रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। मंडल सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया।जबलपुर मंडल में कछपुरा-मदन महल रेलखंड के मध्य स्थित समपार फाटक क्रमांक 316 पर विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर नागरिकों को समपार सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। रेल प्रशासन ने सभी सड़क उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि समपार फाटकों पर निर्धारित सुरक्षा नियमों का पालन कर अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## मप्र न्यायिक कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित

जबलपुर। मध्यप्रदेश न्यायिक कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित रामकुमार प्रजापति प्रांताध्यक्ष द्वारा 06 जून को नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में जबलपुर से न्यायाधिपति एचपी सिंह पूर्व न्यायाधीश मप्र उच्च न्यायालय, आरके देवलिया एवं दिनेश कुमार गुप्ता को संरक्षक, महमूद अहमद अंसारी को प्रांतीय महासचिव, अचिन उसरेठे को उप प्रांताध्यक्ष, राजेश शिवहरे को प्रांतीय सचिव, लोकेश सेलट को प्रांतीय सलाहकार, संतोष जंघेला को मीडिया सेल, मनोज भारद्वाज को आईटी सेल, सैय्यद इफ्तेखार अली रिजवी, शरद व्यास, परमेश्वर यादव को प्रांतीय सहसचिव, रवि शंग्रपवार को संगठन सचिव एवं मोहित श्रीवास्तव को सांस्कृतिक सचिव नियुक्त किया गया है। उक्त सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति पर मप्र न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा जबलपुर की ओर से अभिनंदन किया जाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उक्त नियुक्ति पर जिला जबलपुर के नारायण (भोला) झा, अजय सिंह ठाकुर, विक्रय बर्मन, सागर श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, नीरज राज गर्ग, राकेश पांडे सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

## रानीताल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में साथियों ने साझा कीं क्रिकेट की यादें

## पूर्व रणजी क्रिकेटर महेंद्र तिवारी को खिलाड़ियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश के पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी एवं जबलपुर के वरिष्ठ क्रिकेटर महेंद्र तिवारी के आकस्मिक निधन पर शहर के क्रिकेट जगत में शोक की लहर व्याप्त है। स्थानीय रानीताल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संभाग के वरिष्ठ एवं युवा क्रिकेटरों ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने महेंद्र तिवारी के साथ बिताए क्रिकेट जीवन के संस्मरण साझा किए और उन्हें जबलपुर का सर्वकालीन श्रेष्ठ ऑलराउंडर बताया। वक्ताओं ने कहा कि महेंद्र तिवारी का क्रिकेट के प्रति समर्पण और खेल भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उनके



पूर्व कोच एवं मध्य प्रदेश अंडर-16 क्रिकेट टीम के चयनकर्ता नरेश सचदेव, एमपीसीए के पूर्व सदस्य सुरेश वर्मा, वरिष्ठ क्रिकेटर रतन अलंग, शैलेश मिश्रा, मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अचल सिंह गौर तथा जहांगीराबाद क्लब के कोच अजय चौबे सहित अनेक वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जहांगीराबाद क्रिकेट क्लब, हिमालयन क्रिकेट अकादमी, जेपी अकादमी और जबलपुर क्लब के नवोदित खिलाड़ियों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत क्रिकेटर को नमन किया।

## मेडीकल यूनिवर्सिटी विखंडन रोकने विरोध प्रदर्शन आज

**जबलपुर**। जन संगठनों ने मेडीकल यूनिवर्सिटी के विखंडन के प्रस्ताव का विरोध करने 09 जून को दोपहर 12.30 बजे घंटाघर के पास प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS MEGHA KARNIK AFTER MARRIGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I,AND SHALL BE KNOWN AS NEHA DIGHE W/O SANJAY DIGHE RESIDENT OF 975, SHAKTI NAGAR, NEAR P N B, GUPTESHWAR, JABALPUR (M.P.) 482001.

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम पूर्व में राजेश कुमार अग्रवाल पिता के. एल. अग्रवाल था, जो कि परिवर्तित होकर राजेश अग्रवाल (Rajesh Agrawal) पिता के.एल.अग्रवाल (K.L. Agrawal) हो गया है। अतः अब मुझे इसी नाम से जाना जावे। पता - B-13, आदि होम्स, राईट टाउन, जॉय स्कूल के सामने, भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड जिला जबलपुर म.प्र.-482001

पूर्व नाम-राजेश कुमार अग्रवाल
(Rajesh Kumar Agrawal)
परिवर्तित नाम-राजेश अग्रवाल
(Rajesh Agrawal)



## विक्टोरिया अस्पताल के आउटसोर्स कर्मचारियों के हक में आगे आये विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय

**जबलपुर**। विक्टोरिया अस्पताल सहित जिले के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के हक के लिए जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ल से सोमवार को भोपाल में भेंट की एवं कर्मचारियों से जुड़े विषय को रखा,जिस पर माननीय मंत्री ने त्वरित रूप से इस विषय को संज्ञान में लेते हुए कर्मचारियों के खातों में राशि डलवाने को लेकर निर्देशित किया। जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि जबलपुर के जिला अस्पताल विक्टोरिया में कार्यरत हमारे आउटसोर्स कर्मचारियों की रुकी हुई वेतन का मामला लंबे समय से चिंता का विषय बना हुआ था। इस गंभीर समस्या को लेकर आज माननीय स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला जी से भेंट कर कर्मचारियों की आर्थिक तंगी व परेशानियों से अवगत कराया। आग्रह को बेहद संवेदनशीलता से सुनते हुए मंत्री जी ने तत्काल अधिकारियों को कर्मचारियों के खातों में राशि डलवाने के कड़े निर्देश दिए हैं।



## तुलसी सखी सहेली चौपाल का किया आयोजन

**जबलपुर**। तुलसी सखी सहेली चौपाल का आयोजन विभिन्न कार्यक्रमों के साथ कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा, चेरिताल जबलपुर प्रेक्षाग्रह जबलपुर में किया गया। इसमें आत्मीय, मनोरंजक, ज्ञानवर्धक, आध्यात्म से जुड़े हुए विविध कम समय वाले संदेशात्मक खेल महिलाओं द्वारा खेले गये। गीत, संगीत के साथ विविध विषयों पर चर्चा की गई। स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. आशा पांडे, प्रियंका पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अलका पांडे, अलका मिश्रा, डॉ. मंजु दीक्षित, रश्मि तिवारी, डॉ. सरोज शुक्ला, सुषमा त्रिपाठी, सुधा यादव, संतोष मिश्रा, मधु असाठी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## पेड़ लगाओ जीवन बचाओ, आज का पौधा कल का भविष्य दिया संदेश

### महिला चिकित्सकों ने रोपे फलदार पौधे

**जबलपुर**। स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ, जबलपुर मिनोपॉज सोसाइटी, जबलपुर आईएमए- एम्स संघ के सदस्यों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ. अलका अग्रवाल ने विमल नर्सिंग होम प्रांगण में फलदार पौधे रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर आडू, चेरी, शहतूत के पौधे रोपित करके "पेड़ लगाओ जीवन बचाओ", "आज का पौधा कल का भविष्य", हमारा छोटा सा प्रयास धरती को हरित और स्वस्थ रखे ऐसा संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में जबलपुर स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ की अध्यक्ष डॉक्टर नीता पाराशर एवं सचिव डॉ. रोमा नाग जबलपुर मिनोपोज संघ की अध्यक्ष डॉ. चित्रा जैन, सचिव डॉक्टर सोनल रिछारिया, ima की डबल्यूडीडब्ल्यू की अध्यक्ष डॉ. नीना श्रीवास्तव, आईएमए एमएस की अध्यक्ष डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. रंजना गुप्ता, डॉ. पुष्पा पांडे, डॉ. राखी बाजपेई, डॉ. कुसुम जैन, डॉ. कोमल जैन, डॉ. अनुराधा डांग, डॉ. शारदा मिश्रा, डॉ. आशा नामदेव, डॉ. शिल्पा सोमशेखर, डॉ. प्रियंका गौर, डॉ. शुभाली शर्मा, डॉ. कहकशा रजा, डॉ. फलक रजा, डॉ. कुसुम सोलंकी, डॉ. चारू पाठक, डॉ. ज्योतसना गुप्ता, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. रिचा अग्रवाल, पीएमपी एसोसिएशन के सचिव डॉ. मकसूद चिश्ती, संतोष मिश्रा, आयरा, एलिसबा, भूमि, रिषभ, कृषिव, वेदिका आदि का सहयोग रहा।

**मेडीकल रिकार्ड नष्ट करने की सूचना**

**अनंत नर्सिंग होम प्राइवेट लिमिटेड**
(अनंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल)
मदन महल रेल्वे स्टेशन रोड, राइट टाउन, जबलपुर

आम जनता को सूचित किया जाता है कि अनंत नर्सिंग होम प्रा.लि. (अनंत मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल) जबलपुर में भर्ती मरीजों के दिनाँक 01/01/2017 से 31/12/2018 तक के समस्त मेडिकल रिकार्ड नष्ट किये जा रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति या संस्था आदि इस अवधि से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त करना चाहते है, तो तथ्यों एवं दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता से एक माह के अंदर संपर्क करें। तत्पश्चात कोई भी आवेदन मान्य नहीं होगा। तथ्यों के आधार पर जानकारी देने या ना देने का अधिकार हॉस्पिटल प्रबंधन के पास सुरक्षित है।

09/06/2025 मेडिकल डायरेक्टर

## खबर संक्षेप

### एक्सक्लुसिव रीटेल चैनल टीवीएस पैडॉक की घोषणा

**बेंगलुरु।** टीवीएस मोटर कंपनी ने प्रीमियम पोर्टफोलियो के लिए समर्पित अपने एक्सक्लुज़िव रीटेल चैनल टीवीएस पैडॉक की घोषणा के साथ उपभोक्ता उन्मुख रीटेल एवं ओनरशिप के अनुभव में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह पहल कंपनी की प्रीमियम मोबिलिटी की यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धि है। टीवीस मोटर कंपनी के चेयरमैन सुदर्शन वेणु ने कहा कि उपभोक्ताओं के साथ मजबूत रिश्ते बनाने के लिए गहन जुड़ाव को एक साथ लाकर प्रीमियम ओनरशिप के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करने की हमारी प्रतिबद्धता है।

### आरसीसीपीएल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली।** आरसीसीपीएल प्रायवेट लिमिटेड मैहर ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्लांट एवं माइंस क्षेत्र के ग्रामों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों, बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रीतम सिंह बुंदेला, आरसीसीपीएल के कमर्शियल विभाग से सुमित अग्रवाल एवं मनोज सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### एचडीएफसी बैंक के हासिल की उपलब्धि

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम 'परिवर्तन' के तहत फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) पहल में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने की घोषणा की है। बैंक ने सीआईआई फाउंडेशन के सहयोग से वर्ष 2025 के दौरान पंजाब और हरियाणा के 3.78 लाख एकड़ से अधिक कृषि क्षेत्र में पराली जलाने की समस्या को कम करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

## अब रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और होटल रेस्टोरेंट की खैर नहीं

# खाद्य विक्रेताओं को चेतावनी : एफएसएसएआई ने कहा- स्याही लगे कागज में नाश्ता और भोजन पैक करने वालों पर होगी कार्रवाई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य सुरक्षा को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई ) ने खाद्य विक्रेताओं को सख्त चेतावनी जारी की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि नाश्ता, भोजन या अन्य खाद्य पदार्थों को अखबार में पैक करना या परोसना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन भी है। ऐसे मामलों में कार्रवाई की जाएगी। एफएसएसएआई ने सभी रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग और सर्विंग के लिए अखबार का उपयोग तुरंत बंद करें। प्राधिकरण का कहना है कि अखबार की छपाई में उपयोग होने वाली स्याही और रसायन गर्म या तैलीय खाद्य पदार्थों के संपर्क में आकर भोजन को दूषित कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे पैदा हो सकते हैं। हाल ही में एक चर्चित मामले में एक प्रसिद्ध वड़ापाव विक्रेता द्वारा ग्राहकों को अखबार में खाद्य पदार्थ परोसने और पैक कर देने की शिकायत सामने आई थी। इसके बाद एफएसएसएआई और स्थानीय प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच और कार्रवाई शुरू की।

*केवल खाद्य-ग्रेड पैकेजिंग सामग्री का ही उपयोग करें*

*खाद्य सुरक्षा एवं मानक एक्ट के तहत होगी कार्रवाई*

» भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों और बाजारों में निरीक्षण अभियान तेज किए जाएंगे,ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।



### खाद्य सुरक्षा नियमों का करना होगा पालन

खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी डीके वर्मा ने कहा कि खाद्य विक्रेता केवल खाद्य-ग्रेड पैकेजिंग सामग्री का ही उपयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने कहाकि प्राधिकरण भोपाल सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों और बाजारों में निरीक्षण अभियान तेज किए जाएंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग निर्धारित मानकों के अनुरूप हो।

## बड़े डिब्बे वाले सांची दही की सप्लाई महीने भर से बाधित

# सांची दुग्ध संघ के सीईओ बोले- बड़े डिब्बे आ गए हैं, सप्ताहभर में मिलने लगेंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

डिब्बाबंद चहेतों को सप्ताह भर के भीतर सांची कॉर्नर और सांची पार्लर

प्रबंधन के समक्ष करीब 1 महीने से बड़े डिब्बों का संकट का था

भोपाल सांची दुग्ध संघ के द्वारा तैयार डिब्बाबंद दही उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है। हालांकि दही 500 ग्राम के पैकेट में पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है, लेकिन चहेतों को 500 ग्राम का डिब्बा बंद दही नहीं मिलने से उपभोक्ताओं के साथ सांची पार्लर संचालकों की नाराजगी बढ़ रही है।

दुकानदारों के अनुसार बड़ा डिब्बा बंद दही पैक अब केवल छोटे कप या पाउच में ही उपलब्ध है। जबकि लोग शिकायत कर रहे हैं कि नियमित रूप से मिलने वाला बड़ा दही पैक पिछले दो महीने से नहीं मिल रहा । छोटे पैक खरीदने से खर्च बढ़ गया है। बड़े परिवारों में डिब्बाबंद दही के चहेतों को कमी महसूस हो रही है।



बाजार में सिर्फ पैकेट और छोटे कप में दही उपलब्ध

### डिब्बों की उपलब्धता हो रही है

इधर भोपाल सांची दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रीतेश जोशी ने कहा कि प्रबंधन के समक्ष करीब 1 महीने से बड़े डिब्बों का संकट उत्पन्न है जिसके चलते बड़े डिब्बे में दही की सप्लाई बाधित है। लेकिन अब प्रबंधन के पास डिब्बों की उपलब्धता हो रही है। अतः शीघ्र ही 500 ग्राम डिब्बाबंद दही की सप्लाई सांची पार्लरों और सांची कॉर्नर में की जाएगी।

### फॉर्च्यून पोहा से तैयार 100 प्रकार के पोहा व्यंजनों की लगाइ प्रदर्शनी

**इंदौर।** विश्व पोहा दिवस के अवसर पर फॉर्च्यूनने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस अवसर पर फॉर्च्यून पोहा से तैयार 100 प्रकार के अनोखे पोहा व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई, वहीं 1,000 से अधिक लोगों ने एक साथ पोहा का स्वाद लेकर सामूहिक भोज में भाग लिया। इस उपलब्धि को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। 100 प्रकार के पोहा व्यंजनों की प्रदर्शनी ने इस लोकप्रिय खाद्य पदार्थ की क्षेत्रीय विविधता, बहुमुखी प्रतिभा और सांस्कृतिक महत्व को प्रदर्शित किया। वहीं, 1,000 से अधिक लोगों ने एक साथ सबसे बड़े सामूहिक पोहा भोज में शामिल हुए।

### हीरो मोटोकॉर्प ने लांच की फ्लेक्स फ्यूल बाइक

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अपनी पहली फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिलें लांच की हैं। कंपनी ने अपने लोकप्रिय मॉडल स्प्लेंडर प्लस और एचएफ डीलक्स के फ्लेक्स फ्यूल वेरिएंट बाजार में उतारे हैं।


**खंड- I**
**ई - निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन,**
**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 5/ ई-टेंडरिंग / 2026 दिनांक 04/06/2026

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टील (सरिया) (ISI) Thermo mechanically treated bars (TMT), 12 mm | 34000/- | 1000/- |
| 2 | स्टील (सरिया) (ISI) Thermo mechanically treated bars (TMT), 10 mm | | |
| 3 | स्टील (सरिया) (ISI) Thermo mechanically treated bars (TMT), 8 mm | | |
| 4 | स्टील (सरिया) (ISI) Thermo mechanically treated bars (TMT), 6 mm | | |
| 5 | वाईडिंग वायर | | |
| 6 | एंगिल लोहा | | |
| 7 | खिड़की हेतु लोहा ग्रिल | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर ( दिनांक ) 04/06/2026 को सुबह 03:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक ऑनलाईन खरीद सकते है ।। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी । 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 15/06/2026 समय 02:00 बजे को कार्यालय दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। वीडियों कॉन्फ्रेंस लिंक प्राप्त करने हेतु ई-मेल dfotsseoni@mp.gov.in पर दिनांक 12/06/2026 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करे । वीडियों कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 13/16/2026 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगी । निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं । 5. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in/

**वनमण्डलाधिकारी**
G-14093/26 "स्वच्छता ही सेवा" **(दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल**


## धारा 133ए (2ए ) के तहत किए गए सर्वे इस श्रेणी में शामिल नहीं

# वित्त वर्ष 2026-27 में आयकर रिटर्न की अनिवार्य स्क्रूटनी के लिए नए दिशा-निर्देश जारी हुए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026-27 (मूल्यांकन वर्ष 2026-27) के लिए अनिवार्य विस्तृत जांच के नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन नियमों के तहत आयकर विभाग उच्च जोखिम वाले मामलों, तलाशी व सर्वेक्षण, कर चोरी, और आवर्ती अतिरिक्त मामलों से जुड़े रिटर्न की पूर्ण रूप से जांच करेगा। आयकर विभाग ने ये दिशा-निर्देश आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 536(2)(सी ) के तहत जारी किए गए हैं, जिनमें उन मामलों की पहचान और प्रक्रिया निर्धारित की गई है ।

### उद्देश्य कर अनुपालन और व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना

उन्होंने कहा कि निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि 1 अप्रैल 2024 या उसके बाद जिन करदाताओं के यहां सर्वे किया गया है, उनके आयकर रिटर्नों को वित्त वर्ष 2026-27 में अनिवार्य रूप से पूर्ण स्क्रूटनी के लिए चयनित किया जाएगा। इन मामलों का चयन आयकर विभाग की सिस्टम शाखा द्वारा किया जाएगा तथा इसके लिए महानिदेशक आयकर (सिस्टम्स), नई दिल्ली की स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। आयकर विभाग का उद्देश्य ऐसे मामलों की विस्तृत जांच कर कर अनुपालन को मजबूत बनाना तथा कर व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।




### स्नैपचैट ने 10 गुना वृद्धि की घोषणा की

**नई दिल्ली।** स्नैपचैट ने भारत में अपने विज्ञापन व्यवसाय में मजबूत वृद्धि की घोषणा की। पिछले दो वर्षों में प्लेटफ़ॉर्म पर विज्ञापनदाताओं की संख्या 10 गुना बढ़ी है, जबकि पूरे वर्ष की चारों तिमाहियों में लगातार विज्ञापन खर्च करने वाले विज्ञापनदाताओं की संख्या तीन गुना हो गई है। भारत में 25 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ, स्नैपचैट आज उस तरीके के केंद्र में है।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



**कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)**

**ई. निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/2826 to 2832.2857/लोक निर्माण शाखा/2026 विदिशा दिनाँक 03/06/2026


नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई.निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| निविदा क्रं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2826 | 2026_UAD_513008_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 28 puratatav office to yuvraj club Road vidisha | I Call | 1257228.00 | 9429.00 | 2000.00 | 06 month | 3/7/2026 |
| 2827 | 2026_UAD_513023_1 | Construction work of pavor block and Toilet at ward no 11 MLB School vidisha. | I Call | 2061289.00 | 15460.00 | 2000.00 | 06 month | 3/7/2026 |
| 2828 | 2026_UAD_513026_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 23 main road arjundas shop to durga shop and manoj kushwah house vidisha | I Call | 165407.00 | 3308.00 | 1000.00 | 03 month | 17/06/2026 |
| 2829 | 2026_UAD_513046_1 | Construction work of C.C. Road renewal coat at ward no 07 baripura various streets vidisha | I Call | 1060716.00 | 7955.00 | 2000.00 | 03 month | 17/06/2026 |
| 2830 | 2026_UAD_513163_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 09 Manoj jatav to ashok nagar roat rajesh dhakad house vidisha. | II Call | 1032822.00 | 7746.00 | 2000.00 | 03 month | 17/06/2026 |
| 2831 | 2026_UAD_513164_1 | Construction work of RCC drain at ward no 09 baksariya sanjay house to deepak rajput house vidisha | II Call | 535124.00 | 5351.00 | 2000.00 | 03 month | 17/06/2026 |
| 2832 | 2026_UAD_513165_1 | Construction work Covring well and grilles at ward no 09 imambara kua and jheel kua vidisha. | II Call | 154466.00 | 3089.00 | 1000.00 | 03 month | 17/06/2026 |
| 2833 | 2026_UAD_513166_1 | Construction work of RCC drain and slave at ward no 21 khariphatak road vidisha | I Call | 889227,00 | 8892.00 | 2000.00 | 03 month | 17/06/2026 |
| 2857 | 2026_UAD_513168_1 | Construction work of C.C. Road at ward no 08 toppura various streets vidisha. | II Call | 1146352.00 | 8598.00 | 2000.00 | 06 month | 12/6/2026 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड़, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि. शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेबसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद विदिशा**


## शब्द पहेली - 6251



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टोंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 6250 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6261

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6260 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

हरिभूमि
# सहेली
जबलपुर, मंगलवार
9 जून 2026



हर महिला अपनी लाइफ में सक्सेस चाहती है, वह अपने सारे डिसीजंस स्वयं लेना चाहती है, लेकिन कहीं न कहीं उसके भीतर कुछ संकोच, दुविधाएं होती हैं, जो उसके आगे बढ़ने की राह में बाधक होती हैं। आप कैसे इन बातों से उबरें और स्ट्रॉन्ग होकर सक्सेसफुल वूमेन बनें, आपके लिए फाइव पॉवर पंच।

## 5 हर वूमेन के लिए पॉवर पंच

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

आज के दौर में महिलाएं हर फील्ड में अपनी पहचान बना रही हैं। सक्सेस की इस दौड़ में खुद को मेंटली और इमोशनल रूप से स्ट्रॉन्ग रखना भी बहुत जरूरी है। इस संदर्भ में यह समझना भी जरूरी है कि घर-परिवार, करियर और अपने पर्सनल एंबिशंस के बीच बैलेंस बनाने के लिए केवल मेहनत काफी नहीं है, सही विजन और मेंटल क्लीनर्स भी बहुत जरूरी हैं। एक महिला की असली शक्ति उसके भीतर ही होती है। जब उसकी सोच बदलती है, तो उसकी दुनिया बदल जाती है। हर महिला अगर 5 प्रभावशाली-शक्तिशाली सूत्रों को अपने व्यवहार में उतारें, तो वे देखेंगी कैसे उनका जीवन अधिक संतुलित, सफल और खुशियों से भर उठता है। ये जीवनोपयोगी सूत्र कौन से हैं, जानें-

### 1. अपनी जगह बनाना सीखें


कॉर्पोरेट वर्ल्ड और पर्सनल लाइफ में महिलाओं को संकोचवश एक अदृश्य खोल में सिमटा हुआ देखा जाता है। अकसर महिलाएं अपनी योग्यता पर संदेह करती हैं, जिसे



'इंपोस्टर सिंड्रोम' कहा जाता है। वे मीटिंग्स में पीछे की चेयर चुनती हैं या अपनी उपलब्धि का श्रेय नहीं लेना चाहतीं। कोई उनकी सराहना करता भी है तो इसका श्रेय वे अपने आपको नहीं अपने भाग्य को देती हैं, लेकिन आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि आप अपनी काबिलियत पर भरोसा करें। डिसीजन लेने वाली एक्टिविटीज में एक्टिव हों। जब तक आप खुद को आगे नहीं बढ़ाएंगी, दुनिया आपको जगह नहीं देगी। यह सीख केवल ऑफिस तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार के महत्वपूर्ण निर्णयों में भी अपनी आवाज बुलंद करने के लिए इंस्पायर करती है। बेस्टसेलर पुस्तक 'लीन इन' की लेखिका शेरिल सैंडबर्ग कहती हैं, 'आप अपनी एंबीशंस के लिए माफी मांगना बंद करें और कॉन्फिडेंस के साथ लीडर की कमान संभालें।

### 2. फाइनेंसियल लिट्रेसी बढ़ाएं

फाइनेंसियल फील्ड को अकसर पुरुषों की फील्ड मान लिया



जाता है, जो एक बड़ी भूल है। एक्सपर्ट कहते हैं, असली संपत्ति वह है, जो आपकी जेब में पैसा डाले, न कि बाहर निकाले। महिलाओं के लिए केवल बचत करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पैसों की खेती करना यानी निवेश करना भी अनिवार्य है। चाहे वह स्टॉक मार्केट हो, म्यूचुअल फंड हो या छोटा बिजनेस, पैसे को अपने लिए सही जगह पर लगाना सीखें। ताकि आपका पैसा, और पैसा कमाए। आर्थिक निर्भरता कभी-कभी महिलाओं को गलत स्थितियों में रहने पर मजबूर कर देती है। इसलिए अपनी आय के स्रोत बनाना और अपने फाइनेंसियल डिसीजन खुद लेना सेल्फ डिपेंडेंट होने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रसिद्ध फाइनेंस एडवाइस बुक 'थिंक एंड ग्रो रिच' में राइटर रॉबर्ट कियोसाकी कहते हैं, 'अपनी 'फाइनेंसियल लिट्रेसी बढ़ाएं ताकि आप भविष्य के प्रति सुरक्षित महसूस कर सकें।'

### 3. अपनी वीकनेस को एक्सेप्ट करें

हम एक ऐसे समाज में रहते हैं, जहां महिलाओं पर 'परफेक्ट' दिखने का भारी दबाव होता है। उनसे एक परफेक्ट मां, पत्नी और कर्मचारी बनने की उम्मीद की जाती है। परफेक्शनिज्म एक ऐसा कवच है, जिसे हम चोट से बचने के लिए पहनते हैं, लेकिन यह हमें दूसरों से जुड़ने से रोकता है। असली साहस अपनी वीकनेस को एक्सेप्ट करने में है। बुक 'द गिफ्ट्स ऑफ इंपरफेक्शन' की राइटर ब्रेने ब्राउन कहती हैं, 'जब आप यह मान लेती हैं- मैं जैसी हूं, पर्याप्त हूं, तब आप दिखावे की थकान से मुक्त हो जाती हैं।' ब्रेने ब्राउन की सलाह है कि महिलाएं आत्म-करुणा का अभ्यास करें। वे खुद के प्रति उतनी ही दयालु रहें, जितनी वे अपने प्रियजनों के प्रति होती हैं। अपनी खामियों को अपनी विशिष्टता मानें, क्योंकि वे ही आपको 'इंसान' बनाती हैं। यह सूत्र मानसिक शांति और गहरे आत्म-सम्मान का आधार है।

### 4. छोटी आदतों का बड़ा जादू

अकसर महिलाएं अपने हेल्थ या करियर में बड़े बदलाव लाने की कोशिश करती हैं, असफल होने पर निराश हो जाती हैं। 'एटॉमिक हैबिट्स' के राइटर जेम्स क्लियर सिखाते हैं कि लक्ष्य से ज्यादा 'सिस्टम' महत्वपूर्ण है। यदि आप रोज केवल एक प्रतिशत खुद में सुधार करती हैं, तो साल के अंत में आप 37 गुना बेहतर बन सकती हैं। इसे 'एटॉमिक हैबिट्स' कहते हैं। अगर आप फिट रहना चाहती हैं, तो पहले दिन एक घंटा जिम जाने के बजाय केवल पांच मिनट टहलने की आदत डालें। 'हैबिट स्टैकिंग' का प्रयोग करें, जैसे सुबह की चाय पीते समय दो पन्ने बुक पढ़ना। ये छोटे बदलाव समय के साथ कंपाउंडिंग ब्याज की तरह बढ़ते हैं और आपके व्यक्तित्व का



हिस्सा बन जाते हैं। बड़े लक्ष्यों को छोटे, आसान कदमों में बांटकर आप बिना तनाव के बड़ी सक्सेस पा सकती हैं।

### 5. अपनी पहचान अपने ढंग से बनाएं

हमें अपनी पहचान दूसरों की नजरों से तय नहीं करनी चाहिए। आप एक मां, बेटी या पत्नी होने से कहीं बढ़कर हैं। अपनी जड़ों का सम्मान करें, लेकिन अपनी पहचान को किसी एक भूमिका में सीमित न होने दें। चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी आवाज और पहचान ढूंढ़ना ही जीवन का असली उद्देश्य होना चाहिए। यह कभी न भूलें कि आपकी परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, आपकी मेहनत और आपके विचार ही आपका भविष्य तय करते हैं। a

## बच्चे जीवन में हों सफल इसके लिए शुरू से सिखाएं ये बातें

सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं, उनके बच्चे जीवन में सफल रहें, एक अच्छा मुकाम पाएं। इसके लिए जरूरी है वे शुरू से बच्चों को कुछ उपयोगी सीखें दें। इन सीखों से बच्चे जरूर जीवन में सफल रहेंगे।

परवरिश
रजनी अरोड़ा



सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं, उनका बच्चा बड़े होकर डरपोक नहीं, मजबूत बने, अपनी समझ से सही फैसले ले। इसके लिए पैरेंट्स का अपने बच्चों को कुछ बातें सिखानी जरूरी हैं ताकि वे अंदर से स्ट्रॉन्ग और कॉन्फिडेंट बनें। जो बच्चा समझदार और अंदर से मजबूत होगा, वह कभी भी कमजोर नहीं साबित होगा, जीवन में सफल रहेगा।

**सही काम करने के लिए प्रेरित करें:** बच्चों को बताएं हमेशा सही काम करो। सही काम इसलिए करो कि खुद पर गर्व हो। दूसरों को दिखाने के लिए अच्छा मत बनो। अच्छा इसलिए बनो कि दिन बीतने के बाद जब अपने बारे में सोचो तो गर्व महसूस हो। बच्चों को समझाएं कि चरित्र ही इंसान की असली ताकत होती है।

**अपने आपको समझना जरूरी:** बच्चे को बताएं कि सबको खुश करना जरूरी नहीं है। हर इंसान तुम्हारी इज्जत या दोस्ती के लायक नहीं होता। अपने आपको समझना जरूरी है, जो अपने आपको समझता है, वह दुनिया में मजबूती से खड़ा रहता है।



**समझदारी से दोस्त बनाएं:** बच्चों को दोस्तों की परख करना सिखाएं कि अच्छे दोस्त आगे बढ़ाने में मददगार होते हैं। वह जिनके आस-पास रहता है, वे या तो उसे आगे बढ़ाएंगे या नीचे गिराएंगे। इसलिए समझदारी से दोस्त बनाए।

**अपनी हेल्थ से बड़ा कुछ नहीं:** बच्चों को समझाएं कि दोस्तों के प्रभाव में आकर किसी खराब आदत को न अपनाएं। मोबाइल की लत, झूठ बोलना, आलस करना सही नहीं है। आज की छोटी गलती कल की बड़ी परेशानी या एडिक्शन बनते देर नहीं लगेगी। बच्चों को समझाएं कि हेल्थ उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी है, इसलिए अनहेल्दी हैबिट्स से दूर रहें।

**सतर्कता से छोटे-छोटे डिसीजन लें:** बच्चे को बताएं कि उसे अपने लेवल पर रोज छोटे-छोटे डिसीजन लेने पड़ते हैं। उस वक्त सिर्फ इतना याद रखना जरूरी है कि उसके द्वारा लिए गए डिसीजन से ही उसका परिणाम तय होता है। वो परिणाम पॉजिटिव भी हो सकता है और नेगेटिव भी। इसलिए कोई भी डिसीजन लेने से पहले अच्छी तरह विचार जरूर कर लें।

**न बोलना सिखाएं:** अगर कुछ गलत लगे, मन न माने, डर लगे तो उसे न बोले। न कहना गलत या शिष्टाचार के विरुद्ध नहीं, अपनी इज्जत और सुरक्षा की निशानी है।

**लक्ष्य जरूर तय करें:** बच्चे को बताएं कि तुम्हारे पास एक लक्ष्य होना जरूरी है कि तुम भविष्य में क्या बनना चाहते हो? अगले एक-दो वर्ष में किस दिशा में आगे बढ़ना चाहते हो? लेकिन ध्यान रखो कि कोई फाइनल डिसीजन अभी नहीं लो, क्योंकि कई बार अनचाहे हालातों के कारण या किसी दूसरे कारणों से लक्ष्य बदलने भी पड़ते हैं।

**रातों-रात सफलता नहीं मिलती:** बच्चों को बताएं कि रातों-रात सफल होना एक भ्रम है। हुनर शुरुआत दिलाता है, अनुशासन आगे बढ़ाता है। सिर्फ टैलेंट काफी नहीं होता, जो निरंतर मेहनत करता है, छोटे-छोटे प्रयास करता है, वही आगे बढ़ता है, सफल होता है। जो भी करो, पूरी लगन से करो।

**असफलता से सीख लें:** किसी काम में अगर असफल होते हो तो यह समझना जरूरी है कि असफल क्यों हुए, इससे क्या सीखा? असफलता का जीवन और करियर पर क्या असर पड़ा? बच्चों को यह भी बताएं कि असफलता बुरी बात नहीं है। असफलता का मतलब हार नहीं, एक सबक है। जिस बच्चे को यह बात समझ में आ जाएगी, वो कभी भी असफलता से नहीं डरेगा। a

**(होली फैमिली अस्पताल, दिल्ली की सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. मंजू मेहता से हुई बातचीत पर आधारित)**

## घरेलू उपायों से पैरों की टैनिंग होगी दूर

स्किन केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



गर्मी के मौसम में तेज धूप, धूल भरी गर्म हवाएं और पसीने की वजह से हमारे पैरों का रंग टैन होने लगता है। इससे उनकी खूबसूरती डल हो जाती है। अगर आप भी इस प्रॉब्लम से परेशान हैं तो कुछ आसान घरेलू उपायों की मदद से इस मौसम में भी अपने पैरों को सुंदर और सॉफ्ट बनाए रख सकती हैं।

**स्क्रबिंग:** पैरों की टैनिंग हटाने के लिए टूथपेस्ट, सोडा, नीबू के रस से बना पैक काफी मददगार साबित होता है। बेकिंग सोडा और नीबू, स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करेगा। नीबू में मौजूद विटामिन-सी त्वचा पर हाइपर पिगमेंटेशन की समस्या को दूर करने में मदद करता है। कांच की कटोरी में थोड़ा सा टूथपेस्ट लें। इसमें एक चम्मच बेकिंग सोडा और आधा नीबू का रस मिलाएं। इन तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और ब्रश की मदद से इसे पूरे पैरों पर लगाएं। अब नीबू के छिलके से पैरों को कुछ देर स्क्रब करें। कुछ देर तक इस पेस्ट को पैरों पर लगा रहने दें और फिर पैरों को पानी से साफ कर लें। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से पूरी तरह से टैनिंग से छुटकारा पाया जा सकता है।

**नीबू और खीरा:** खीरे को कद्दूकस या ब्लेंड करके रस निकाल लें। इसमें कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाकर अच्छी तरह मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से पैरों की टैनिंग की जगह पर लगाकर लगभग 15 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालें।



**बेसन-दही:** दही और बेसन को एक साथ अच्छे से मिलाकर पैरों पर 30 मिनट तक लगा रहने दें और फिर पैर धो लें। दही पैरों को मॉयश्चराइज करेगा और बेसन टैनिंग को हटाने में असरदार साबित होगा।

**मास्क:** एक मध्यम आकार के आलू का रस निकालकर इसमें एक बड़ा चम्मच दही मिला लें। इसमें एक छोटा चम्मच बेसन मिला लें। इसमें एक चम्मच नीबू का रस और आधा चम्मच शहद मिला लें। अब आप पैरों को अच्छी तरह धो लें और सूखने दें। इसके बाद इस मास्क को पूरे पैरों में लगाकर आधे घंटे बाद हल्के-हल्के रगड़ते हुए हटा लें। इससे डेड स्किन हट जाएगी। अब पैरों को पानी से धो लें और मॉयश्चराइजर लगा लें।

**टैन रिमूविंग पेस्ट:** इसे बनाने के लिए एक कटोरी में गर्म पानी लें। इसमें ईनो पावडर डालें, फिर 1 चम्मच नीबू का रस डालें। इसमें नारियल का तेल, शैंपू की कुछ बूंदें, 1 चम्मच कॉफी पावडर, 2 चम्मच आटा मिक्स कर लें। अब इसे टैनिंग वाले एरिया पर 10 मिनट तक रगड़ें, फिर साफ पानी से धो लें। a

गर्मी में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं काफी बढ़ जाती हैं। डॉक्टर पानी पीने और शरीर को ठंडा रखने की सलाह देते हैं। यहां पर हम आपको कुछ हर्बल ड्रिंक्स के बारे में बता रहे हैं, जो गर्मी से राहत दिलाने में बहुत फायदेमंद हैं।

## तपती गर्मियों से राहत दिलाएं ये पारंपरिक स्वादिष्ट पेय

सजेशन
संध्या सिंह



आज के डिजिटल दौर में फिर से वही पुराने भारतीय हर्बल पेयों की मांग गर्मी से राहत दिलाने के लिए बढ़ रही है, जो कभी नानी-दादी के जमाने में गर्मी से बचाने का अकेला सहारा हुआ करते थे। कभी गांवों की रसोई में सहज रूप से उपलब्ध बेल का शर्बत, सौंफ का पानी, आम का पना, जौ-चना का सत्तू, पुदीना और खस के पेय, नॉर्मल हुआ करते थे। आज ये सब इसलिए लौटकर तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि इन पेय पदार्थों में सचमुच चिलचिलाती गर्मी से राहत पहुंचाने का शानदार गुण होता है। जानकार मानते हैं कि ये पेय सिर्फ शरीर को ठंडा ही नहीं रखते और न ही सिर्फ पाचन सुधारते हैं बल्कि हमें लू से भी बचाने के साथ लगातार ऊर्जावान भी बनाए रखते हैं। इसलिए आजकल फिर से डॉक्टर और खान-पान के



### ये भी होते हैं फायदे

- आम का पना लू लगने से बचाने में बहुत कारगर होता है।
- जौ का सत्तू गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखता है।
- पुदीना शिकंजी शरीर को ताजगी देती है और इलेक्ट्रोलाइट्स संतुलन बनाती है।
- बेल का शर्बत लू और पेट की गर्मी से राहत दिलाता है।
- सौंफ का पानी पाचन बेहतर करता है और शरीर को ठंडक प्रदान करता है।
- खस का शर्बत शरीर की गर्मी कम करने में मददगार है।

विशेषज्ञ गर्मियों में इन देसी पेयों के अधिक से अधिक सेवन की सलाह देते हैं।

**बेल का शर्बत:** इनमें सबसे खास और ज्यादा असरदायक है बेल का शर्बत। बेल को आयुर्वेद में शीतल प्रकृति का माना गया है। इसमें फाइबर, विटामिन, मिनरल्स की प्रचुर मात्रा होती है। गर्मी के दिनों में यह शरीर को ठंडा रखता है, लू से बचाता है और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं पर रामबाण की तरह असर करता है।

**पुदीना है फायदेमंद:** पुदीना गर्मी से राहत दिलाने का कारगर साधन है। पुदीना शरीर को ताजगी देता है। नीबू और काला नमक मिलाकर अगर पुदीना के रस का सेवन करें तो यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। यही कारण है कि सड़क किनारे मिलने वाली पारंपरिक शिकंजी या जलजीरा आज भी लोगों की पहली पसंद बना हुआ है।

**आम पना:** आम पना लंबे समय से उत्तर भारत के ग्रामीण इलाकों में गर्मी से राहत दिलाने वाला स्वादिष्ट पेय माना जाता है। कच्चे आम से बनने वाला यह स्वादिष्ट पना, हमें हीट स्ट्रोक से बचाने में बहुत कारगर है। इसमें नमक, गुड़, भुना जीरा, थोड़ी काली मिर्च या भुनी हुई लाल मिर्च डालकर बनाने से यह बेहद स्वादिष्ट तो लगता ही है, शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को अच्छे ढंग से पूरा करता है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों ही नहीं शहरी क्षेत्रों में भी आम पना खूब पिया जाता है। a



- 11 जून से सजेगा फुटबॉल का सबसे बड़ा रंगमंच, टूटेंगे पुराने रिकॉर्ड
- अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में 39 दिनों तक मचेगा फुटबॉल का घमासान
- 16 स्टेडियम में पहली बार ट्रिपल होस्टिंग का अनोखा रोमांच

# फुटबॉल का 'मेगा शो', 3 देश, 48 टीमें और 104 मैच



एजेंसी ▶▶ न्यू जर्सी

अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में 11 जून से शुरू होने वाला फुटबॉल विश्व कप अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप होगा, जिसमें पहली बार 48 टीम भाग लेंगी और इसमें 104 मैच खेले जाएंगे।

यह टूर्नामेंट 39 दिन तक चलेगा और इसे 16 स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले विश्व कप में 32 टीम भाग लेती थी और यह पहला अवसर है जबकि इस टूर्नामेंट में 48 टीम शामिल हैं। इससे पहले विश्व कप में टीमों की संख्या 1998 में बढ़ाई गई थी। इसके अलावा यह पहला अवसर है जबकि तीन देश मिलकर विश्व कप का आयोजन कर रहे हैं। इससे पहले 2002 में जापान और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त रूप से विश्व कप की मेजबानी की थी।

## अमेरिका में खेला जाएगा फाइनल

विश्व कप अमेरिका के 11, मेक्सिको के 3 और कनाडा के 2 स्थलों पर खेला जाएगा। मेक्सिको 13 मैचों की मेजबानी करेगा, जिनमें 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेजबान टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला उद्घाटन मैच और नॉकआउट दौर के तीन मैच शामिल हैं। कनाडा में भी कुल 13 मैच होंगे, जिनमें से पहला मैच मेजबान टीम और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच 12 जून को टोरंटो में होगा। कनाडा में तीन नॉकआउट मैच भी खेले जाएंगे। बाकी 78 मैच अमेरिका में खेले जाएंगे। अमेरिका में पहला मैच 12 जून को लॉस एंजिलिस में अमेरिका और पराग्वे के बीच खेला जाएगा। अमेरिका में क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाएंगे।




## विश्व कप से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े

### रिकॉर्ड 1,248 खिलाड़ी होंगे शामिल

48 टीम में रिकॉर्ड 1,248 खिलाड़ी शामिल हैं, जो 71 देशों के 449 घरेलू क्लबों से आए हैं। इनमें 357 खिलाड़ी विश्व कप में पहले खेल चुके हैं, जबकि 891 खिलाड़ी पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इंग्लैंड के क्लबों में खेलने वाले सर्वाधिक 200 खिलाड़ी विश्व कप में अपना जलवा दिखाएंगे। इसके बाद जर्मनी (109)), फ्रांस (86), स्पेन (86), इटली (71) और सऊदी अरब (49) का स्थान आता है। प्रीमियर लीग की टीम मैनचेस्टर सिटी के सर्वाधिक 19 खिलाड़ी विश्व कप में भाग लेंगे। उसके बाद बायर्न म्यूनिख (18), चैंपियंस लीग के फाइनलिस्ट पेरिस सेंट-जर्मेन और आर्सेनल (16) और बार्सिलोना ((15) का नंबर आता है।

### केवल आठ देशों ने जीता विश्व कप

केवल आठ देशों ने विश्व कप जीता है, जिनमें से छह टीमों ने एक से अधिक खिताब जीते हैं। ब्राजील पांच खिताब के साथ सबसे आगे है। केवल दो देशों ने ही लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। पेले के नेतृत्व में ब्राजील ने 1958 और 1962 में खिताब जीता था, जबकि इटली ने 1934 और 1938 में खिताब अपने नाम किया था।

### 23वीं बार ब्राजील लेगा हिस्सा

ब्राज़ील एकमात्र ऐसा देश है जिसने 1930 में उरुग्वे में शुरू हुए विश्व कप से लेकर अब तक सभी विश्व कप में भाग लिया है। ब्राज़ील 76 जीत, 237 गोल और 129-0 के गोल अंतर के साथ सभी देशों में सबसे आगे है। पहले 22 विश्व कप में 964 मैचों में 2,720 गोल किए गए हैं।

### खिलाड़ियों में 25 साल का अंतर

सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के बीच 25 साल से अधिक का अंतर है। स्कॉटलैंड के गोलकीपर क्रेग गॉर्डन टूर्नामेंट के पहले दिन 43 साल और 162 दिन, जबकि मैक्सिको के गिल्बर्ट मोरा 17 साल और 240 दिन के होंगे।

### फ्रांस करेगा लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचने की कोशिश

फ्रांस लगातार तीन फाइनल में पहुंचने वाला तीसरा देश बनने की कोशिश करेगा। इससे पहले उसने 2018 में खिताब जीता था लेकिन 2022 में वह हार गया था। पश्चिम जर्मनी 1982 और 1986 में फाइनल हार गया था, जिसके बाद उसने 1990 में अर्जेंटीना को हराया था। ब्राजील ने 1994 और 2002 में जीत हासिल की थी, जबकि 1998 में उसे फ्रांस से खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।


## रोनाल्डो ने खेले अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैच



पुर्तगाल के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 226 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी के साथ छह विश्व कप में भाग लेने वाले पहले खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं। मेस्सी ने अपने करियर में विश्व कप के सबसे अधिक 26 मैच खेले हैं और वह 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने से केवल दो मैच दूर हैं।
**टूट सकता है क्लोज का विश्व कप में 16 गोल करने का रिकॉर्ड** : जर्मनी के लिए मिरोस्लाव क्लोज़ का विश्व कप में 16 गोल करने का रिकॉर्ड इस बार टूट सकता है। मेस्सी ने विश्व कप में 13 गोल किए हैं और वह क्लोज, ब्राज़ील के स्टार रोनाल्डो (15) और गेर्ड मुलर (14) से ही पीछे हैं। फ्रांस के किलियन एमबाप्पे भी इस रिकॉर्ड की दौड़ में हैं, जिन्होंने पिछले दो टूर्नामेंट में कुल मिलाकर 12 गोल किए हैं।

---

## खबर संक्षेप



### आईजीपीएल क्लासिक : कोचर ने बनाई शीर्ष 10 में जगह

**अल जदीदा।** भारत के करणदीप कोचर ने अंतिम दिन बोगीमुक्त चार अंडर 68 का स्कोर बनाया, जिससे वह आईजीपीएल भारत क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त नौवें स्थान पर रहे। यह इस सत्र में तीसरा अवसर है जबकि कोचर ने इस सत्र में किसी टूर्नामेंट के शीर्ष 10 में जगह बनाई। चंडीगढ़ के इस गोल्फर ने अब एशियन टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वां स्थान हासिल कर लिया है। कोचर का कुल स्कोर 11 अंडर रहा, जबकि स्वीडन के चार्ली लिंध ने 18 अंडर के स्कोर के साथ खिताब जीता। भारत के अन्य खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर और यशस चंद्र छह अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 27वें स्थान पर रहे। राशिद खान, कार्तिक सिंह और सचिन बैसोया संयुक्त 41वें स्थान पर रहे।

### तमीम इकबाल बने बीसीबी के अध्यक्ष

**ढाका।** पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद पर चुने गए सबसे युवा उम्मीदवार हैं। वह चार साल के लिए इस पद पर रहेंगे।



यह 37 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी इससे पहले अप्रैल से तदर्थ समिति के प्रमुख के रूप में कार्य कर रहा है। तमीम ने अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, ' संगठन में बहुत सी कमियां हैं।अगर हम सभी (संवैधानिक सुधार के बारे में) एकमत होते हैं तो हम अगली वार्षिक आम बैठक में उन पर चर्चा करेंगे। यह 12 या 13 लोगों के बोर्ड जैसा नहीं है, जहां एक व्यक्ति कुछ कहता है और उस पर अमल कर लिया जाता है।' तमीम ने एक क्रिकेटर के रूप में 15 साल के करियर में 70 टेस्ट और 243 वनडे मैच खेले।

### विश्व कप में हिस्सा लेने मेक्सिको पहुंची ईरानी टीम

**टिजूआना।** फीफा विश्व कप में भाग लेने के लिए ईरान की टीम मेक्सिको पहुंची तो खिलाड़ियों ने अपने जैकेट पर ऐसे 'लेपल पिन' लगाए थे, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के शुरुआती दौर में एक प्राथमिक स्कूल पर हुए घातक मिसाइल हमले के पीड़ितों की याद दिला रहे थे। खिलाड़ियों को टिजुआना में विमान से उतरते समय '168' अंक लिखे हुए सुनहरे रंग के पिन के साथ देखा गया। यह संख्या उस हमले में मारे गए लोगों की थी, जिनमें ज्यादातर बच्चे थे। यह हमला 28 फरवरी को दक्षिणी ईरान के मिनाब में हुआ था।

## टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रन से हराया, 8 साल पुराना कीर्तिमान ध्वस्त

# 3 दिन में अफगानिस्तान ने टेके घुटने, भारत की सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

भारत ने अफगानिस्तान को एकमात्र टेस्ट में तीसरे ही दिन सोमवार को एक पारी और 300 रन से हरा दिया और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार का पदार्पण मैच में यादगार प्रदर्शन मेजबान के लिए इस मैच की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पहली पारी में सुथार के 6 विकेट के दम पर भारत ने अफगानिस्तान को 152 रन पर आउट कर दिया था।

दूसरी पारी में अफगानिस्तान की टीम 35.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गई। भारत की यह पारी के अंतर के आधार पर सबसे बड़ी जीत रही। दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने 4 और कुलदीप यादव ने 3 विकेट चटकाए। भारत ने 2018 में अफगानिस्तान को एक पारी और 260 रन से हराया था लेकिन मेहमान टीम के लिए राहत की बात यह है कि वे इस मैच को तीसरे दिन तक खींचकर ले गए।




### अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक

अफगानिस्तान के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। भारतीय स्पिनरों ने उनके गैर जिम्मेदाराना शॉट चयन का पूरा फायदा उठाया। पहली पारी की गलतियों से भी अफगान बल्लेबाजों ने सबक नहीं सीखा और दूसरी पारी में प्रदर्शन और खराब रहा। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल (42) चाय से पहले आखिरी गेंद पर आउट हुए। अटल ने वॉशिंगटन सुंदर की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में मोहम्मद सिराज को आसान कैच दिया। रहमानुल्लाह गुरबाज (24) ने कुलदीप की गेंद पर हवाई शॉट खेला और लांग आन सीमा पर सिराज ने उनका कैच लपक लिया। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह (13) ने सुंदर की गेंद पर सुतार को कैच थमाया। सुथार ने सुबह जब पारी में 5 विकेट पूरे किए तो यह कारनामा देखने के लिए मैदान पर बमुश्किल 500 दर्शक थे।

### टेस्ट डेब्यू के पहले ओवर में विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

| | |
|---|---|
| मोंटू बनर्जी बनाम वेस्टइंडीज | (1948) |
| मनोहर हार्दिकर बनाम वेस्टइंडीज | (1958) |
| वमन कुमार बनाम पाकिस्तान | (1961) |
| चेतन शर्मा बनाम पाकिस्तान | (1984) |
| डब्ल्यूवी रमन बनाम वेस्टइंडीज | (1988) |
| नीलेश कुलकर्णी बनाम श्रीलंका | (1997) |
| टिनू योहानन बनाम इंग्लैंड | (2001) |
| मानव सुथार बनाम अफगानिस्तान | (2026) |

### एक पारी में 5 विकेट लेने वाले दसवें गेंदबाज बने सुथार

मैच के नायक राजस्थान के श्रीगंगानगर के बाएं हाथ के स्पिनर सुथार रहे। पदार्पण में एक पारी के 5 विकेट चटकाने वाले वह भारत के दसवें गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन से भविष्य में रविंद्र जडेजा के विकल्प के तौर पर खुद को खड़ा कर दिया। भारत के पास टर्निंग पिचों पर विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं लेकिन 23 वर्ष के सुथार ने दिखा दिया कि वह सपाट पिचों पर भी विकेट ले सकते हैं।

## वनडे के बाद अब टी-20 की बारी, राह नहीं आसान

### 12 जून से इंग्लैंड में शुरू होगा टी20 विश्व कप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

8 महीने के अंदर दूसरा आईसीसी खिताब जीतने की कवायद में लगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम को 12 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में परचम लहराने के लिए व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर रहना पड़ सकता है, क्योंकि उसके सभी विभागों में कुछ न कुछ कमियां हैं। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा था लेकिन तब भी उसकी टीम को बीच में संघर्ष करना पड़ा था। ऐसे में जेमिमा रोड्रिग्स ने जिम्मेदारी संभाली और भारत को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुछ समय पहले तक ऐसा लग रहा था कि भारत ने सबसे छोटे प्रारुप में लगभग सभी विभाग में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड से लगातार दो श्रृंखला हारने से उसकी कमजोरियां उजागर हो गई हैं।



### शेफाली और स्मृति के प्रदर्शन पर संशय

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना का प्रदर्शन हाल ही में अच्छा नहीं रहा है। यही नहीं निचले क्रम के बल्लेबाज भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टीम की प्रमुख पावर हिटर ऋचा घोष 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच से पहले रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का प्रदर्शन भी बल्ले और गेंद दोनों से ही निराशाजनक रहा है।

**निशानेबाजी चयन**

## राही ने मनु को पछाड़ा, एशियाई खेलों के लिए ठोकी दावेदारी



एजेंसी ▶▶ देहरादून

एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल-4 (टी4) में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया।

उन्होंने फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस ट्रायल का आयोजन भारत की एशियाई खेलों की निशानेबाजी टीम के चयन के लिए किया जा रहा है। ओलंपियन राही पूरे फाइनल के दौरान लय में नजर आईं। उन्होंने 37 निशाने के साथ शीर्ष स्थान पक्का किया।

मनु भाकर 35 निशाने के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कर्नाटक की दिव्या टीएस ने 29 निशाने के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

### 22 निशाने के साथ पांचवें स्थान पर रिदम

*तमिलनाडु की निवेदिता वी. नायर 24 निशाने के साथ चौथे स्थान पर रहीं। ओलंपियन रिदम सांगवान 22 निशाने के साथ पांचवें स्थान पर रहीं जबकि पंजाब की अर्शदीप कौर ने 18 निशाने के साथ छठा स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र की अभिद्न्या अशोक पाटिल 13 निशाने के साथ सातवें स्थान पर रहीं, जबकि क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली मध्य प्रदेश की चिंकी यादव फाइनल में नौ हिट्स के साथ आठवें स्थान पर खिसक गईं। मनु क्वालीफिकेशन में दूसरे (584) जबकि अर्शदीप कौर और राही सरनोबत ने क्रमशः 579 (20 एक्स) और 579 (18 एक्स) अंकों के साथ तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया।*

### प्रज्ञानानंदा पर धनवर्षा, टीएन सरकार ने दी 50 लाख की राशि

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को 50 लाख रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रज्ञानानंदा ने ओस्लो में अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराकर खिताब जीता था। मुख्यमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को सम्मानित करने के बाद इस युवा ग्रैंडमास्टर के साथ शतरंज की एक बाजी भी खेली। प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में जीत को अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि मैग्नस कार्लसन सहित दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को हराना इस खिताब को विशेष रूप से यादगार बनाता है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2013 में हुई थी और इससे पहले कोई भी भारतीय खिलाड़ी इसे जीत नहीं पाया था।

## भारत ने जीते 3 स्वर्ण सहित 17 पदक

### उलानबटोर ओपन : टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल भारत

एजेंसी ▶▶ उलानबटोर

भारत ने उलानबटोर ओपन सीनियर रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार अंत किया जब प्रतियोगिता के अंतिम दिन दीपक (61 किग्रा), सागर जगलान (74 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।



इन तीनों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत पुरुष फ्रीस्टाइल में सात पदक हासिल करने में सफल रहा। भारत ने फ्रीस्टाइल, ग्रीकोरोमन और महिला कुश्ती में कुल मिलाकर 17 पदक जीते और टीम तालिका में शीर्ष तीन में शामिल रहा। दीपक ने कजाखस्तान के आसिल एताकिन को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से हराकर 61 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि दिनेश ने 125 किग्रा के फाइनल में कजाखस्तान के येदिगे कासिमबेक को 2-0 से हराया। सागर ने रूस के तामिर एशिनिमाएव को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर 74 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

### आज से ऑस्ट्रेलिया ओपन, शेट्टी करेंगे पुरुष एकल में चुनौती पेश

## सिंधू करेंगी खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ सिडनी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं। पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है।



### सिंधू का पहला मैच कैस्टिलो से

सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी, जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था। अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है।

### जिन वेई से मालविका का मुकाबला

महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा। अनमोल खरब को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, जबकि तान्या हेमंत का अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगा।

### प्रणय और मोहम्मद जाकी में भिड़ंत

पुरुष एकल में छठी वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी अपना पहला मैच क्वालीफायर के खिलाफ खेलेंगे। एचएस प्रणय का मुकाबला इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबा से होगा, जबकि किरण जॉर्ज पहले दौर में मलेशिया के जस्टिन होह का सामना करेंगे। पुरुष युगल में इंडोनेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन को पहले दौर में चीनी ताइपे के ली फांग-चिह और ली फांग-जेन की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अच्युतादित्य राव डोड्डावारापू और पोचना अर्जुन रेड्डी का मुकाबला चीन के हुआंग डि और लियू यांग से होगा।




## खजरी खिरिया में दुर्घटना, घर्षण की चिंगारी से दोनों वाहन जले

# हाईवा की टक्कर से कांग्रेस नेता की मौत



**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र अंतर्गत खजरी-खिरिया बाईपास पर रविवार देर रात 12 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से स्कूटर सवार युवक वाहन समेत हाईवा के नीचे फंस गया और करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। दुर्घटना के दौरान स्कूटर में आग लग गई, जिसने कुछ ही देर में हाईवा को भी अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक कांग्रेस नेता बताया गया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात लगभग 2 बजे खजरी-खिरिया बाईपास पर एक अनियंत्रित हाईवा ने पीछे से स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटर हाईवा के नीचे फंस गया और काफी दूरी तक घिसटता रहा। घर्षण के कारण उठी चिंगारियों से स्कूटर में आग लग गई, जो देखते ही देखते हाईवा तक फैल गई। घटना के समय बाईपास से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने घायल युवक को हाईवा के नीचे से बाहर निकाला। हालांकि दुर्घटना में युवक को गंभीर चोटें आई थीं तथा कमर से नीचे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।

सूचना मिलने पर माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह पवार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान माढ़ोताल क्षेत्र के शंकर नगर निवासी 39 वर्षीय अजीत चौधरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अजीत चौधरी कांग्रेस संगठन में पूर्व जिला सचिव के पद पर भी कार्य कर चुके थे।

### दुर्घटना के बाद दोनों वाहनों में लगी आग

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद स्कूटर सवार युवक करीब 50 मीटर तक सड़क पर घिसटता रहा। इस दौरान उठी चिंगारियों से दोनों वाहनों में आग लग गई, जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

### सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच के आधार पर वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। बताया गया है कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की पुष्टि के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# दुष्कर्म पीड़िता ने गर्भपात से किया इनकार हाईकोर्ट ने मां बनने की दी अनुमति

**नवजात के 16 वर्ष तक पालन-पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य का खर्च उठाएगी राज्य सरकार**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म से गर्भवती हुई एक नाबालिग पीड़िता के मामले में संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उसे बच्चे को जन्म देने की अनुमति प्रदान कर दी है। जस्टिस आरके वाणी की ग्रीष्म अवकाश कालीन सिंगल बेंच ने राज्य शासन को निर्देशित किया है कि नवजात के 16 वर्ष की आयु तक उसकी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और अन्य आवश्यक जरूरतों का खर्च वहन किया जाए।

कोर्ट ने यह आदेश खरगौन जिले के से जुड़े एक पाक्सो प्रकरण में पारित किया। गर्भावस्था 24 सप्ताह से अधिक होने तथा पीड़िता के नाबालिग होने के कारण मंडलेश्वर स्थित विशेष पाक्सो न्यायालय ने मार्गदर्शन हेतु प्रकरण हाई कोर्ट को प्रेषित किया था, जिस पर संज्ञान लेकर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान पीड़िता अपने माता-पिता के साथ न्यायालय में उपस्थित हुई।

अदालत के समक्ष उसने स्पष्ट कहा कि वह गर्भपात नहीं कराना चाहती और बच्चे को जन्म देना चाहती है। उसके माता-पिता ने भी इस निर्णय का समर्थन किया। पीड़िता एवं उसके परिवार की इच्छा को सर्वोपरि मानते हुए हाई कोर्ट ने गर्भसमापन संबंधी कार्यवाही समाप्त कर दी। साथ ही राज्य सरकार और जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि गर्भावस्था के दौरान तथा प्रसव के बाद मां और नवजात को समुचित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उपचार, प्रसव और पोषण से जुड़े सभी खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी।

# केंद्रीय जेल में लगा विधिक जागरुकता शिविर

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में केंद्रीय कारागार, जबलपुर में विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की सचिव शक्ति वर्मा ने बताया कि बंदियों को अनेक कानूनी अधिकार प्राप्त हैं। जिनमें गिरफ्तारी के कारणों को जानने का अधिकार, अपने वकील से मिलने का अधिकार, और उचित सुनवाई का अधिकार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बंदियों को मानवीय व्यवहार और गरिमा का अधिकार है और उन्हें बुनियादी सुविधाएं जैसे कि भोजन, पानी, चिकित्सा देखभाल और साफ-सुथरा वातावरण पाने का भी अधिकार है। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अमर बर्मन, अविनाश चैधरी, एलएडीसीएस वेदांत पटेल, गौरव पाठक, केन्द्रीय जेल जबलपुर से राहुल चौरसिया, विवेकानन्द शर्मा, जेल स्टाफ व बंदीजन मौजूद रहे।

# 2 लाख के चोरी के सरिया बरामद, 3 गिरफ्तार



**जबलपुर।** भेड़ाघाट थानांतर्गत तेवर रोड स्थित एक निजी स्टील सयंत्र के यार्ड में रखे 2 लाख रुपये के सरिया अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। सयंत्र के प्रबंधक ने घटना की सूचना से मालिक को अवगत कराया है जिसके आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। भेड़ाघाट पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि ग्राम सिलुआ सिहोरा निवासी कमलेश अवस्थी तेवर रोड स्थित आदिनाथ स्टील्स में पिछले 10 वर्षों से मैनेजर का काम देख रहा है। गत 27 अप्रैल को जब वह प्लान्ट पहुंचा तो देखा कि प्लान्ट के मैदान में रखे सरिया के बंडल कम दिखाई दे रहे हैं उसने जब बंडलों की गिनती की तो पता चला कि 90 सरिया के बंडल गायब थे जिनकी कीमत 2 लाख बताई गई है। इन बंडलों को कोई अज्ञात चोर ले गया था। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपियों तक अपनी पहुंच बना ली, और ग्राम पड़वार बरेला निवासी सोनू काछी, लेखराम गुड्डू पटेल निवासी पनागर, चेतराम यादव निवासी लम्हेटी को हिरासत में लिया और चोरी का खुलासा कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों से दो लाख रुपए का 27 बंडल सरिया और वाहन जब्त कर लिए है।

# ब्रेक फैल होने से सरिया लदा ट्रक पलटा, चालक की मौत


**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत नागाघाटी के समीप सोमवार की सुबह रायपुर से लोहे की सरिया लादकर जबलपुर की ओर आ रहा ट्रक अचानक ब्रेक फैल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका परिचालक घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर



पहुंचे पुलिस दल ने मृतक के शव को पंचनामा पश्चात पीएम के लिए रवाना किया, तथा घायल परिचालक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रक को हटाया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक पलटने से मृत हुआ चालक यूपी के लखीमपुर का रहने वाला इंजमाम अली बताया जा रहा है। पुलिस ने परिजनों को घटना से अवगत करा दिया है।

# खजुराहो संसदीय क्षेत्र को रेल मंत्री की बड़ी सौगात, हैदराबाद के लिए मिलेगी डायरेक्ट ट्रेन

**कटनी।** खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए रेल मंत्रालय ने एक और महत्वपूर्ण सौगात दी है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के विशेष प्रयासों से क्षेत्र को हैदराबाद के लिए सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद विष्णु दत्त शर्मा को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि गाड़ी संख्या 20158/20157 रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस के संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह ट्रेन रीवा से कटनी मुड़वारा होते हुए हैदराबाद (चर्लपल्ली) तक जाएगी। नई ट्रेन सेवा शुरू होने से खजुराहो संसदीय क्षेत्र एवं कटनी जिले के यात्रियों को दक्षिण भारत के प्रमुख शहर हैदराबाद तक सीधे यात्रा की सुविधा मिलेगी। इससे क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी और यात्रियों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार लगातार क्षेत्र के विकास और बेहतर यातायात सुविधाओं के लिए कार्य कर रही है।



**रीवा-चर्लपल्ली एक्सप्रेस कटनी मुड़वारा होकर करेगी संचालन**




# युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

**जबलपुर।** शादी डॉट कॉम मैट्रीमोनी साइट पर फर्जी नाम से आईडी बनाकर शहर की एक युवती को अपने जाल में फंसाने वाले शादीशुदा आरोपी को महिला थाना पुलिस ने बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवती के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस उसे जबलपुर लेकर आई और कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेंगलुरु के रहने वाले शादीशुदा युवक आदित्य सिंह ने पंकज सिंह के नाम से एक फर्जी प्रोफाइल बनाई थी। शादी डॉट कॉम पर दोस्ती होने के बाद आरोपी ने खुद को कुंवारा बताकर युवती से नजदीकियां बढ़ाईं। वह कई बार पीड़िता से मिलने के लिए शहर आया और यहां के होटल मैक्स, होटल शगुन और होटल एप्पल ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसने चोरी-छिपे युवती के कुछ आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें भी ले लीं। जब पीड़िता को आरोपी की असलियत और उसकी शादी के बारे में पता चला, तो उसने उससे बातचीत बंद कर दी। इसके बाद आरोपी आदित्य सिंह उसे वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने 14 मार्च को महिला थाने में आईटी एक्ट और धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद भी जब आरोपी की हरकतें बंद नहीं हुईं, तो 28 मार्च को युवती ने दोबारा पुलिस को बयान दिए, जिसके बाद मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई और पुलिस टीम ने बेंगलुरु जाकर आरोपी को दबोच लिया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240